

नव प्रदेश

www.navpradesh.com

रायपुर, गुरुवार 14 अक्टूबर 2021, शुक्ल पक्ष नवमीं, विक्रम संवत-2077 वर्ष-10 अंक-242 पृष्ठ-08 मूल्य-3 रुपए

रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

प्यास लगने पर ही कुआं खोदोगे तो वहीं होगा जो नई दिल्ली, राजस्थान और उत्तर प्रदेश का होने जा रहा है। कोयले की किल्लत के चलते इन तीनों राज्यों में विद्युत उत्पादन ठप हो सकता है। कोरोनाकाल में अधिकांश उद्योगों के बंद होने से बिजली की मांग घट गई तो इन राज्यों ने कोयला खरीदना ही बंद कर दिया। यही नहीं बल्कि कोयले के बकाया 600 करोड़ रूपए का भगुतान भी नहीं किया। अब इन राज्यों में विद्युत संकट गहराने लगा है तो हाय तौबा मचा रहे है। इतना भी नहीं समझते कि बबूल बोओगे तो आम कहा से पाओगे?

सूर्योदय

उदय : 6:26 प्रात:

अस्त : 6:46 संध्या

जनसंख्या

विश्व : 7,899,497,980

भारत : 1,397,694,840

बाजार

सेंसेक्स : 60737.05

निफ्टी : 18161.75

गोल्ड : 48,695 प्रति 10 ग्राम

चांदी : 47,940 प्रति किग्रा

अण्डा दर : 4.31 प्रति नग

दिवस

विश्व मानक दिवस : विश्व मानक दिवस 14 अक्टूबर 2019 को मनाया जाता है। यह दिन हर साल मनाया जाता है। वैश्विक अर्थव्यवस्था के मानकीकरण के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए दिन मनाया जाता है। यह दिन अंतर्राष्ट्रीय इलेक्ट्रोटेक्निकल कमीशन, अंतर्राष्ट्रीय मानकीकरण संगठन और अंतर्राष्ट्रीय दूरसंचार संघ, इंस्टीट्यूट ऑफ इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स इम्प्लॉइज, इंटरनेट इंजीनियरिंग टास्क फोर्स आदि के सदस्यों द्वारा विश्व स्तर पर मनाया जाता है।

पीएम मोदी ने किया गति शक्ति योजना का आगाज

वर्क इन प्रोग्रेस का बोर्ड लगा देते थे, पर काम लटका ही रह जाता था : पीएम

नई दिल्ली (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को पीएम गति शक्ति नेशनल मास्टर प्लान का शुभारंभ किया। 100 लाख करोड़ रुपए की इस योजना के तहत रेल और सड़क समेत 16 मंत्रालयों को डिजिटली कनेक्ट किया जाएगा। इससे इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट प्रोजक्ट्स में तेजी आएगी। इसके तहत शुरुआत में 16 ऐसे मंत्रालयों की पहचान की गई है जो बेसिक इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट का काम देखते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 अगस्त को गति शक्ति योजना का ऐलान किया था। इस अवसर पर पीएम मोदी ने कहा कि आज दुर्गा अष्टमी है। पूरे देश में आज कन्या पूजन हो रहा है। आज देश की प्रगति को ■ **शेष पृष्ठ 6 पर**

सरकारी विभागों में तालमेल की कमी

पीएम मोदी ने अपने संबोधन के दौरान कहा कि सरकारी विभागों के बीच आपसी तालमेल की कमी देखी जाती है। इस वजह से जो प्रोजेक्ट अर्थव्यवस्था को मजबूती देने वाले होते थे। वे ही कमजोर पड़ जाते थे। कई प्रोजेक्ट्स लटक जाते थे। मैं 2014 में जब प्रधानमंत्री बना तो देश में लाखों करोड़ों के प्रोजेक्ट अटके पड़े थे। हमने सारी रुकावटों को दूर करने का प्रयास किया। उन्होंने आगे कहा कि कहीं सड़क बनने के बाद पानी की पाइपलाइन डालने के लिए उसे खोद दिया जाता है। कहीं सड़क विभाग डायवर्जन बना देता है, ट्रैफिक पुलिस कहती है उससे जाम लग रहा है। ऐसे कई उदाहरण हैं। इनका समन्वय करने में दिक्कत आती थी। इससे बजट की भी बर्बादी होती है।

तेजी से काम कर रहा भारत

प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले 70 सालों की तुलना में भारत तेजी से काम कर रहा है। पहली नेचुरल गैस पाइपलाइन 1987 में कमीशन हुई थी। फिर साल 2014 तक 27 साल में देश में 15 हजार किलोमीटर नेचुरल गैस पाइपलाइन बनी। आज देशभर में 16 हजार किलोमीटर से ज्यादा गैस ■ **शेष पृष्ठ 6 पर**

सरकार में भावना नहीं होती थी

पीएम ने कहा कि टैक्स के पैसे को इस्तेमाल करते वक्त सरकार में भावना नहीं होती थी कि उसको बर्बाद ना होने दिया जाए। लोगों को भी लगने लगा कि ऐसा ही चलता रहेगा। हर जगह वर्क इन प्रोग्रेस लिखा दिखता था। लेकिन वह काम ■ **शेष पृष्ठ 6 पर**

गति शक्ति नेशनल मास्टर प्लान

प्रधानमंत्री गति शक्ति नेशनल मास्टर प्लान औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के साथ-साथ एयरपोर्ट, नई सड़कों और रेल योजनाओं समेत यातायात की व्यवस्था को दुरुस्त करना और इसके जरिए युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा करना होंगे। इस डिजिटल मंच की मदद से विकास कार्यों ■ **शेष पृष्ठ 6 पर**

लखीमपुर हिंसा की लड़ाई राष्ट्रपति भवन पहुंची

राहुल-प्रियंका समेत 7 कांग्रेस नेता राष्ट्रपति से मिले

- **केंद्रीय मंत्री अजय मिश्र की बर्खास्तगी और सिटिंग जज से जांच की मांग की**

नई दिल्ली (एजेंसी)। लखीमपुर हिंसा की लड़ाई अब राष्ट्रपति भवन तक पहुंच गई है। बुधवार को कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की अगुवाई में एक प्रतिनिधि मंडल ने राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद से मुलाकात की। कांग्रेस नेताओं ने राष्ट्रपति को लखीमपुर हिंसा से जुड़े तथ्य और ज्ञापन सौंपा है। कांग्रेसी नेताओं ने इस मामले में आरोपी आशीष मिश्र के पिता केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र को उनके पद से हटाने की मांग की है। राष्ट्रपति से मिलने वाले कांग्रेस के डेलिगेशन में प्रियंका गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे, एके एंटनी और गुलाम नबी आजाद और लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी और संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल भी शामिल थे। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद से मिलने के बाद कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि लखीमपुर खीरी में पीड़ित परिवारों कि मांग है ■ **शेष पृष्ठ 6 पर**

21 को आईजी-एसपी और 22 को कलेक्टरों की क्लास लेंगे सीएम

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की अध्यक्षता में पुलिस महानिरीक्षकों एवं पुलिस अधीक्षकों की कॉन्फ्रेंस 21 अक्टूबर को सबेरे 10 बजे रायपुर के न्यू सर्किट हाउस ऑडिटोरियम में आयोजित की गई है। सीएम आईजी व पुलिस अधीक्षकों से अपराध को लेकर समीक्षा करेंगे। वहीं 22 अक्टूबर को कलेक्टर्स कान्फ्रेंस आयोजित की गई है। मुख्यमंत्री बैठक में लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत प्राप्त प्रकरणों के निराकरण, राजस्व विभाग के अंतर्गत नामांतरण, सीमांकन, बंटवारा के प्रकरणों के निराकरण तथा खरीफ 2021 के अंतर्गत गिरदावरी कार्य की प्रगति, नजूल भूमि के व्यवस्थापन, आबंटन, नजूल एवं आबादी भूमि फ्री होल्ड की स्थिति, राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना में अब तक पंजीकृत मजदूरों की स्थिति, स्वामी आत्मानंद स्कूलों के संचालन, इस योजना के अंग्रेजी और हिन्दी माध्यम स्कूलों में शिक्षकों की नियुक्ति, अधोसंरचना विकास कार्यों की प्रगति, आईटीआई हायर सेकेण्डरी स्कूल में स्किल डेव्हलपमेंट योजना की प्रगति, गौठानों के निर्माण, गौठानों में रूरल इंडस्ट्रियल पार्क तथा चारागाह निर्माण की प्रगति, गोधन न्याय योजना के अंतर्गत क्रय किए गए गोबर, निर्मित खाद, खाद के विक्रय, गौठानों को मल्टी एक्टीविटी सेंटर के रूप में विकसित करने के कार्य, राजीव गांधी किसान न्याय योजना, नरवा, गरवा, घुरवा, बाड़ी योजना की समीक्षा करेंगे। वहीं समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की तैयारियों, जल जीवन मिशन की प्रगति, कोविड-19 की संभावित वेव से निपटने की तैयारियों, हाट बाजार क्लिनिक योजना, शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना, सस्ती दवा योजना, शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में ईडब्ल्यूएस वर्ग हेतु आरक्षित 15 प्रतिशत भूमि ■ **शेष पृष्ठ 6 पर**

बिजली संकट टालने दो लाख टन कोयले की आपूर्ति: जोशी

नवप्रदेश संवाददाता

बिलासपुर। देश में कोयले की कमी से बिजली संकट आने की संभावना को ध्यान रखते हुए केन्द्रीय कोयला मंत्री आज बिलासपुर पहुंचे। यहां वे सड़क मार्ग से गेवरा खदान निरीक्षण करने के लिए चले गए। गेवरा से झारखंड के लिए रवाना होंगे।

चकरभाठा एयरपोर्ट पर पत्रकारों से चर्चा करते हुए केन्द्रीय कोयला मंत्री प्रहलाद जोशी ने कहा कि बिजली मंत्रालय ने हमसे 1.9 मिलियन टन कोयले की मांग की थी तथा 20 अक्टूबर के बाद 2 मिलियन टन की जरूरत बताई गई। हमने आज ही 2 मिलियन टन कोयले की सप्लाई कर दी है। जिससे अब देश में बिजली का संकट नहीं होगा।

मालूम हो कि केन्द्रीय कोयला मंत्री सुबह 11 बजे हेलिकाप्टर से गेवरा जाने वाले थे, लेकिन तकनीक खराबी के कारण वे सड़क मार्ग से गेवरा के लिए गए। वहां से 3 बजे वापस आकर 4 बजे के करीब झारखंड के लिए रवाना होंगे। एयरपोर्ट पर कोयला मंत्री की अगुवाई करने नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक, बिलासपुर सांसद अरुण ■ **शेष पृष्ठ 6 पर**

हेलिकाप्टर से जाना था गेवरा

केन्द्रीय कोयला मंत्री हेलिकाप्टर से गेवरा जाने वाले थे, लेकिन व्यवस्था न होने के कारण सड़क मार्ग से गेवरा के लिए रवाना हुए। गौरतलब है कि कोल इंडिया के पास हेलिकाप्टर था जिसे 3 साल पहले दिल्ली मंगवाया लिया गया है।

आर्यन को जमानत नहीं मिल पाई

मुंबई। ड्रग्स केस के आरोपी शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान को आज की रात भी जेल में ही काटनी होगी। बुधवार को उनकी बेल अर्जी पर करीब तीन घंटे तक सुनवाई चली और कोई फैसला नहीं आया। कोर्ट ने अब गुरुवार को इस पर सुनवाई की बात कही है। गुरुवार को सुबह 11 बजे के बाद ही इस मामले पर अब सुनवाई होगी। ऐसे में जेल से बाहर आने का आर्यन खान का इंतजार लंबा हो गया है।बेल पर सुनवाई के दौरान एनसीबी ने कहा कि आर्यन खान और एक विदेशी नागरिक के बीच चैट पाई गई है।

पूर्व पीएम मनमोहन सिंह की तबीयत बिगड़ी

दिल्ली एम्स में भर्ती

नई दिल्ली (ए.)। भारत के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह की बुधवार को अचानक तबीयत बिगड़ गई है। उन्हें सांस लेने में दिक्कत का सामना करना पड़ रहा था और वह लगातार चेस्ट कंजेशन की शिकायत कर रहे थे। इसके बाद उन्हें बुधवार शाम 6:15 दिल्ली एम्स के कार्डियो न्यूरो टावर में भर्ती कराया गया है। पूर्व प्रधानमंत्री का इलाज न्यूरो के डॉक्टर अचल श्रीवास्तव और दिल के डॉक्टर नीतीश नायक इलाज कर रहे हैं। फिलहाल उनकी तबीयत स्थिर है।

आपको बता दें कि 89 वर्षीय डॉ. मनमोहन सिंह को शुगर की भी बीमारी है। वहीं, इसी साल 19 अप्रैल को वह कोरोना पॉजिटिव पाए गए थे जिसके बाद उन्हें एम्स के ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया था। इसके बाद 29 अप्रैल को उन्हें एम्स के ट्रॉमा सेंटर से छुट्टी दे दी गई थी। इससे पहले पूर्व पीएम की दो बायपास सर्जरी भी हो चुकी है। उनकी पहली सर्जरी साल 1990 में यूके में हुई थी, जबकि 2009 में एम्स में उनकी दूसरी बायपास सर्जरी की गई थी। पिछले साल मई के महीने में भी उन्हें बुखार के चलते अस्पताल में भर्ती होना पड़ा था।

दुर्ग में बैंक कर्मी से 15 लाख की लूट

- **तीन बदमाशों ने बंदूक के बल पर वारदात को दिया अंजाम**

दुर्ग/नवप्रदेश। दुर्ग में बुधवार की सुबह लगभग 11 बजे बैंक कर्मी से एक बड़ी लूट की वारदान सामने आयी है। बैंक कर्मी से 15 लाख रुपए की लूट हुई है। बहरहाल पुलिस लुटेरों की तलाश में जुटी है। घटना दुर्ग के मोहन नगर थाना क्षेत्र की है। बताया जा रहा है कि इंडियन बैंक का कैशियर राहुल चौहान बैंक की एक शाखा से 15 लाख रुपए लेकर दूसरी शाखा में जमा कराने जा रहा था। तभी उजाला भवन के पास बंदूक के जोर पर तीन अज्ञात बाइक सवार लुटेरों ने कैशियर से रुपए लूट लिए। पीड़ित बैंक कर्मी ने घटना की सूचना अपने ब्रांच में दी। इसके बाद मोहन नगर थाने में शिकायत की गई। बड़ी लूट की वारदात सुनते ही पुलिस के आला अफसर घटनास्थल पहुंचे। आरंभिक तौर पर पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज चेक किया। बहरहाल अपराध दर्ज कर लुटेरों की पतासाजी की जा रही है।

सीएम ने आरएसएस की तुलना नक्सलियों से की भाजपा बोली - ये उनकी वामपंथी सोच का परिणाम

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। छग के कवर्धा में भले ही अब शांति व्यवस्था कायम हो गई है, लेकिन यहां हुए साम्प्रदायिक हिंसा के बहाने भाजपा और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ से जुड़े संगठनों का विरोध-प्रदर्शन जारी है। इस बीच, प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आरएसएस व भाजपा पर बड़ा जुबानी हमला किया है। मुख्यमंत्री ने आरएसएस की तुलना नक्सलियों से कर दी। बुधवार को बिलासपुर माता महामाया के दर्शन के लिए रतनपुर रवाना होने से पहले रायपुर हैलिपैड पर मीडिया से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भाजपा व आरएसएस पर बड़ा हमला बोला। उन्होंने कहा कि अब इनके पास छत्तीसगढ़ में कोई मुद्दा रहा नहीं। ये लोग किसानों, मजदूरों, आदिवासियों, अनुसूचित जाति, व्यापार और उद्योग के बारे में बात नहीं कर सकते। धर्मांतरण और साम्प्रदायिकता पर ही लड़ाने का काम कर रहे हैं।

सीएम ने कहा है कि जिस तरह छत्तीसगढ़ में सक्रिय नक्सलियों को उनके आंध्रा में मौजूद लीडर आदेश देते हैं उसी तरह इन भाजपाइयों को भी आरएसएस के मुख्यालय नागपुर से आदेशित किया जाता है। उन्होंने कहा है कि छत्तीसगढ़ में आरएसएस के लोग बंधुआ-मजदूर की तरह काम करते रहे है, आज भी इनकी कोई नहीं चलती। छत्तीसगढ़ में जैसे नक्सलियों का नेता आंध्रप्रदेश में है और वहीं से ही इनका मूवमेंट संचालित होता है, वैसे ही छत्तीसगढ़ में आरएसएस के पास अपनी कोई क्षमता नहीं है, जो चलता है, नागपुर से चलता है। सीएम के इस बयान के बाद सियासी घमासान मच गया है। मुख्यमंत्री ■ **शेष पृष्ठ 6 पर**

विरोध

अपना गांव वापस मांगा, कहा- हमें नहीं चाहिए ऐसा शहर

22 गांव के ग्रामीण 270 किमी चलकर राजभवन पहुंचे

रायपुर/नवप्रदेश। बस्तर के आदिवासियों ने विरोध का एक अनूठा तरीका अपनाया। दरअसल, गांव को नगर पंचायत बनाने के विरोध में करीब 22 गांव के सैकड़ों लोग 270 किलोमीटर का पैदल सफर कर रायपुर पहुंचे और राजभवन की तरफ कूच करने लगे। बस्तर नगर पंचायत से रायपुर पहुंचे ग्रामीणों को पुलिस ने राजभवन के पहले ही रोक लिया। जहां ग्रामीण सत्यागहियों वाले अंदाज में वहीं जमीन पर बैठकर विरोध जताने लगे। जब राजभवन को इसकी जानकारी हुई तो ग्रामीणों के एक प्रतिनिधि मंडल को राज्यपाल से मिलने के लिए बुलाया गया। उनके प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल अनुसूईया उइके से मुलाकात कर कहा, उन्हें उनका गांव ही लौटा दिया जाए।

बस्तर से रायपुर पहुंचे ग्रामीणों का नेतृत्व कर रहे बस्तर नगर पंचायत के पार्षद रामचंद्र बघेल ने बताया कि 2008 में बस्तर सहित 22 गांवों को मिलाकर नगर पंचायत बनाया गया था। लेकिन लोग इतने सालों में नगरीय प्रशासन विभाग की व्यवस्था से तंग आ चुके हैं। उनके कई गांव बस्तर की मुख्य आबादी से दूर जंगल और नालों के पार हैं। वहां तक कोई सुविधा नहीं पहुंची है। सड़कें, नालियां, पेयजल की सुविधा शून्य है। नगर पंचायत हो जाने से मनरेगा का रोजगार ■ **शेष पृष्ठ 6 पर**

गोंडवाना भवन में गुजारी रात

मंगलवार को देर शाम रायपुर पहुंचने के बाद उन्हें गोंडवाना भवन में ठहराया गया। सर्व आदिवासी समाज के नेता सोहन पोटाई, पूर्व केंद्रीय मंत्री अरविंद नेताम, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष बीएस रावट के को जानकारी हुई तो इनका स्वागत करने पहुंचे। उन्हें गोंडवाना भवन में ठहराया गया। फिर बुधवार की दोपहर गोंडवाना भवन से राजभवन के लिए निकले।

3 अक्टूबर से शुरु हुई थी पदयात्रा

राजभवन पहुंचे बुधराम बघेल, मोतीराम कश्यप, श्रीधर, मंगल, लुंदरू समेत अन्य ग्रामीणों ने बताया कि उनकी पदयात्रा 3 अक्टूबर से शुरू हुई थी। ग्रामीणों ने तिरंगे झंडे और संविधान की प्रति लेकर पैदल चलना शुरू किया। जोबा, फरसपाल, केशकाल, सींगारभाट होते हुए वे 7 अक्टूबर की शाम तक बाबुकोहका पहुंच गए थे। 8 अक्टूबर को वहां से चलना शुरू किया तो राजाराव पठार होकर 9 अक्टूबर की रात धमतरी पहुंच गए। 10 अक्टूबर को वे लोग कुरुद पहुंचे, वहां से अभनपुर में रुके और मंगलवार की रात रायपुर पहुंच गए।

असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती के लिए पीएचडी की अनिवार्यता नहीं

यूजीसी ने 2 साल तक बढ़ाई छूट

नई दिल्ली (एजेंसी)। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, यूजीसी ने देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों में असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती के लिए निर्धारित योग्यताओं में एक बार फिर बदलाव किया है. केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान द्वारा की गई घोषणा के मद्देनज़र, यूजीसी ने अब असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती के लिए अनिवार्य पीएचडी की आवश्यकता को हटा दिया है. आयोग ने अगले 2 वर्षों के लिए यह छूट बढ़ाई है. जारी नियम के अनुसार, जुलाई 2023 तक पीएचडी की अनिवार्यता खत्म रहेगी. विभिन्न विश्वविद्यालयों में भर्ती को सुविधाजनक बनाने की दिशा में एक कदम के तहत, यूजीसी ने अनिवार्य पीएचडी की प्रयोज्यता की डेट 01 जुलाई, 2021 से बढ़ाकर 1 जुलाई, 2023 करने का निर्णय लिया है. आयोग द्वारा जारी नोटिस के अनुसार, उच्च शिक्षा के शीर्ष निकाय यूजीसी ने विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में शिक्षकों और अन्य शैक्षणिक कर्मचारियों की नियुक्ति के लिए न्यूनतम योग्यता और उच्च शिक्षा में मानकों के नियमों में संशोधन किया है. अब 1 जुलाई, ■ **शेष पृष्ठ 6 पर**

न्यूज गैलरी

राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव के लिए 15 अक्टूबर तक कर सकते हैं आवेदन

दुर्ग (नव प्रदेश)। राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव 2021 के आयोजन के अंतर्गत दुर्ग जिले में तीन आदिवासी दलों का चयन किया जाना है। चयनित लोक नर्तक दलों को संभाग स्तर के आयोजन में सम्मिलित किया जाएगा। तीन दलों के चयन हेतु प्रतियोगिता विभागीय छात्रावास मालवीय नगर चैक दुर्ग में आयोजित की गई है, जिसका थीम विवाह, फसल कटाई, पारंपरिक त्यौहार और अन्य/ओपन कैटेगरी रखा गया है। इच्छुक आदिवासी लोक नर्तक दल कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कलेक्ट्रेट परिसर दुर्ग में 15 अक्टूबर तक आवेदन कर सकते हैं।

भू-खंड विभाजन के लिए दावा-आपत्ति आमंत्रित

दुर्ग (नव प्रदेश)। छत्तीसगढ़ स्टेट इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड प्रथम तल उद्योग भवन रिंग रोड नंबर-1 तेलीबांधा रायपुर में जो ग्राम बोरई औद्योगिक विकास केंद्र के भू-खंड क्रमांक-2-सी एवं ए-5 हेतु भू-खंड स्वामी के द्वारा विभाजन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। कोई भी व्यक्ति उक्त विभाजन के बारे में अपनी आपत्ति और सुझाव 15 दिन के भीतर प्रभारी संयुक्त संचालक नगर तथा ग्राम निवेश दुर्ग को प्रस्तुत कर सकता है।

निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे ने सड़क डामरीकरण का किया निरीक्षण

भिलाईनगर (नव प्रदेश)। निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे ने आज वार्ड 27 घासीदास नगर क्षेत्र में सड़क डामरीकरण का निरीक्षण किया। 91.39 लाख की लागत से लगभग 3 किलोमीटर सड़क डामरीकरण का कार्य अभिजीत नाहटा के द्वारा किया जा रहा है। 1.56 किलोमीटर डामरीकरण का कार्य पूर्ण हो चुका है और भी अन्य स्थानों पर डामरीकरण का कार्य किया जाना है। एजेन्सी ने फरवरी - मार्च में डामरीकरण का कार्य प्रारंभ किया था, बारिश के पूर्व मई-जून के महीने में कार्य की रफ्तार बढ़ी और सड़क का डामरीकरण होने लगा। पहले यह सड़क बहुत जर्जर अवस्था में थी, डामरीकरण होने से लगभग 3000 लोगो को इससे राहत मिली है। घासीदास नगर का मुख्य बाजार भी इस सड़क के जद में आता है, यहां से सड़क प्रारंभ होकर मुख्य मार्ग में जाकर मिलती है।

सर्किट हाउस के पहले कमरे में ही दिखा राज गीत, मुख्यमंत्री ने की प्रशंसा

3 करोड़ 86 लाख रुपए की लागत में बना है पाटन का सर्किट हाउस

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने आज पाटन के सर्किट हाउस का लोकार्पण किया। सर्किट हाउस 3 करोड़ 86 लाख रुपए की लागत से बना है। मुख्यमंत्री ने पूजा अर्चना के पश्चात सर्किट हाउस में प्रवेश किया। इसके हॉल में ही छत्तीसगढ़ का राज्य गीत अरपा पैरी के धार अंकित किया गया है। मुख्यमंत्री ने इसे देखकर खुशी जताई। उन्होंने कहा कि यह कार्य आप लोगों ने बहुत अच्छा किया है। प्रदेश के राज गीत को जहां भी देखो, बहुत गौरव की भावना मन में आती है। मुख्यमंत्री ने यहां बैठक कक्ष का निरीक्षण भी किया। यह कक्ष सर्किट हाउस में छोटी बैठकों के लिए बनाया गया है। मुख्यमंत्री ने इस बैठक कक्ष के नामकरण के लिए सुझाव आमंत्रित किए। उपस्थित सदस्यों में किसी ने कहा कि हॉल का नाम बैठका होना चाहिए, किसी ने कहा कि हाल का नाम कुरिया होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि हॉल का चाहे जो भी नाम रखें इसके नामकरण में हमारी मिट्टी की झलक नजर आए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सर्किट हाउस में आप लोगों ने सुंदर कलाकृति अभी लगाई है ऐसा हमारे परंपरागत घरों में होता है अपने घरों को हम सुंदर-सुंदर कलाकृतियों से सजाते हैं। जनपद पंचायत भवन का भी किया लोकार्पण - मुख्यमंत्री ने इस मौके पर जनपद पंचायत भवन का भी लोकार्पण किया। इस भवन की लागत 1 करोड़ 30 लाख रुपये है। जनपद पंचायत के नए प्रशासनिक भवन के बनने से जनपद सदस्यों, अधिकारियों-कर्मचारियों के बैठने की दिक्कत दूर होगी। साथ ही यहां हितग्राहियों की भी दिक्कतें दूर होंगी। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर कहा कि कार्यालयों में नागरिकों के लिए जितनी अधिक सुविधा बढ़ाई जाए उतना ही प्रशासन की नजदीकी नागरिकों से होती है। हमारी पहली प्राथमिकता होनी चाहिए कि जो नागरिक सरकारी कार्यालयों में आए उनका काम जल्द से जल्द हो सके। साथ ही कार्यालयों में लोगों के लिए बैठने पेयजल आदि के लिए बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध हो सके। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने जनपद संसाधन केंद्र का लोकार्पण भी किया। जनपद संसाधन केंद्र एक करोड़ 26 लाख रुपए की लागत से बना है।

मुख्यमंत्री ने लगभग 80 लाख रुपए की लागत से बने एसडीएम कार्यालय का उद्घाटन भी किया।

अवैध पार्किंग के खिलाफ निगम ने बस चालकों पर लगाया जुर्माना

दुर्ग। नगर निगम,आयुक्त हरेश मंडावी के दिशा निर्देश पर अतिक्रमण अधिकारी दुर्गेश गुप्ता और प्रभारी बाजार अधिकारी थानसिंह यादव ने नलघर शॉपिंग कम्प्लेक्स के पास अवैध पार्किंग करने वालों के खिलाफ बुधवार को अभियान चलाया। निगम टीम ने 2 बसों के चालकों पर जुर्माना की कार्रवाही की गई। निगम की टीम दल बल के साथ नलघर शॉपिंग कम्प्लेक्स पहुंची। जुर्माना वसूलने के बाद अवैध पार्किंग करने वालों को हिदायत के साथ शख्त चेतवानी कि नल घर के आसपास पार्किंग न करें वरना दुर्ग नगर निगम अधिनियम 1956 के तहत कार्रवाई की जाएगी। नलघर शॉपिंग कम्प्लेक्स के पास के किनारे अक्सर बस और अन्य गाड़ियों की घुलाई वाहनों की लाइन लगी रहती है। पूर्व में भी निगम की ओर से समझाइस और चेतावनी दी गई थी। कार्रवाई के दौरान अतिक्रमण अधिकारी दुर्गेश गुप्ता, प्रभारी बाजार अधिकारी थानसिंह यादव, शशिकांत यादव, भुवंदास साहू के अलावा टीम मौजूद थे।

चैनेलाइजेशन कार्य के कछुआ चाल पर आयुक्त ने जताई नाराजगी

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई नगर। कोसानाला शहर का महत्वपूर्ण नाला है। इस नाले में उफान आने से बारिश के दिनों में नीचली बस्तियों में पानी भर जाता है। इस वजह से खासकर बारिश के दिनों में हजारों परिवारों को बड़ी समस्या का सामना करना पड़ता है। विगत कई वर्षो से निचली बस्तियों के लोग इस समस्या से छुटकारा की मांग करते रहे हैं। जिस पर निगम प्रशासन ने इस समस्या को संज्ञान में लेते हुए नाला का सौंदर्यीकरण एवं विकास कार्य कराने का कार्य जनवरी माह से प्रारंभ कर दिया है, परंतु कार्य की धीमी प्रगति के चलते समस्या से राहत नहीं मिल पा रही है। निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे ने कार्य को लेकर फील्ड का निरीक्षण किया और नाला के दोनों तरफपहुंचे। उन्होंने कार्य की धीमी प्रगति को लेकर गहरी नाराजगी व्यक्त की। लोगों से जुड़े महत्वपूर्ण कार्य को तीव्र गति से गुणवत्ता पूर्ण करने के निर्देश उन्होंने कार्यपालन अभियंता संजय शर्मा को दिए। उल्लेखनीय है कि कोसानाला में 17 करोड़ की लागत से चैनेलाइजेशन/रिर्टनिंग वाल बनाया जा रहा है, जिसकी शुरुआत 10 माह पूर्व से हो चुकी है। इसका कार्य मैसर्स रायपुर कंट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड बबला कांप्लेक्स को दिया गया है। कोसानाला के आसपास का सौंदर्यीकरण किया जाना है। यही नहीं करीब 5 जगह पर पुल भी बनाएं जाएंगे। जिससे आने वाले दिनों में शहर के नीचली बस्तियों के हजारो परिवारों को नाला का पानी गली में व लोगों के घरों में घूसने जैसी समस्याओं का सामना नहीं करना पड़ेगा। नेहरू नगर जोन के आयुक्त मनीष गायकवाड ने बताया कि फाइटोराइट के समीप के नाला से लेकर खमरिया रोड की ओर जाने वाले नाला तक निर्माण किया जाएगा! वर्तमान में सूर्या मॉल से अवंती बाई चौक जाने वाले रास्ते पर कोसानाला पड़ता है, माइलस्टोन स्कूल के समीप स्थित पुल से रिटेनिंग वॉल का कार्य प्रारंभ किया गया है यहां से खमरिया रोड की ओर 500 मीटर तक की दूरी तक कार्य किया जाएगा, इसमें से लगभग 300 मीटर तक का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। सहायक अभियंता सुनील दुबे ने बताया कि फाइटोराइट के पास से लेकर मॉडल टाउन स्थित स्कूल के समीप पुल से खमरिया रोड जाने वाले रास्ते तक कोसानाला में रिटेनिंग वॉल एवं नाला का पक्कीकरण कार्य किया जाएगा। इसका विकास होने से नीचली बस्तियों में पानी भरने की संभावना समाप्त हो जाएगी।

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/ वर्ष 2020 -21

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक चिम्मन लाल चन्द्राकर आ. मंत्रीलाल चन्द्राकर निवासी ग्राम खम्हरिया तहसील व जिला दुर्ग द्वारा ग्राम खम्हरिया तह. व जिला दुर्ग तह. व जिला दुर्ग स्थिम भूमि खसरा नं. 594/2, 597/2, 602/2, 714/1, 891/1 रकबा क्रमशः 0.10, 0.03, 0.37, 0.09, 0.03 हे. भूमि जो कि मंत्रीलाल आ. मेहत्तर के नाम पर वर्तमान अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि के भूमिस्वामी मृत्यु दिनां 07/12/2020 को हो जाने पर फौती दर्ज कर विधिक वारिसानों का नाम वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने बाबत् आवेदन इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को इस संबंध में आपत्ति दावा या उजर पेश करना हो तो दिनांक 20.10.2021 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या उजर प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई कार्यवाही नही किया जावेगा।

आज दिनांक 04.10.2021 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर
नायब तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग अण्डा सर्किल (छ.ग.)

उद्घोषणा

अ-27/ वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक लीलधर सिन्हा आ. मोतीलाल सिन्हा निवासी दुर्ग तह.व जिला दुर्ग द्वारा ग्राम अण्डा तह. व जिला दुर्ग स्थिति खाता क्रमांक ...... में दर्ज भूमि खसरा नंबर 265, 319 रकबा 0.240, 0.500 कुल 0.740 हे. भूमि जो कि आवेदक लीलाधर सिन्हा वगै. के नाम पर शामिलात रूप से वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि का पूर्व में हुए आपसी बंटवारा एवं कास्त कब्जा के आधार पर चार समान हिस्सों में खाता विभाजन किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्राप्त हुआ है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 28.10.2021 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 08.10.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
नायब तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती शमीमा खातून पति श्री मोहम्मद तसलीम उम्र 31 वर्ष निवासी 235 वार्ड- 35 जोन - 3 से. 11 खुर्सीपार भिलाई तह. व जिला दुर्ग छ.ग कि निवासी हूं। मेरा सही नाम श्रीमती शमीमा खातून है जो कि मेरे नाम पर बना अधार कार्ड क्रमांक 639247041684 एवं पैनकार्ड क्रमांक FOHPK6610C में दर्ज है। मेरे पुत्र मोहम्मद एनुद्दीन एवं मोहम्मद अहमद के जन्म प्रमाण पत्र में मेरा नाम श्रीमती समीमा बेगम लिख दिया गया है जिसे कि सुधार कर अपना सही नाम श्रीमती शमीमा खातून सुधार कराना चाहती हूं। श्रीमती खातून SHAMIMA KHATUN एवं श्रीमती शमीमा बेगम SHAMIMA BEGAM दोनों ही नाम मेरे स्वयं के ही है तथा उक्त दोनों नामों से मेरे ही नाम का संबोधन होता है तथा मैं एक ही महीला हूं यह शपथ पत्र अपने पुत्र मोहम्मम ऐनुद्दीन एवं मोहम्मद अहमद के स्कूल रिकार्ड में माता का सही नाम श्रीमती समीमा खातून (SHAMIMA KHATUN) सुधार कराने के लिए राजपत्र में प्रकाशन कराने के लिए सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत है।

मुहर
शपथकर्ती
शमीमा खातून

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र//अ-20(3)/ वर्ष 2020 -21

आवेदक विनोद निर्मलकर आ. स्व. भुवन निर्मलकर निवासी गोडपारा दुर्ग द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि दुर्ग में स्थित नजूल भूमि शीट क्रमांक 28 बी भूखंड क्रमांक 45 क्षेत्रफल 174 वर्गमीटर भूमि धारकगण सुरजा बाई बेवा मुन्नालाल सरजू, भुरू, वि. समारू नि. मठपारा दुर्ग के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। सहधारक सुरजा बाई की मृत्यु दिनांक 15/07/21 को, सहधारक सरजू की मृत्यु दिनांक 18/09/2005 को तथा भुवन की मृत्यु दिनांक 24/07/21 को हो चुकी है। आवेदिका द्वारा मृतक धारक/सहधारक का नाम नाम विलोपित कर उनके वारिसानों का नाम नजूल अभिलेख में दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव् एतद द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को आपत्तिया दावा हो प्रकरण की सुनवाई 20/10/21 या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या उजर प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई कार्यवाही नही किया जावेगा।

आज दिनांक 01.10.2021 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर
नजूल जांच अधिकारी
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र//अ-20(3)/ वर्ष 2020 -21

आवेदक विनोद निर्मलकर आ. स्व. भुवन निर्मलकर निवासी गोडपारा दुर्ग द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि दुर्ग में स्थित नजूल भूमि शीट क्रमांक 28 बी भूखंड क्रमांक 88 क्षेत्रफल 81 वर्गमीटर भूमि धारकगण भुवन आ. समारू एवं अन्य नि. मठपारा दुर्ग के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। सहधारक भुवन की मृत्यु दिनांक 24/07/21 को हो चुकी है। आवेदिका द्वारा मृतक सहधारक का नाम नाम विलोपित कर उनके वारिसानों का नाम नजूल अभिलेख में दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव् एतद द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को आपत्तिया दावा हो प्रकरण की सुनवाई 20/10/21 या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या उजर प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई कार्यवाही नही किया जावेगा।

आज दिनांक 01.10.2021 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर
नजूल जांच अधिकारी
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र//अ-20(3)/ वर्ष 2020 -21

आवेदक प्रतीक सिंह आ. स्व. महेन्दर सिंह निवासी गंजपारा दुर्ग द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि दुर्ग में स्थित नजूल भूमि शीट क्रमांक 31 ए भूखंड क्रमांक 69/3 क्षेत्रफल 110.803 वर्गमीटर भूमि धारकगण इन्दु सिंह पति स्व. महेन्द्र सिंह, प्रतीक सिंह, शांतनु सिंह शिल्पी सिंह आ. स्व. महेन्दर सिंह नि. गंजपारा दुर्ग के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। सहधारकगण इन्दु सिंह पति स्व. महेन्द्र सिंहख शान्तनु सिंहख शिल्पी सिंह आ. स्व. महेन्दर द्वारा आवेदक प्रतीक सिंह के पक्ष में प्रश्नाधीन भूखण्ड का पंजीकृत हक त्यागपत्र दिनांक 11/08/21 को निष्पादित किया है। आवेदक द्वारा उक्त पंजीकृत हकत्यागपत्र के आधार पर प्रश्नाधीन भूखण्ड से सहधारक/हकत्यागकर्ता का नाम विलोपित कर स्वयं का नाम नजूल अभिलेख में यथावत रखे जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव् एतद द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को आपत्तिया दावा हो प्रकरण की सुनवाई 27/10/21 या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या उजर प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई कार्यवाही नही किया जावेगा।

आज दिनांक 11.10.2021 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर
नजूल जांच अधिकारी
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

मा.क्र.//अ-06/ वर्ष 2020 -21

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक देवदत्त साव पिता/पति बालाराम साव निवासी धीरी तहसील व जिला राजनांदगांव द्वारा अपने हक की क्रयशुदा भुमि ग्राम अंजोरा (ख) प.ह.नं. 28 तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नं. 145/3 रकबा 0.280 हे. में से 1627.06 वर्गफुट हे. भूमि को विक्रयपत्र के आधार पर विक्रेता मोहम्मद अतहर पिता पति मोहम्मद इजहार के नाम से पृथक कर आवेदक का नाम पटवारी अभिलेख में दर्ज करने हेतु आवेदन इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को इस संबंध में आपत्ति दावा या उजर पेश करना हो तो दिनांक 30.10.2021 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या उजर प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई कार्यवाही नही किया जावेगा।

आज दिनांक 13.10.2021 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर
नायब तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

मा.क्र.//अ-06/ वर्ष 2020 -21

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक रघुनंदन पिता/पति बालाराम साव निवासी धीरी तहसील व जिला राजनांदगांव द्वारा अपने हक की क्रयशुदा भुमि ग्राम अंजोरा (ख) प.ह.नं. 28 तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नं. 145/3 रकबा 0.280 हे. में से 1080 वर्गफुट हे. भूमि को विक्रयपत्र के आधार पर विक्रेता मोहम्मद अतहर पिता पति मोहम्मद इजहार के नाम से पृथक कर आवेदक का नाम पटवारी अभिलेख में दर्ज करने हेतु आवेदन इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को इस संबंध में आपत्ति दावा या उजर पेश करना हो तो दिनांक 30.10.2021 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या उजर प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई कार्यवाही नही किया जावेगा।

आज दिनांक 13.10.2021 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर
नायब तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-06/ वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक शिवराज यादव पिता मोहनराम यादव निवासी हरि नगर कातुलबोर्ड भिलाई दुर्ग (छ.ग.) मौजा उरला प.ह.नं. 07 रा.नि.मं. सिकोला तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर 649/18 रकबा 0.019 हे. भूमि को विक्रेता पुष्पलता पटेल पति चिंतामणी पटेल से दिनांक 28/09/21 को क्रय कर रजिस्ट्री बैनामा निष्पादित किया है आवेदक द्वारा उक्त बैनामा के आधार पर नामांतरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 22.10.2021 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 06.10.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर
अतिरिक्त तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-06/ वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक किशार कुमार मटियारा पिता स्व. रतनूराम निवासी मका. नं. 87 ढीमरापारा दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) मौजा बघेरा प.ह.नं. 48 रा.नि.मं. दुर्ग-2 तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर 297/5 रकबा 1600 वर्गफुट भूमि को हकत्यागकर्ता मुकेश मटियारा व अन्य पिता स्व. रतनुराम से दिनांक 05/10/21 को क्रय कर रजिस्ट्री बैनामा निष्पादित किया है आवेदक द्वारा उक्त बैनामा के आधार पर नामांतरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 23.10.2021 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 08.10.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर
अतिरिक्त तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका दुरपति बाई देशमुख पति गेंदलाल निवासी थानौद मौजा चंगोरी प.ह.नं. 30 रा.नि.मं. अण्डा तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर 634, 644/3 रकबा 0.140, 0.080 हे. गेंदलाल आ. रामअधीन के नाम पर दर्ज है। भूमिस्वामी के द्वारा आवेदक के नाम वसीयत किया गया है। भूमिस्वामी की मृत्यु दिनांक 14/06/19 को हो जाने के कारण आवेदक का नाम दर्ज करने आवेदन पेश किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 28.10.2021 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 07.10.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर
अतिरिक्त तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक तरूण कुमार पिता मोहन लाल निवासी निकुम मौजा निकुम प.ह.नं. 33 रा.नि.मं. अण्डा तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर 1115/2, 1320 रकबा 0.240, 0.420 हे. बसंत बाई के नाम पर दर्ज है। भूमिस्वामी की मृत्यु दिनांक 12/09/20 को हो जाने के कारण वारिसानों का नाम दर्ज करने आवेदन पेश किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 23.10.2021 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 04.10.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर
अतिरिक्त तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक चंद्रकुमार सिंह ठाकुर एवं अन्य पिता/पति स्व. शम्भु दयाल ठाकुर निवासी आपापुरा दुर्ग मौजा रिसामा प.ह.नं. 45 रा.नि.मं. अण्डा तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर 969/1 रकबा 0.9600 हे. सखबती ठाकुर के नाम पर दर्ज है। भूमिस्वामी की मृत्यु दिनांक 01/07/21 को हो जाने के कारण वारिसानों का नाम दर्ज करने आवेदन पेश किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 23.10.2021 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 04.10.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर
अतिरिक्त तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका बबली शिवहरे पति विनोद शिवहरे निवासी ग्राम कोरबा तहसील व जिला कोरबा के द्वारा ग्राम रिसाली तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 672/37 रकबा 0.020 हे. भूमि को विक्रेता डोमनलाल पिता स्व. मंगलराम निवासी ग्राम से.6 भिलाई से रजिस्टर्ड सुधारपत्र दिनांक 01.10.2021 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड सुधारपत्र के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 27.10.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 11.10.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अरूण कुमार बेरी पिता रमेश कुमार बेरी निवासी ग्राम से-4 भिलाई तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम रिसाली तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 741/12 का टु. रकबा 2400 वर्गफुट भूमि को विक्रेता श्रीमती रश्मिपंत जोशी पति स्व. मनु जोशी निवासी ग्राम गुड़गांव से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 26.07.2021 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 25.10.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 12.10.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अजरा अली पति मोहम्मद अली निवासी ग्राम न्यू आदर्श नगर दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम पोटियाकला तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 81/9 रकबा 0.0200 हे. भूमि को विक्रेता श्रीमती मीना बाई पति स्व. दाउलाल महोबिया निवासी ग्राम लुचकीपारा दुर्ग से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 08.10.2021 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 25.10.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 11.10.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक जयप्रकाश कौशल पिता विश्वनाथ निवासी टुईलाडोंगरी तहसील व जिला जमशेदपुर के द्वारा ग्राम दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 1304/69 रकबा 0.007 हे. भूमि को दानदाता विश्वनाथ पिता अलीहार निवासी ग्राम टुईलाडोंगरी तह. व जिला जमशेदपुर से रजिस्टर्ड दानपत्र दिनांक 30.09.2021 को दान में प्राप्त किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड दानपत्र के आधार पर स्वयं के नाम नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 28.10.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 11.10.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक धनराज साहू वगै. पिता स्व. फगुआराम निवासी ग्राम उतई तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम रिसाली तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 127/1 रकबा 0.050 हे. भूमि को हकत्यागकर्ता पंचवती अन्य-3 पिता स्व. फगुआराम निवासी ग्राम उतई तह. व जिला दुर्ग से रजिस्टर्ड हकत्याग दिनांक 01.09.2021 को प्राप्त किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड हकत्याग के आधार पर स्वयं के नाम नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 23.10.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 08.10.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202110100400191

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक बलराज कुमार कपूर आ. बृजलाल कपूर निवासी से-1 भिलाई तह. व जिला दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम उमरपोटी प.ह.न. 42 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 246/10 रकबा 0.03 हें/ 3224 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 11.10.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202110100400192

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक बलराज कुमार कपूर आ. बृजलाल कपूर निवासी से-1 भिलाई तह. व जिला दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम उमरपोटी प.ह.न. 42 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 785/3 रकबा 0.05 हें/ 2346 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 11.10.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202110100400190

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक अनिल कुमार भसीन आ. राधेश्याम भसीन निवासी भिलाई तह. व जिला दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम उमरपोटी प.ह.न. 42 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 286/9 रकबा 0.030 हें/ 3025 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 11.10.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202110100400039

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका सुनीति साहू पति पुष्कर लाल साहू निवासी पीपरछेड़ी गुरूर तह. व जिला दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम हनोदा प.ह.न. 39 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 742/80 रकबा 0.0139 हें/ 1500 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 04.10.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202110100400028

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक शैलेन्द्र कुमार आ. द्वारिका राम निवासी चारवाही गुरूर तह. व जिला दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम हनोदा प.ह.न. 39 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 742/83 रकबा 0.0116 हें/ 1250 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 01.10.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202110100400029

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका चन्द्रकला साहू पति रामखिलावन साहू निवासी जामगांव तह. व जिला दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम खपरी प.ह.न. 58 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 742/55 रकबा 0.0139 हें/ 1500 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 01.10.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

■ न्यूज गैलरी

कमरे के अंदर रखा 3 नग मोबाइल चोरी

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी के डीडीनगर थाना क्षेत्र अंतगर्त महादेव घाट में दीवाल कुदकर घर के अंदर से 3 नग मोबाइल चोरी कर लेने की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई गई है। महादेवघाट रोड रायपुरा निासी सुरेश कुर्रे 43 वर्ष ने थाने में शिकायत दर्ज करायी है कि 12 अक्टूबर की देररात करीब 12 बजे के आस-पास वह व उसका परिवार खाना खाने के बाद सो गए थे। 13 अक्टूबर को सुबह जब 5 बजे नींद खुली तो कमरे में रखा प्रार्थी का 2 नग मोबाइल व 1 नग उसके भाई का मोबाइल कमरे से गायब था। किसी अज्ञात चोर ने दीवाल कुदकर कमरे में प्रवेश कर टेबल पर रखा मोबाइल चोरी कर लिया। मामले की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध कामय कर मामला दर्ज कर लिया है।

ब्रांडेड के नाम पर नकली सामान बेच रहे दो दुकानों में पुलिस का छापा

रायपुर/नवप्रदेश। ब्रांडेड कंपनी का नकली चश्मा व घड़ी बेचने की सूचना पर दो दुकानदारों के खिलाफ रायपुर गोलबाजार पुलिस ने कार्रवाही की है। गोलबाजार स्थित गोदरीवाला आपटिक्लस दुकान तथा बंजारी रोड स्थित नरेश वांच में ब्रांडेड कंपनी का नकली चश्मा व घड़ी बेचने की सूचना पर ईआइपीआर इंडिया प्राइवेट लिमिडेट के जांच अधिकारी मयंक शर्मा की शिकायत पर गोलबाजार पुलिस ने दुकान का संचालक मनीष चौथवानी पिता अशोक 36 वर्ष निवासी आनंद नगर थाना तेलीबांधा रायपुर के दुकान में दबिश देकर टाइटन एवं फास्ट्रेक कंपनी के नकली उत्पादकों को चिन्हित कर 20 नग नकली लेबल लगा टाइटन आई वियर व नकली चश्मा कीमती 10 हजार रुपए, 110 नग हुबहु असली जैसा फास्ट्रेक कंपनी की नकली हाथ घड़ी कीमती 55 हजार रुपए जब्त की है तथा बंजारी रोड स्थित नरेश वांच में दुकान का संचालक नरेश माखीजा पिता स्वर्गीय राम 30 वर्ष निवासी गंगा विहार गली नंबर 03 थाना राजेन्द्र नगर रायपुर के दुकान में दबिश देने पर फास्ट्रेक कंपनी की नकली उत्पाद 385 नग फास्ट्रेक कंपनी की हुबहु असली जैसे दिखने वाली नकली हाथ घड़ी कीमती 1 लाख 92 हजार 500 रुपए को जब्त की है। दोनों दुकानदारों के खिलाफ कॉपी राइट एक्ट की धारा 51 के तहत कार्रवाही की गई है।

प्रतिबंधित पॉलीथिन रखने पर 30 दुकानदारों से वसूला गया जुर्माना

रायपुर/नवप्रदेश। नगर निगम रायपुर के स्वास्थ्य विभाग द्वारा शहर के बाजारों में स्वच्छता को लेकर सघन जनजागरण अभियान चलाया जा रहा है। इस कड़ी में मंगलवार को प्रतिबंधित पॉलीथिन रखने पर 30 दुकानदारों से एवं दुकान में डस्टबीन नहीं रखकर गंदगी फैलाने वाले 12 दुकानदारों पर कार्रवाई करते हुए उनसे जुर्माना राशि वसूला गया। प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी डॉ तृप्ति पाणीग्रही ने बताया कि महापौर एजाज ढेबर, आयुक्त प्रभात मलिक, स्वास्थ्य विभाग के अध्यक्ष नागभूषण राव के निर्देश पर चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत जोन 1 ने 18 लोगों पर 1600 रुपए, जोन 3 की टीम ने 7 लोगों पर 600, जोन 7 ने 17 लोगों पर 100, जोन 8 ने 14 लोगों पर 1150, जोन 9 ने 65 लोगों पर 2850 एवं जोन 10 की टीम ने 6 व्यक्तियों पर 1000 रुपए का जुर्माना गन्दगी फैलाये जाने पर वसूला। इसी प्रकार बाजारों में नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग की टीमों द्वारा कुल 127 व्यक्तियों पर 7300 रुपए का जुर्माना वसूला गया।

बेटी बचाओ मंच ने मास्क व सैनिटाइजर का किया वितरण

रायपुर/नवप्रदेश। भाटागांव बेटी बचाओ मंच ने आज भाटागांव स्थित दुर्गोत्सव पंडाल स्थल पर जाकर समिति के प्रमुख पदाधिकारियों का धर्म रक्षा सम्मान से सम्मानित किया। उक्त अवसर पर मंच के प्रदेश अध्यक्ष ललित मिश्रा, शहर संगठन सचिव मधु कल्ला, भाटा गांव के अध्यक्ष विभा सोनी, सचिव पूजा जाल, सहसचिव सोनम साहू, पूनम सोनी, आशा राव सहित पदाधिकारियों ने मास्क तथा सैनिटाइजर का वितरण किया व कोरोना से बचाव हेतु टिप्स दिए। मंच पदाधिकारियों ने नशा से दूर रहने की समझाइश दी। प्रदेश अध्यक्ष ललित मिश्रा ने पंडाल स्थल पर उपस्थित आयोजकों, दर्शनार्थी तथा भक्त गणों से अपील करते हुए सभी समाज, दुर्गा समितियों, युवाओं तथा समस्त नागरिकों से आह्वान किया है कि मां दुर्गा का यह पर्व सभी समाज के लिए अत्यंत गौरवशाली है, जो हमारी महान संस्कृति का परिचायक है। यह पर्व हमें शक्ति की भक्ति सिखाता है, साथ ही विजयादशमी का पर्व बुराइयों पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है। श्री मिश्रा ने अपने अपील में कहा है कि पिछले कुछ वर्षों से इन पर्वों में बुराइयों का दबे पांव प्रवेश हो गया है। जिसके चलते प्रतिमा विसर्जन आदि में नशापान, शोरगुल, फूहड़ नाच गाने का प्रचलन शुरू हो गया है, जो हमारी धार्मिक एवं सामाजिक संस्कृति का सरासर अपमान है। प्राचीन पवित्र पर्वो में आई उपरोक्त विकृति को दूर करने के लिए सभी धर्म, जाति, समाज को चिंतन के साथ पहल करना होगा, ताकि हमारे धार्मिक पर्वों को व्यसन मुक्त बनाया जा सके।

15 को रावणभाठा मैदान में किया जाएगा रावण दहन

रायपुर/नवप्रदेश। ऐतिहासिक सांस्कृतिक पारंपरिक दशहरा उत्सव का आयोजन दूधाधारी मठ समिति के नेतृत्व में वर्षों से किया जाता रहा है। इसी कड़ी में 15 अक्टूबर को भव्य दशहरा उत्सव समिति का आयोजन रावणभाठा मैदान में किया जाएगा। रावण दहन के साथ ही अखाड़ा शौर्य प्रदर्शन पारंपरिक पूजन तलवारबाजी श्रृंगार, दंड युद्ध एवं रामलीला के पश्चात रावण दहन किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल होंगे। जबकि अध्क्षयता पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल करेंगे। रावणभाठा मैदान में आयोजित पत्रकारवार्ता में समिति के अध्यक्ष मनोज वर्मा, संयोजक सुशील ओझा, सचिव अमित साहू एवं प्रमुख सलाहकार प्रभात मिश्र ने संयुक्त रूप से दी। पत्रकारवार्ता में बताया कि आतिशबाजी के लिए मुंबई से विशेष टीम को बुलाया गया है। रंग बिरंगी आतिशबाजी के बीच आकर्षक नजारा श्रद्धालुओं को रावण दहन के दौरान देखने को मिलेगा। रावण दहन कार्यक्रम के तहत आने वाले दर्शकों के लिए कोरोना गाइड लाइन का पालन करना अनिवार्य होगा।

मुख्यमंत्री की घोषणा पर वित्त विभाग जल्द अमल करे : नामदेव

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ के राष्ट्रीय महामंत्री तथा छत्तीसगढ़ राज्य संयुक्त पेंशनर्स फेडरेशन के अध्यक्ष वीरेन्द्र नामदेव ने राज्य सरकार के वित्त विभाग से मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की घोषणा पर जल्द अमल करने की मांग की है। एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि मुख्यमंत्री ने 3 सितम्बर को राज्य के पेंशनरों को जुलाई 19 से लंबित 5 प्रतिशत महंगाई राहत देने की घोषणा की थी। उनकी घोषणा के अनुरूप वित्त विभाग को औपचारिक आदेश तत्काल जारी कर देना चाहिए था, लेकिन वित्त विभाग के अधिकारियों ने एक माह से अधिक समय बीत जाने के बाद भी आज तक आदेश जारी नहीं किया है। इससे पेंशनरों में घोर निराशा है। जबकि वित्त विभाग ने मुख्यमंत्री की उसी दिन की घोषणा के अनुरूप राज्य के कर्मचारियों के लिये शासन से 5 प्रतिशत महंगाई भत्ता देने के आदेश 17 सितम्बर को जारी कर दिया है और उन्हें भुगतान भी हो गया है।

मोदी सरकार के हम दो हमारे दो के नीति के चलते देश में उत्पन्न हुआ है कोयला का संकट : कांग्रेस

मोदी सरकार अपने गलतियों के लिए विदेशों पर ठीकरा फोड़कर कब तक जनता की आंखों में धूल झोंकेंगे

रायपुर/नवप्रदेश। देश में उत्पन्न कोयला संकट के लिए कांग्रेस ने मोदी भाजपा सरकार के हम दो और हमारे दो के नीति को जिम्मेदार ठहराया। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि मोदी भाजपा की सरकार अपनी गलतियों, नाकामियों के लिए कब तक विदेशों पर ठीकरा फोड़कर आम जनता की आंखों में धूल झोंकते रहेंगे।

आजादी के बाद देश में हमेशा कोयले का स्टॉक 15 दिन से अधिक का रहता था। 2014 से 2016 के बीच कोल इंडिया लिमिटेड ने कोयला उत्पादन में रिकार्ड बनाया था। इसके बाद अडानी ग्रुप का कोयला क्षेत्र में दखल बढ़ा। ऐसा क्या हुआ कि बीते 7 साल में मोदी भाजपा के कार्यकाल में देश में कोयला का स्टॉक खत्म होने के कगार पर है। देश के अधिकांश कोयला खदानों पर मोदी के मित्रो का कब्जा है। मोदी सरकार अपने मित्रों के मुनाफ़ाखोरी को संरक्षण दे रही है।

देश में कोयला की प्रचुर मात्रा में उपलब्धता और निरंतर खनन होने के बाद कोयला का संकट उत्पन्न होना और केंद्रीय कोयला मंत्री प्रह्लाद पटेल का बारिश के चलते कोयला की कमी बताना एवं विदेशों में कोयला महंगा होने का रोना, रोना देश की जनता के ऊपर आने वाली बिजली संकट और बिजली के दरों में बढ़ोतरी की साजिश को ईशारा करता है।

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने मोदी भाजपा सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि देश में कोयला संकट मोदी भाजपा निर्मित है। मोदी सरकार विद्युत संशोधन अधिनियम 2020 लागू करने का रास्ता बना रही है जिससे कि कोयला उत्पादन एवं विद्युत संयंत्रों को पूर्णतः निजी हाथों में सौपने के रास्ते खुल जायेगा।

भाजपा शासित राज्यों को छोड़कर बाकी राज्य सरकारों ने विद्युत संशोधन अधिनियम 2020 का विरोध किया और इसे देश एवं देश की जनता के हित के खिलाफकरार दिया है। जिस प्रकार से 4 माह पहले केंद्रीय विद्युत नियामक आयोग ने राज्यों के साथ बैठक कर बिजली की दरों में बढ़ोतरी का जो प्रस्ताव पास किया और मोदी भाजपा की सरकार ने देश के अधिकांश विद्युत ताप घरों को निजी हाथों में सौंपने की नीति बनाई है इससे स्पष्ट नजर आता है कि कोयला का संकट मोदी भाजपा और उनके मित्रों के द्वारा निर्मित की गई है।

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि कोयला संकट पर मोदी सरकार को देश की जनता के सामने स्थिति स्पष्ट करना चाहिए और कोयला मामले पर एक श्वेत पत्र जारी करना चाहिए। देश की जनता को मोदी सरकार बताएं, देश के अधिकांश कोल माइंस किसके अधिकार में है? राज्य सरकार के विद्युत उत्पादन संयंत्रों को कोयला का सप्लाई करने का अधिकार किन के पास है?

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार ने कोयला की आपूर्ति और उपलब्धता की समीक्षा की है। छत्तीसगढ़ में प्रतिदिन 23290 मीट्रिक टन कोयला की आपूर्ति हो रही है। जिसे बढ़ाकर 29500 मीट्रिक टन करने के निर्देश दिए गए हैं एसआईसीएल के द्वारा छत्तीसगढ़ में कोयला का उत्पादन किया जा रहा है और गुणवत्ता युक्त कोयला छत्तीसगढ़ के मांग के अनुसार प्राथमिकता से छत्तीसगढ़ को उपलब्ध कराया जाने का निर्देश दिया गया है।

जनसंपर्क में राप्रसे अफसर की नियुक्ति का पहली बार व्यापक विरोध

■ कलम बंद विरोध करने के बाद काली पट्टी लगाकर कर रहे काम

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में राज्य प्रशासनिक सेवा के कनिष्ठ अधिकारी को जनसंपर्क संचालक पद पर नियम विरूद्ध पदस्थ करने के विरोध में विगत 20 वर्षों में पहली बार पूरे प्रदेश में जनसंपर्क विभाग के अधिकारियों ने कलम बंद विरोध किया है। छत्तीसगढ़ प्रदेश राजपत्रित अधिकारी संघ समर्थित छत्तीसगढ़ जनसंपर्क अधिकारी संघ का यह कलम बंद विरोध पूरी तरह सफल बताया जाता है। एक तरफ समूचे राज्य में जनसंपर्क विभाग की ओर से कोई भी शासकीय सूचनाएं, समाचार, विज्ञप्ति एवं विज्ञापन आदि जारी नहीं हुए। वहीं दूसरी तरफ छत्तीसगढ़ प्रदेश राजपत्रित अधिकारी संघ ने जनसंपर्क विभाग की इन मांगों का पुरजोर समर्थन कर समूचे राज्य में काली पट्टी लगाकर विरोध दर्ज किया।

इधर छत्तीसगढ जनसंपर्क अधिकारी संघ ने राजभवन में छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के शपथ ग्रहण और माननीय राज्यपाल के पद की गरिमा के अनुकूल कार्यक्रम की महत्ता को ध्यान में रखकर राजभवन प्रेस प्रकोष्ठ को कलम बंद विरोध से मुक्त रखा। इसी तरह कवर्धा में कानून व्यवस्था की स्थिति के मद्देनजर जिला जनसंपर्क कार्यालय कवर्धा को भी इस विरोध प्रदर्शन से लोकहित में मुक्त रखा गया।

इसके ठीक विपरीत छत्तीसगढ जनसम्पर्क अधिकारी संघ के आव्हान पर राजधानी समेत प्रदेश के सभी जिलों के जनसम्पर्क कार्यालयों में संपूर्ण ताला बंदी रही। प्रदेशभर के सभी जनसम्पर्क कार्यालयों में कलम बंद का ऐतिहासिक असर देखने को मिला। जनसम्पर्क संचालनालय सहित सभी जनसम्पर्क कार्यालयों में अधिकारियों-कर्मचारियों सहित समस्त स्टॉफ की उपस्थिति लगभग शून्य रही और कार्यालयों में ताला बंदी जैसे हालात रहे।

छत्तीसगढ़ प्रदेश राजपत्रित अधिकारी संघ के सैकड़ों सदस्यों ने अध्यक्ष श्री कमल वर्मा के प्रखर नेतृत्व में आज नवा रायपुर इंद्रावती भवन में छत्तीसगढ़ जनसम्पर्क अधिकारी संघ की मांगों का पुरजोर समर्थन करते हुए जनसम्पर्क विभाग में राज्य प्रशासनिक सेवा के कनिष्ठ अधिकारी को संचालक पद पर पदस्थ किए जाने के विरोध में काली पट्टी लगाकर जबरदस्त प्रदर्शन किया।

स्टेट वेयर हाउसिंग कार्पोरेशन के स्टाफ को दीवाली पर बोनस देने के आदेश जारी

■ अधिकारी-कर्मचारियों ने चेयरमेन वोरा के प्रति जताया आभार

रायपुर/नवप्रदेश। दशहरा-दीवाली के अवसर पर छत्तीसगढ़ स्टेट वेयर हाउसिंग कार्पोरेशन के अधिकारी, कर्मचारियों को प्रोत्साहन राशि के रूप में एक माह के मूल वेतन के बराबर राशि का बोनस देने के आदेश जारी कर दिए हैं। कार्पोरेशन के चेयरमेन अरुण वोरा द्वारा इस संबंध में प्रस्ताव के अनुमोदन के बाद इस बार भी बोनस दिया जा रहा है। कार्पोरेशन के मुख्यालय में अधिकारी-कर्मचारियों ने आभार जताते हुए कहा है कि कार्पोरेशन के चेयरमेन अरुण वोरा के कार्यकाल में अधिकारी कर्मचारियों के हित में अनेक फैसले किए गए हैं। कार्पोरेशन के अधिकारी-कर्मचारी इन फैसलों के लिए सदैव आभारी रहेंगे।

मुख्यालय में वोरा से मुलाकात कर कर्मचारीहित में फैसले लेने के लिए आभार व्यक्त करने वालों में संतोष तिवारी, प्रमोद कुमार, मनीश नायक, किशोर चंदवानी, विजय ध्रुव, रामनाथ पटेल, गमरेला प्रधान, प्रेमलता खुंटे, मृदुला मानिकपुरी सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी शामिल हैं। वोरा ने अधिकारी-कर्मचारियों से अपील करते हुए कहा है कि वे कार्पोरेशन की सेवाओं को उत्कृष्ट तरीके से करें और अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन पूरी सजगता से करें। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में वेयर हाउसिंग कार्पोरेशन के स्तर और सेवा कार्यों में लगातार सुधार हो रहा है। भविष्य में भी अधिकारी-कर्मचारियों के हितों का ध्यान रखकर फैसले लिए जाएंगे।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा राजधानी रायपुर में 28 से एक नवम्बर तक आयोजित होने वाले राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव और राज्योत्सव का न्यौता भेजा है। राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव का आमंत्रण पत्र सौंपने के साथ ही रेखचंद जैन ने छत्तीसगढ़ सरकार की ओर से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को शाल-श्रीफल और प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

फार्म 18 दाखिल करने के बाद भी नोटिस जारी

निरस्त करने चेंबर ने मंत्री को लिखा पत्र

रायपुर/नवप्रदेश। छग चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तम गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव, राम मंधान मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि चेंबर द्वारा वाणिज्यिक कर मंत्री टीएस सिंह देव को पत्र लिखकर फार्म 18 दाखिल करने के बाद भी जारी नोटिस को निरस्त करने की मांग की गई है। चेंबर पदाधिकारियों ने बताया कि कर निर्धारण वर्ष 2016-17 का वार्षिक विवरण पत्र (फार्म 18) प्रस्तुत करने के बाद भी वाणिज्य कर विभाग द्वारा कर निर्धारण हेतु नोटिस जारी की गई है। चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष ने मंत्री को अवगत कराया है कि निर्माताओं एवं अन्य व्यवसायियों द्वारा कर निर्धारण वर्ष 2016-17 के वार्षिक विवरण फार्म-18 प्रस्तुत किए जा चुके हैं।

इसके बाद भी वाणिज्यिक कर विभाग द्वारा निर्माताओं सहित अन्य व्यवसायियों को उक्त अवधि के लिए कर निर्धारण संबंधित नोटिस भेजी जा रही है। निर्माताओं द्वारा पूर्व में ही फार्म-18 जमा करने के पश्चात् भी नोटिस जारी किये जाने से निर्माता व व्यवसायियों में आशंका व घबराहट व्याप्त हो गई है। चेंबर ने कर निर्धारण के उक्त नोटिस को निरस्त करने हेतु संबंधित विभाग को निर्देशित करने की मांग रखी है।

मोबाइल लेकर भागा आरोपी, मामला दर्ज

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर के सरोरा इलाके में भाई से बात करना है कहकर मोबाइल मांगकर अज्ञात व्यक्ति मोबाइल लेकर भाग गया। मामले की रिपोर्ट उरला थाने में दर्ज करायी गई है। ग्राम करगा जामगांव अम्लेश्वर निवासी डिगेश ठाकुर 21वर्ष ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि प्रार्थी अपने दीदी-जीजा के यहां गोगांव में रहता है। वह अवनी फेरो एलोय कंपनी में सरोरा में काम करता है। 25 अगस्त को अवनी फेरो एलोय के कंपनी के पास शाम 4.30 बजे खड़ा था तभी एक 20-21 वर्ष का लड़का उसके पास आकर अपने भाई से बात करने के लिए मोबाइल मांगा,जैसे ही उसने मोबाइल दिया आरोपी बात करने के बहाने आगे बढ़कर बाइक से भाग गया। चोरी गए मोबाइल की कीमत 14998 रुपए है।

राज्य खेल अकादमी के लिए चयन ट्रायल संपन्न

रायपुर। छग में खेलों के विकास के लिए खेल आकादमियों का गठन किया गया है। इन खेल अकादमियों में खिलाड़ियों की भर्ती प्रक्रिया शुरू हो गई है। बिलासपुर में हॉकी, एथलेटिक्स एवं तीरंदाजी खेलों की आवासीय अकादमी एवं राज्य एक्सीलेंस सेंटर के लिए 10 से 17 वर्ष तक की आयु के खिलाड़ियों का चयन ट्रायल स्वर्गीय बीआर यादव राज्य खेल प्रशिक्षण केंद्र बहतराई बिलासपुर में किया गया। 7 से 12 अक्टूबर तक चले इस चयन ट्रायल में राज्य भर के 27 जिलों से आए 699 खिलाड़ियों ने भाग लिया। खिलाड़ियों के साथ आए 106 कोच एवं प्रबंधक की भी इसमें भागीदारी रही। ट्रायल में हॉकी खेल के लिए 123 बालक एवं 74 बालिका, एथलेटिक्स के लिए 234 बालक एवं 160 बालिका और तीरंदाजी के लिए 60 बालक एवं 48 बालिका ने भाग लिया। इस प्रकार इस ट्रायल में 417 बालक एवं 282 बालिकाएं शामिल थी।

दपूम रेलवे ने यात्रियों को किया जागरूक

रायपुर/नवप्रदेश। यात्रा के दौरान ज्वलनशील पदार्थ एवं विस्फोटक सामग्री के साथ यात्रा करना न सिर्फ जानलेवा है वरन यह एक दण्डनीय अपराध भी हैं। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में भी संरक्षा को ध्यान में रखते हुए अग्नि निरोधक अभियान चला कर यात्रियों को समय-समय पर जागरूक किया जाता है।

इस प्रकार के अभियान के तहत रेलवे द्वारा विभिन्न प्रचार माध्यमों के साथ ही साथ स्टेशनों पर उपलब्ध एनाउंस सिस्टम द्वारा भी यात्रियों को ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा नहीं करने संबंधी चेतावनी दी जाती है। रेलवे बोर्ड द्वारा आगजनी से बचाव के उपायों एवं सावधानियों के साथ ही साथ इस संबंध में विशेष दिशा-निर्देश भी समय-समय पर सभी जोनल मुख्यालयों को जारी की जाती है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे प्रशासन द्वारा रेल यात्रियों के अनुरोध हैं कि रेल गाड़ियों में ज्वलनशील प्रदार्थ एवं विस्पोटक पदार्थो जैसे गैस सिलेंडर, पेट्रोल/डीजल, फटाके आदि के साथ यात्रा न करे, यह दुर्धटनाकारक हो सकती हैं। इन पदार्थो के साथ किसी अन्य को यात्रा करते देखे जाने पर इसकी जानकारी डयूटीरत टीटीई, आरपीएफ या अन्य रेल कर्मचारियों को दें।

वेंडरों के द्वारा असुरक्षित तरीके से ले जा रही जलती सिगडी आदि देखे जाने पर भी इसकी जानकारी तुरंत डयूटीरत टीटीई एवं आरपीएफ आदि को दें। ट्रेनों एवं स्टेशनों आदि सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान निषेध है। इस प्रकार के कृत्य करते देखे जाने पर इसकी जानकारी अवश्य ही डयूटीरत टीटीई एवं आरपीएफ को दें। गैरकानूनी रूप से जैसे पटाखे, पेट्रोल, डीजल, मिट्टी तेल आदि जैसे सामानों के साथ रेल यात्रा न करें। जल्द आग पकड़ने वाले समानों जैसे माचिस, लाइटर, फिल्म आदि जैसे समानों को अपने साथ यात्रा में न रखें। कोच में दिए गए बिजली के समानों एवं स्विच बोर्ड के साथ छेड़छाड़ न करें इन सभी का उपयोग रेलवे नियमानुसार करें।

रवि भवन के बाहर खड़ी बाइक चोरी

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर में लगातार दो-पहिया चोरी के मामले सामने आ रहे है। सोमवार को मोबाइल रिपेयर कराने रवि भवन गए एक व्यक्ति की पार्किंग में खड़ी बाइक को किसी ने चोरी कर लिया। मामले की रिपोर्ट गोलबाजार थाने में दर्ज करायी गई है। साहू पारा शिव मंदिर गुढ़ियारी निवासी राहुल श्रीवास 23 वर्ष ने थाने में शिकायत दर्ज करायी है कि 11 अक्टूबर की देर शाम अपने भाई की सीवी साईन मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 04 एचयू 7294 लेकर रवि भवन मोबाइल रिपेयर कराने गया था। रविभवन के पास खाली जगह पार्किंग में अपनी बाइक खड़ी करके मोबाइल रिपेयर कराने दुकान चला गया था। वापस आया तब गंतब्य स्थान पर बाइक नही मिली। जिसके बाद आस-पास पता तलाश करने पर नहीं मिलने पर मामले की रिपोर्ट 13 अक्टूबर को थाने में दर्ज कराई है।

आधार कार्डों में सुधार के लिए आज से शिविर

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय डाक विभाग छत्तीसगढ़ के पांच जिलों के छह डाकघरों में गुरुवार को विशेष शिविरों का आयोजन कर रहा है। ये शिविर विभाग द्वारा व्यवसाय विकास दिवस के अंतर्गत लगाए जाएंगे। इन शिविरों में नागरिकों के वर्तमान आधार कार्डों में अगर कोई गलती रह गयी हो तो उन्हें सुधारा जाएगा, साथ ही जिन्होंने अब तक अपना आधार कार्ड नहीं बनवाया है उनके नए आधार कार्ड बनाए जाएंगे।

रायपुर संभाग के प्रवर अधीक्षक (डाक सेवाएं) बीएल जांगड़े ने बताया कि ये शिविर जिला गरियाबंद के उप डाकघर राजिम, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा के ग्राम पंचायत तरेंगा (जनपद पंचायत भाटापारा) और उप डाकघर-बलौदाबाजार, ग्राम - सेमरा (बी), शाखा डाकघर-भखारा धमतरी, उप डाकघर - आरंग और उप डाकघर-बागबाहरा महासमुंद में लगाए जाएंगे। प्रवर अधीक्षक ने सभी नागरिकों से इन शिविरों का लाभ उठाने की अपील की है।

उन्होंने बताया कि इन शिविरों का साथ ही राजधानी रायपुर के प्रधान डाकघर सहित उप डाकघर अभनपुर, गरियाबंद, कुरूद और पलारी में भी 14 अक्टूबर को आधार कार्डों में सुधार और नये आधार कार्ड बनाने का कार्य किया जाएगा। प्रवर अधीक्षक ने आम जनता से आग्रह किया है कि वे प्रधान डाकघर रायपुर और इन उप डाकघरों में आकर अपने आधार कार्डों में आवश्यकता अनुसार जरूरी सुधार करवा लें,साथ ही जिनके आधार कार्ड अब तक नहीं बन पाए हैं,वे नया कार्ड बनवा लें। नागरिक इस विषय में अधिक जानकारी के लिए राजधानी रायपुर के गंज स्थित प्रवर अधीक्षक (डाक सेवाएं) रायपुर संभाग के कार्यालय में आकर अधिकारियों से सम्पर्क कर सकते हैं।

दैनिक
नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

संपादकीय

आतंकियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही

कश्मीर घाटी में पांच निर्दोश हिन्दुओं की हत्या के बाद वहां भारतीय सेना और सुरक्षाबल के जवानों ने आतंकवादियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही शुरू कर दी है। इसी बीच मुठभेड़ में पांच भारतीय जवानों के शहीद होने के बाद सेना ने आतंकियों के खिलाफ अपना अभियान और तेज कर दिया है। जवानों की शहादत का बदला लेते हुए 24 घंटों के भीतर 8 आतंकवादियों को जहन्नुम रसीद कर दिया गया है। भारतीय सेना ने अपना सर्च अभियान भी तेज कर दिया है और आतंकवादियों को ढूंढ़ ढूंढ़ कर उन्हे मौत के घाट उतारन का काम शुरू कर दिया है। यही नही बल्कि कश्मीर में पांच हिन्दुओं की हत्या करने वाले एक आतंकवादी को भी मार गिराया गया है और इन आतंकवादियों की मदद करने के आरोप में 40 शिक्षकों सहित लगभग 900 स्थानीय लोगों को भी गिरफ्तार किया गया है। इससे कश्मीर में हड़कंप मच गई है। हमने पूर्व में इसी स्थान पर अपनी टिप्पणी में कई बाद यह लिखा था कि आतंकवादियों के सफाए के साथ ही उनके हिमायतियों के खिलाफ भी कड़ी कार्यवाही की जानी चाहिए जो अब जाकर शुरू हुई है। निश्चित रूप से भारतीय सेना और सुरक्षा बलो द्वारा की जा रही यह कार्यवाही स्वागत योग्य है। दरअसल आतंकवादियों को यदि स्थानीय लोगों की मदद न मिले तो वे आतंकी घटनाओं को अंजाम नहीं दे सकते इसलिए आतंकवादियों के साथ ही उनके मददगारों के खिलाफ भी कार्यवाही करना निहायत जरूरी है। होना तो यह चाहिए कि आतंकवादियों के हिमायतियों के खिलाफ भी वहीं कार्यवाही होनी चाहिए जां आतंकियों के खिलाफ की जाती है। दुश्मन को तो हम पहचान जाते है लेकिन आस्तिन के सांपों की पहचान मुश्किल होती है और ये लोग आतंकवादियों से भी ज्यादा खतरनाक होते है इसलिए आतंकवादियों के मददगारों का भी सफाया किया जाना चाहिए। जबतक कश्मीर में आतंकवादियों के मददगारों की कमर नहीं तोड़ी जाएगी तब तक वहां से आतंकवाद का खात्मा मुश्किल होगा।

विचार

रावण की पीड़ा

विजय मिश्रा 'अमित'
पूर्व अतिरिक्त
महाप्रबंधक(जनसम्पर्क)

दशहरा के दिन रावण जलाने के लिए विशालकाय पुतला बनाने की तैयारी में कई दिनों तक अपने साथियों के साथ तैयारी में जुटा था। दिन-रात मेहनत करने के कारण थक कर चूर हो गया था, इसलिए रात को गहरी नींद में सो गया। खर्राटे भरते सो रहा था तभी बाहर से आते भारी षोर षराबे की आवाज सुनकर मेरी नींद टूट गई। मैं आंखे मलते घर के बाहर निकला तब देखा कि अलग-अलग आकार-प्रकार के रावण के पुतले मेरे घर के सामने मैदान में एकत्रित है और अपने अपने मोहल्ले वाले के उपर नाराजगी व्यक्त करते उन्हें कोस रहे है।

यह दृष्य देखकर मेरी आंखे फटी की फटी रह गई । मैं कान लगाकर उनकी बात ध्यान से सुनने लगा। ब्राहम्ण मोहल्ला का रावण का पुतला आंखे लाल करते हुए कह रहा था हर साल दषहरा का पर्व आता है और हमारा पुतला बना कर उसे जलाने मारने के लिए लोग बड़ी वीरता दिखाते हैं। हर कोई कहता है कि बुराई पर अच्छाई की जीत और अन्याय पर न्याय की जीत का संदेश देता है, दशहरा। ऐसी बाते कहते समय वे लोग भूल जाते है कि वे खुद हर दिन विविध प्रकार के अनैतिक कार्यों में डूबे रहते हैं। ब्राहम्ण मोहल्ला के रावण की बातें सुनकर ठेठवार मोहल्ले का रावण गरजती हुई आवाज में बोला - 'असली रावण को तो राजा राम ने मारा था जिन्हें मर्यादा पुरूषोत्तम कहा जाता है। रावण के पुतले को मारने वालों को भी अपने भीतर मर्यादा बनाये रखना चाहिए। तभी उन्हें रावण मारने का हक हैं अन्यथा रावण की निन्दा करने वाले को धिक्कार है। इतना सुनते ही बनिया मोहल्ले का रावण मुंह लटकाये रोनी सूरत के साथ सुबकते हुए बोला- क्या बताउं मेरी पीड़ा, कागज, बांस, घास को बांध कर, आटे की लुगदी से चिपका कर मुझे बना कर सूखने के लिए मैदान में रख दिया गया था। तभी एक सांढ़ आया और मेरे सिर, हाथ, पैर को एक एक करके चाबना - चगलना षुरू कर दिया। पहले तो मैं दर्द के मारे बिलबिला उठा। फिर दर्द सहते सोचने लगा कि पापियों के हाथ जल जाने से ज्यादा अच्छा सांढ़ का खुराक बनना है। उसके पेट में जाकर जब गोबर बन कर निकलूंगा तो कंडा बनकर किसी गरीब के घर के चूल्हा में खाना पकाना के काम आउंगा। खाद बन गया तो किसान के खेत को उपजाउ बनाउंगा। उसी समय कोसटा मोहल्ला के रावण अपने फूले हुए जगह-जगह से नूचे हुए शरीर को दिखाते दोनों आंखों से झर झर आंसू बहाते बोल पड़ा-मेरी हालत तो और बुरी है भाईयों। मुझे रंग-बिरंगे कागज से सजा संवार कर आटे की लुगदी से चिपका कर सूखाने रखा गया था। तभी जोरदार बारिष में मैं भीग गया। अब मुझे कोई बचाने नहीं आ रहा है। इसका फायदा उठाकर मक्खी, चीटी, कौआ और चूहे मेरे उपर चढ़ चढ़ कर आंख, कान, नाक को नोंचे पड़े हुए है। ऐसी पीड़ा देने वाले इंसानों के बारे में सोचता हूं तो मेरा मन कहता है कि अमने तो एक बार ही सीता का हरण किया था। पर हमकों जलाने, मारने वाले इंसान तो रोज माताओं, बहनों को अपमानित कर रहे हैं। ऐसे लोगों को भला कौन राम मारेगा। धरती पर ऐसे पापियों को मारने कब राम अवतरित होंगे। तभी एक नेतानुमा रावण कड़कदार आवाज में बोला-इंसानों ने अपने समाज की भांति रावण के पुतले को भी अमीर और गरीब की तरह बांट दिया है।

गरीब मोहल्ले के रावण को देख लो बेचारा कई दिनों का भूखा, पिचके पिचके गाल, फटे पुराने कपड़ों से निर्मित दिख रहा है।

ऊर्जा के अन्य विकल्पों के बारे में सोचने का समय

राजेश माहेश्वरी

> भारतीय भू-भाग पर पांच हजार लाख किलोवाट घंटा प्रति वर्गमीटर के बराबर सौर ऊर्जा आती है। साफधूप वाले दिनों में सौर ऊर्जा का औसत पांच किलोवाट घंटा प्रति वर्गमीटर होता है। एक मेगावाट सौर ऊर्जा के उत्पादन के लिये लगभग तीन हेक्टेयर समतल भूमि की जरूरत होती है। आश्चर्यजनक तथ्य यह है कि शोधकर्ताओं के अनुसार, वैश्विक महामारी कोविड-19 के कारण लागू किये गए लॉकडाउन से हवा की गुणवत्ता में जो सुधार आया, उसके चलते मार्च से मई माह के बीच पृथ्वी को 8.3 प्रतिशत अधिक सौर ऊर्जा प्राप्त हुई है। भारत जैसे देश में साल भर पर्याप्त धूप रहने के बावजूद सौर उर्जा से बिजली बनाने का काम काफी पिछड़ गया। इसकी प्रमुख वजह देश में उसके उपकरण नहीं बनना भी है। भले ही सरकार ने सौर ऊर्जा संयंत्र लगवाने पर सब्सिडी की व्यवस्था बनाई किन्तु उसके साजो-सामान का देश में ऊत्पादन हो सके इस दिशा में पर्याप्त कोशिशें नहीं हुई।

पिछले कुछ दिनों से देश में कोयले की कमी से बिजली संकट की चर्चा सुनाई दे रही है। लेकिन जिस बात की आशंकाएं जतायी जा रही थी, वैसे कुछ हुआ नहीं है। वास्तव में कुछ बिजली संकट है और कुछ शोर अधिक मचाया जा रहा है। देश में कोई ग्रिड फेल नहीं हुआ है और न ही ऐसे आसार हैं। सरकार ने भी इस दिशा में स्थिति साफ की है। चूंकि हमारे देश में कोयला बिजली पैदा करने का सबसे पुराना जरिया है। इसलिए कोयले की कमी और बिजली संकट को लेकर अधिक हाय-तौबा मचायी जा रही है। कोरोना के चलते कोयला उत्पादक देशों में काम बंद रहने से समुचित उत्खनन नहीं हो सका है। कोरोना की दूसरी लहर के बाद औद्योगिक गतिविधियां एकाएक बढ़ने से बिजली की मांग में तो एकाएक वृद्धि होने लगी किन्तु कोयले का उत्पादन उस अनुपात में नहीं बढने से आपूर्ति में रूकावट आ रही है। इस वजह से दुनिया के तमाम बड़े देशों में बिजली उत्पादन प्रभावित हो रहा है। वैश्विक अर्थव्यवस्था से अभिन्न रूप से जुड़ चुका हमारा देश भी इससे अछूता नहीं है।

दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल ने कोयले के संकट को लेकर प्रधानमंत्री मोदी को चिट्ठी लिखी है। कोरोना-काल में ऑक्सीजन की कमी को लेकर भी दिल्ली के मुख्यमंत्री ने इसी तरह की हाय-तौबा मचाकर तनाव का माहौल बनाया था। केजरीवाल की चिट्ठी के बाद कई राज्यों से कोयले की कमी की आवजें सुनाई देने लगी। आजादी के बाद से देश में ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिये कोयले के अलावा गैस, पनबिजली और परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में काफी काम हुआ है। अब तो सौर माध्यम से भी बिजली पैदा होनी शुरू हो चुकी है। बड़ा सवाल यह है कि आखिरकार हम कब तक धरती से कोयला निकाल पाएंगे? प्राकृतिक संसाधन असीमित नहीं है, ये खुला तथ्य है। वही प्राकृतिक संसाधनों के दोहन की भी एक सीमा होती है। भारत जैसे देश में जहां सालभर पर्याप्त मात्रा में सूर्य अपनी चमक बिखेरता है, वहां सौर ऊर्जा की दिशा में ठोस कदम उठाने की जरूरत अनुभव होने लगी है।

जहां तक मौजूदा समस्या की बात है तो उसके पीछे कोरोना महामारी से उपजे हालात काफी हद तक जिम्मेदार ठहराये जा सकते हैं। जिस तरह उस द्वितीय विश्व युद्ध के बाद दुनिया के शक्ति संतुलन के साथ ही आर्थिक हालात बदले, उसी तरह की सम्भावना कोरोना के बाद उत्पन्न होने लगी है। बीते दो साल में वैश्विक अर्थव्यवस्था पूरी तरह हिल गई है। आर्थिक दृष्टि से सम्पन्न देश तक संकट में फंस गये हैं। लॉक डाउन के कारण आयात-निर्यात में आई बाधा की वजह से कच्चे माल की आपूर्ति प्रभावित होने का असर उत्पादन पर पड़ने से अनेक आवश्यक वस्तुओं का अभाव हो गया है। लेकिन बीते कुछ दिनों से पूरी दुनिया जिस संकट से परेशान है वह है उर्जा अर्थात बिजली। कोयला आधारित ताप विद्युत गृहों में कोयले का भंडार घटने के कारण बिजली की उपलब्धता कम होने से चीन और ब्रिटेन जैसे देशों तक में बिजली कटौती के हालात पैदा हो गये हैं। मौजूदा समस्या के मद्देनजर मुद्दा यह नहीं है कि कोयले का बफर स्टॉक भी भारत सरकार ने कम क्यों रखा? अहम सवाल यह है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कोयला महंगा होने के कारण निजी कंपनियों ने आयात बंद क्यों कर दिया? चीन, ऑस्ट्रेलिया के बजाय इंडोनेशिया पर ही आपूर्ति का भरोसा क्यों किया गया? कोयले की कमी से निपटने के मद्देनजर बिजली संयंत्रों से बिजली के यूनिट ही बंद करने क्यों शुरू कर दिए? यानी आयात बंद होने से उत्पन्न स्थिति को संभालने की तैयारी न तो कोल इंडिया के पास थी और न ही पॉवर प्लांट्स के पास थी। यह दूरदर्शिता की कमी का प्रश्न है? बड़ा सवाल यह भी है कि जब कोरोना-काल में भी कोयले की आपूर्ति 24 घंटे के अंतराल में हो जाती थी, तो निजी बिजली संयंत्रों ने भंडारण की क्षमता कम करके 7-10 दिन तक सीमित क्यों की? जबकि कोयला भंडारण 22-25 दिन का होना चाहिए। बहरहाल आयात रोक देने, कोयला खदानों में अति बारिश के कारण बाधाएं पैदा होने, अचानक आर्थिक गतिविधियां बढ़ने से बिजली संयंत्रों के 18 फीसदी अधिक कोयले की मांग करने के मद्देनजर कोल इंडिया पर ही बोझ आ गया, नतीजतन कंपनियां 'संकट-संकट' चिल्लाने लगीं। कुछ राज्य सरकारों ने भी समवेत स्वर मिलाया। कोल इंडिया में ही कोयले का उत्पादन बीते दो सालों के दौरान करीब 107 लाख टन कम हुआ है। यह भी एक गंभीर कारक है। उसकी जवाबदेही किसकी है? राज्य सरकारों ने लंबे वक्त से भुगतान लटका रखे हैं, तो इस तरह कारोबार कब तक चलेगा? बिजली हम सबके लिए बुनियादी और घोर अनिवार्य वस्तु एवं सेवा है। बिजली नहीं होगी, तो देश का जीवन ही ठप्प हो जाएगा। जो भी संकट महसूस किया जा रहा है, उसके लिए दो पक्ष ही जिम्मेदार हैं-सरकार और बिजली बनाने वाला निजी क्षेत्र, जो कोयला आयात करता है। अक्सर 14 सितंबर तक मॉनसून विदा हो जाता है। इस बार बारिश खूब हुई है और अक्तूबर के शुरुआती दिनों तक जारी रही है। आज भी कई खुली खदानों में पानी भरा है। कोयले तक पहुंचने का रास्ता अवरुद्ध है, लिहाजा स्टॉक होने के बावजूद कोयले की आपूर्ति नहीं हो पा रही है। कई प्रोजेक्टों में उत्पादन ही बंद है, क्योंकि खदानें जमीन के विवादों में फंसी हैं।

पर्यावरण संरक्षण के मद्देनजर कोयले से बिजली बनाने वाले संयंत्रों को धीरे-धीरे बंद किया जा रहा है। लेकिन अभी वह स्थिति भी नहीं आई जिसमें विद्युत उत्पादन के वैकल्पिक स्रोत के तौर पर पनबिजली, पवन चक्की और सौर ऊर्जा से काम चल सके। यद्यपि अनेक देश सौर ऊर्जा के जरिये बिजली उत्पादन में महारत हासिल करते हुए अपनी जरूरत से ज्यादा विद्युत् उत्पादन कर रहे हैं। लेकिन भारत सरीखे विशाल देश में अभी सौर उर्जा के साथ ही पवन चक्की द्वारा बिजली उत्पादन इस मात्रा में नहीं पहुंच सका जहां वह कोयले से बनने वाली बिजली को पूरी तरह विदा कह सके।

> पिछले साल प्रधानमंत्री मोदी ने मध्य प्रदेश के रीवा में स्थापित 750 मेगावाट की 'रीवा सौर परियोजना' को राष्ट्र को समर्पित किया था। इस परियोजना में एक सौर पार्क जिसका कुल क्षेत्रफल 1500 हेक्टेयर है, के अंदर स्थित 500 हेक्टेयर भूमि पर 250-250 मेगावाट की तीन सौर उत्पादन इकाइयां शामिल हैं। देश की ऊर्जा जरूरतों के मद्देनजर इस दिशा में सरकारी और निजी क्षेत्र द्वारा अभी बहुत काम किया जाना बाकी है। मौजूदा संकट को देखते हुए केंद्र और राज्य सरकारों को चाहिए वे सौर उर्जा के अधिकतम उपयोग की नीति बनाकर उसे युद्धस्तर पर अमल में लाने की कार्ययोजना बनाएं।

कांग्रेस के दर्द की दवा सिर्फ सोनिया जी के पास है

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

> कांग्रेस में इस समय कोई शरद पवार और ममता बेनर्जी जैसा नहीं नहीं है, जो पारिवारिक नेतृत्व को चुनौती दें और अपनी स्वतंत्र सत्ता कायम कर लें। जो भी योग्य नेता हैं, वे बिखरती कांग्रेस को देखकर बेहद दुखी हैं लेकिन यह उनकी मजबूरी है। कांग्रेस के लाखों कार्यकर्ता कुछ बोलते नहीं हैं लेकिन परेशान हैं। वे कुछ नहीं कर सकते। ऐसे में यदि कांग्रेस को बचाया जा सकता है तो वह सोनिया-बुद्धि से ही बचाया जा सकता है। किसी ने ठीक ही कहा है कि 'तुम्ही ने दर्द दिया है, तुम्ही दवा देना'। 2004 में भाजपा की हार के बाद अचानक जीती कांग्रेस की प्रधानमंत्री बनने से सोनिया गांधी को कौन रोक सकता था लेकिन उन्होंने डॉ. मनमोहन सिंह को आगे किया।

भारतीय लोकतंत्र के लिए इससे ज्यादा चिंता का विषय क्या हो सकता है कि भारत में कोई सशक्त विरोधी दल नहीं है। इस खाली जगह को कांग्रेस भर सकती थी लेकिन वह निरंतर कमजोर होती जा रही है। भाजपा के बाद यही एक मात्र अखिल भारतीय पार्टी है लेकिन इसकी प्रांतीय सरकारें और पार्टी शाखाएं भी अस्थिरता की शिकार हो रही हैं। पंजाब का मामला अभी तक अधर में लटका हुआ है और राजस्थान व छत्तीसगढ़ के बारे में लगातार अफवाहें उड़ती रहती हैं। संसद के दोनों सदनों में उसकी संख्या और गुणवत्ता इतनी घट गई है कि हमारा लोकतंत्र मूक-बधिर-सा हो गया है।

कांग्रेस दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र की सबसे बड़ी पार्टी रही है। इसी को श्रेय दिया जाता है कि इसने भारत को आज़ाद करवाया और इसने ही सारी दुनिया को अहिंसक आंदोलन की राह दिखाई। आज भी संसद और विधानसभा में इसका अस्तित्व चाहे सिकुड़ गया हो लेकिन भारत के लगभग हर जिले में इसके कार्यकर्त्ता मौजूद हैं। लेकिन इसकी दुर्दशा देखकर शंका होती है कि इस पार्टी की स्थापना 1885 में विदेश में जन्मे ए.ओ. ह्यूम ने की थी, कहीं इसका विसर्जन भी विदेश में जन्मी सोनिया गांधी के हाथों तो नहीं होगा? भारतीय लोकतंत्र के लिए यह इंदिरा गांधी के आपात्काल से भी अधिक खतरनाक घटना होगी।

यदि हम पिछले 50-55 साल के इतिहास को थोड़ी देर के लिए भूल जाएं तो हमें पता चलेगा कि कांग्रेस कोई संकरा संगठन नहीं थी। वह एक विशाल मंच थी। एक ऐसा मंच जिसमें विविध, विभिन्न और विरोधी विचारों के लोग एकजुट होकर आजादी के लिए लड़ते रहे। आजादी के बाद भी नेहरु और शास्त्री-काल में पार्टी में यह वैचारिक और वैयक्तिक सहिष्णुता बनी रही लेकिन अब कांग्रेस के पास क्या है? विचार के नाम पर उसके पास शून्य है। न तो वह अपने को समाजवादी कह सकती है, न पूंजीवादी और न राष्ट्रवादी! उसकी अपनी न तो कोई राष्ट्रीय दृष्टि है और न ही अंतरराष्ट्रीय दृष्टि!

जहां तक नेतृत्व का सवाल है, उसका स्वरुप बिल्कुल एक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी की तरह हो गया है। क्योंकि कांग्रेस सबसे बड़ी और सबसे पुरानी पार्टी रही है, सभी पार्टियाँ इसी की नकल पर चलने लगी हैं। यदि कांग्रेस माँ-बेटा पार्टी है तो उसकी टक्कर में भाई-भाई पार्टी है। प्रांतों में बाप-बेटा पार्टी, चाचा-भतीजा पार्टी, बुवा-भतीजा पार्टी, पति-पत्नी पार्टी, साला-जीजा पार्टी आदि खड़ी हो गई हैं। याने हमारे देश में पार्टियों ने अपने आंतरिक लोकतंत्र को सहज बिदाई दे दी है।

कांग्रेस से ही अन्य दलों ने भी सीखा है कि कोई भी सांसद संसद में अपनी स्वतंत्र राय प्रकट नहीं करता। उससे कोई पूछे कि तुम किसके प्रतिनिधि हो? अपने मतदाताओं के या अपनी पार्टी के ? तुम्हें संसद में चुनकर किसने भेजा है? जनता ने या तुम्हारी पार्टी ने? जब हमारे सांसद अपनी पार्टी की बैठकों में ही खुलकर नहीं बोलते हैं तो वे संसद में कैसे बोलेंगे ? इस प्रवृत्ति का असर मंडिमंडल की बैठकों में भी साफ़-साफ़ दिखाई देता है। यदि ऐसा नहीं होता तो 1975 में आपात्काल थोपने का कोई एक मंत्री तो विरोध करता। यदि नोटबंदी पर मंत्रिमंडल में खुलकर बहस होती तो क्या इतनी नादानी का फैसला कोई सरकार कर सकती थी?

इंदिरा कांग्रेस के ज़माने में चली यह परंपरा आज भी कांग्रेस में ज्यों की त्यों कायम है। जब कांग्रेस के 23 वरिष्ठ नेताओं द्वारा लिखे गए पत्र के आधार पर अगस्त 2020 में कार्यसमिति की बैठक बुलाई गई तो राहुल गांधी की डाँट-फटकार ने सभी वरिष्ठ नेताओं की बोलती बंद कर दी। उसके बाद साल भर गुजर गया लेकिन कांग्रेस का अध्यक्ष पद अब भी अधर में लटका हुआ है। सोनिया गांधी कार्यकारी अध्यक्ष की व्हीलचेयर पर बैठी हुई हैं और राहुल और प्रियंका उसे धकाए जा रहे हैं।

ऐसा नहीं है कि कांग्रेस में योग्य नेताओं का अभाव है। ऐसे दर्जन भर कांग्रेसी नेताओं को मैं जानता हूँ, जो कांग्रेस को इस लकवाग्रस्त स्थिति से मुक्ति दिला सकते हैं लेकिन वे भी हकला रहे हैं। ऐसा नहीं है कि उनके मुँह में जुबान नहीं है लेकिन जो जिंदगी भर अपने मालिकों को झुकझुक कर सलाम बजाते रहे, अब उनके सामने खम ठोक कर वे कैसे खड़े होंगे? उर्दू शायर मोमिन के शब्दों में 'इश्के-बुतां में जिंदगी गुजर गई मोमिन! आखिरी वक्त क्या खाक मुसलमां होंगे?'

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

श्वास गाती रहें

श्वास गाती रहें ऋचाएं सतत सरिता बहती रहे कलम चले अबाध हमारी थके नहीं बढ़ती रहे तार वीणा होये झंकृत हृदय वंदनवार माँ मिलन दिव्यपुंज हमारा राह मुक्ति सजती रहे।

- ज्योत्सना सक्सेना

चली गई मैं अगर

चली गई मैं अगर तो क्या करोगे तुम भूल जाओगे मुझको याद्दव्याद करोगे तुम हल्का सा भी ख्याल क्या मेरा ,तेरे दिल को छू पायेगा पागलों की तरह चाहना मेरा क्या तुमको याद आयेगा कहाँ से लाओगे फिर कोई मुझ सी पागल दीवानी ज़िसकी भोली भाली बातों में हो थोड़ी सी नादानी जो होकर तुमसे खफा फिर भी तुमसे वफा निभाये तस्वीर को तेरी जो मेरी तरह दिल में अपने सजाये भूल जाना चाहे तुम , मेरी हर छोटी बड़ी बात हाँ मगर याद रखना हमारी आखिरी मुलाकात। **- मीता खुराना**

खास पाती | मौसम भी खुशगवार है आओ

मौसम भी खुशगवार है आओ ग़ज़ल कहें दिल भी ये बेक़रार है आओ ग़ज़ल कहें तुमनें दिए थे ज़ख्म जो फिर से हरे हुए अब दर्द बेशुमार है आओ ग़ज़ल कहें ढूंढो न वज़ह दूरियों की आप भी हूज़ूर हाज़िर ये ख़ाकसार है आओ ग़ज़ल कहें चारागरी न कोई दवा काम आएगी ये इश्क़ का बुख़ार है आओ ग़ज़ल कहें छोड़ो झमेले यार सियासत में क्यों पड़े हर शख़्स दाग़दार है आओ ग़ज़ल कहें आये हो बन के ज़िंदा गजल आप रूबरू कैसा ग़जब ख़ुमार है आओ ग़ज़ल कहें राहत मिली है खूब सुखन से भी यूँ प्रखर ये ज़ीस्त कर्जदार है आओ ग़ज़ल कहें। **-राजेश श्रीवास्तव 'प्रखर'**

कहा आंधियों ने उखड़ जा जमी

कहा आंधियों ने उखड़ जा जमी से, जड़ो को जमी से तू ठीला तो कर मगर मैं जमी को नही छोड़ सकता दिखाना है मुझको नया बीज बो कर फटी चप्पलो को पहन कर चला हूं रूका न कहीं पर,न देखा है सोकर न अखबार की कोई पंक्ति है बनना मुझे तो शिलालेख रहना है होकर मैं आंसू लिए दर्द को ढ़ो रहा हूं दिखाया है चेहरा उन्हे मुंह धोकर मैने कहा जिन्दगी कम तू कर दे मैं सह ना सकूंगा लगी अब जो ठोकर जीवन में उसका अलग ही मजा है कोई चीज वापस मिले हमको खोकर माना तू ऊंचा बहुत हो गया है मैं छू लूंगा स्याही में तुझको डुबोकर।

- शालिनी शर्मा

बहरों की दुनिया अंधों का नगर

बहरों की दुनिया अंधों का नगर है। रखता नही कोई किसी की खबर है।। रिश्तों को तोड़ा मन भी न जोड़ा रहता यहाँ क्यो हर कोई बेखबर है।

- आकांक्षा द्विवेदी

इन दिनों किसानो की तीन

इन दिनों किसानो की तीन वेरायटी मार्केट में हैं. फार्म हाउस वाले किसान (नेता टाइप) ज़मीन वाले किसान (ज़मीन मालिक पर ज़रूरी नहीं खेती खुद करते हो) मज़दूर किसान (खेती करके परिवार चलाते हैं पर ज़रूरी नहीं ज़मीन के मालिक हो). पहली किस्म मौज में है दूसरी कर्ज़ में है तीसरी मरी पड़ी है।

- हितेश शर्मा

तजुर्बे ने एक बात सिखाई है

तजुर्बे ने एक बात सिखाई है किसी की गलतियों को बेनक़ाब ना कर 'ईश्वर' बैठा है, तू हिसाब ना कर कई जीत बाकी हैं, कई हार बाकी हैं.. अभी तो जिंदगी का सार बाकी है.. यहा से चले हैं नयी मज़िल के लिए, ये एक पन्ना था अभी तो किताब बाकी हे।

- डॉ दुलारी चंद्राकर

तुम्हारी रेसिपी से तर बनेगा

तुम्हारी रेसिपी से तर बनेगा। महकता सा रसोईघर बनेगा। तुम्हारी भी बनेगी पाव भाजी, कभी मेरे लिए सांभर बनेगा। करेंगे काम हम दोनों ही मिलकर, हमारी कोशिशों से घर बनेगा। जहाँ बैठेंगे थककर साथ में हम, वहीं पर मील का पत्थर बनेगा।

-कवि अंकित चहल 'विशेष'

कुछ बन्द हुए द्वार अवरुद्ध हुए

कुछ बन्द हुए द्वार अवरुद्ध हुए मार्ग साथ छोड़ गए सहयात्री निराश हुई अपेक्षाएं निरस्त हुए प्रण संकेत भर होते है की तुम्हारा प्रारब्ध वो नही जो तुमने सोचा था। जो तुम्हारा है वो कही और है उस तक जाने का पथ इस ओर नही किसी ओर है।

- कुलदीप वर्मा

QUIZ TIME

1) छत्तीसगढ़ में सविनय अवज्ञा आंदोलन के दौरान वानरसेना का गठन किसने किया था?
2) 'रतनपुर महात्म्य' के लेखक कौन है?
3) 1942 से रायपुर से 'अग्रदूत' नामक समाचार पत्र का प्रकाशन किसने प्रारम्भ किया था?
4) 15 अगस्त 1947 को रायपुर के गांधी चौक में किसने झंडा फहराया था?
5) 1937 में किसे रायपुर नगरपालिका का अध्यक्ष चुना गया?

Ramaquiz

उत्तरमाला-
(1) वासुदेव देवरस (2) कवि गोपाल (3) केशव प्रसाद वर्मा (4)

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1882 - शिमला में पंजाब विश्वविद्यालय की स्थापना की गई। 1933 - जर्मनी ने मित्र राष्ट्रों के समूह से बाहर आने की घोषणा की। 1943 - जापान ने फिलीपींस की स्वतंत्रता की घोषणा की। 1946 - हालैंड और इंडोनेशिया के बीच संघर्ष विराम समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। 1948 - इजरायल और मिस्र के बीच लड़ाई शुरु। 1953 - भारत में संपदा शुल्क अधिनियम प्रभाव में आया। 1956 - डॉ. भीमराव आम्बेडकर ने अपने 3,85,000 अनुयायियों के साथ कोचांदा में बौद्ध धर्म स्वीकार किया और अपने समर्थकों को 22 बौद्ध प्रतिज्ञाओं का अनुसरण करने की सलाह दी। 1979 - जर्मनी के बॉन में परमाणु ऊर्जा के खिलाफ एक लाख लोगों ने प्रदर्शन किया। 1997 - ब्रिटेन की महारानी ऐलिजाबेथ द्वितीय और प्रिंस फ़िलिप ने अमृतसर के जलियांवाला बाग़ में शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। 1999 - परमाणु परीक्षण प्रतिबंध संधि (सी.टी.बी.टी.) अमेरिकी सीनेट में नामंजूर। 2002 - कतर में मिलने के वायदे के साथ 14वें एशियाई खेलों का बुसान में रंगारंग समापन। 2004 - पाकिस्तान की नेशनल असेंबली ने राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ़ को सेना प्रमुख बनाये रखने वाला विधेयक पारित किया। 2007 - अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी ने चिकित्सा और कृषि क्षेत्रों में परमाणु प्रौद्योगिकी के प्रयोग के लिए नेपाल को मंजूरी प्रदान की। 2008 - भारतीय रिजर्व बैंक ने म्युचुअल फंड्स की ज़रूरतें पूरी करने के लिए अतिरिक्त 200 अरब रुपये जारी करने की घोषणा की।

रणवीर सिंह के सबसे खास पल

कलर्स के 'द बिग पिक्चर' का लॉन्च किसी उत्सव से कम नहीं था। होस्ट और सुपरस्टार रणवीर सिंह ने हाल ही में जोश से भरे इस इवेंट की अपने सबसे बेहतरीन तरीके से एंकरिंग की थी और सभी को इसकी झलक दी कि शो में क्या होने वाला है। एक भव्य शो का आगाज करते हुए रणवीर ने अपने धमाकेदार अंदाज में फॉर्मेट का ट्रेलर पेश किया और हर किसी ने उनका उत्साह बढ़ाया। यह दिन कई यादगार पलों का गवाह बना, जिन्होंने सभी की धड़कनें बढ़ा दी थीं! हम धूमधाम से भरे इस इवेंट से रणवीर सिंह के 5 सबसे खास पल चुराकर लाए हैं। जब उन्होंने बताया कि दीपिका के साथ लॉन्ग वॉक्स पर जाते हुए उन्हें हंसी आती है! 'बिग पिक्चर' क्विज की मेजबानी करते हुए रणवीर के सामने 'बिग स्क्रीन' पर एक छोटे-से पपी की तस्वीर दिखाई दी। और रणवीर ने ऐसी उपमा दी की सभी हंसने लगे! उन्होंने कहा कि वे जब भी अपनी खूबसूरत बीवी के साथ वॉक पर जाते हैं, तब उन्हें बिलकुल उस छोटे पपी जैसा एहसास होता है! जब रणवीर से पूछा गया कि भविष्य के लिये उनकी योजनाएं क्या हैं और जिन्दगी में अपने 'बिग पिक्चर' को वे कैसे समझाएंगे, तब एक खूबसूरत सा जवाब देते हुए रणवीर ने कहा कि दीपिका के साथ एक खुशहाल और स्वस्थ परिवार बनाना उनकी जिन्दगी का 'बिग पिक्चर' है!

'म्यूजिक स्कूल' में अभिनय करेंगे शान

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड के जाने-माने पार्श्वगायक शान फिल्म 'म्यूजिक स्कूल' में अभिनय करते नजर आयेंगे। शान जल्द ही पापा राव बिय्याला की हिंदी डायरेक्टोरियल डेब्यू फिल्म म्यूजिक स्कूल में नज़र आयेंगे। इस फिल्म को इलैयाराजा संगीतबद्ध करेंगे। इस फिल्म के निर्देशक, लेखक ने जब पहली बार शान को इलैयाराजा के स्टूडियो में गाते हुए देखा तो उनकी तेजतर्रारता से होकर उन्होंने शान को इस आगामी म्यूजिकल में एक रोल का प्रस्ताव रख दिया।

शरमन जोशी और श्रिया सरन अभिनीत इस फिल्म में शान, श्रिया सरन के पूर्व प्रेमी की भूमिका में दिखाई देंगे। शान ने कहा, उन्होंने इस म्यूजिकल फिल्म में काम करने के लिये तुरंत हां कर दी क्योंकि यह रचनात्मक कलाओं को प्रोत्साहित करता है। मुझे इस फिल्म का हिस्सा बनकर बेहद खुशी हो रही है। मैं इस फिल्म के लिए न सिर्फ गाना गानेवाला हूं बल्कि मैं इस फिल्म में एक्टिंग भी कर रहा हूं। अभिनय मेरे लिए बहुत ही नया अनुभव होगा। वास्तविक म्यूज़िकल फिल्म होने के नाते, म्यूज़िकल मेस्ट्रो इलैयाराजा के म्यूज़िक के साथ फिल्म की स्टोरी क्रिएटिव आर्ट्स को बढ़ावा देती है। यह मेरे लिए बहुत ही शानदार अवसर है।

उर्वशी रौतेला ने माइकल सिन्को के लिए किया रैंप वाक

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेत्री उर्वशी रौतेला ने मशहूर डिजाइनर माइकल सिन्को के लिए 40 लाख रुपये की बॉल गाउन ड्रेस में शो स्टॉपर के रूप में रैंप पर जलवा बिखेरा। उर्वशी रौतेला मशहूर डिजाइनर माइकल सिन्को के लिए रैंप वॉक करते हुए बेहद खूबसूरत लग रही थीं। उर्वशी ने सोशल मीडिया पर डिजाइनर के साथ रैंप वॉक की एक झलक साझा की। उर्वशी रौतेला की यह बॉल गाउन ड्रेस 40 लाख की है। उर्वशी ने माइकल सिन्को के लिए पहली बार रैंप वॉक नहीं किया, उन्होंने अरब फैशन वीक में इजिप्ट की राजकुमारी क्लियोपैट्रा के ड्रेस में रैंप वाक किया था। उर्वशी एक बड़े बजट की सायंस-फिक्शन तमिल फिल्म के साथ अपना तमिल डेब्यू करेंगी, जिसमें वह एक माइक्रोबायोलॉजिस्ट और एक आईआईटीयन की भूमिका निभाएंगी। उर्वशी रौतेला जियो स्टूडियो की वेब सीरीज 'इंस्पेक्टर अविनाश में रणदीप हुड्डा के साथ मुख्य भूमिका निभा रही हैं, जो सुपर कॉप अविनाश मिश्रा और पूनम मिश्रा की सच्ची कहानी पर आधारित एक बायोपिक है।

बहुमुखी प्रतिभा से लोगों को दीवाना बनाया किशोर कुमार ने

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड में किशोर कुमार को एक ऐसी शख्सियत के तौर पर याद किया जाता है जिन्होंने न सिर्फपार्श्वगायन से बल्कि अभिनय,फिल्म निर्माण,निर्देशन और संगीत निर्देशन से भी लोगों को दीवाना बनाया।

मध्यप्रदेश के खंडवा में 04 अगस्त 1929 को मध्यवर्गीय बंगाली परिवार में अधिवक्ता कुंजी लाल गांगुली के घर जब सबसे छोटे बालक ने जन्म लिया तो कौन जानता था कि आगे चलकर यह बालक अपने देश और परिवार का नाम रौशन करेगा। भाई-बहनो में सबसे छोटे नटखट आभास कुमार गांगुली उर्फकिशोर कुमार का रूझान बचपन से ही पिता के पेशे वकालत की तरफन होकर संगीत की ओर था। महान अभिनेता एवं गायक के.एल.सहगल के गानो से प्रभावित किशोर कुमार उनकी ही तरह के गायक बनना चाहते थे। सहगल से मिलने की चाह लिये किशोर कुमार 18 वर्ष की उम्र मे मुंबई पहुंचे, लेकिन उनकी इच्छा पूरी नहीं हो पायी। उस समय तक उनके बड़े भाई अशोक कुमार बतौर अभिनेता अपनी पहचान बना चुके थे। अशोक कुमार चाहते थे कि किशोर नायक के रूप मे अपनी पहचान बनाये लेकिन खुद किशोर कुमार को अदाकारी की बजाये पार्श्व गायक बनने की चाह थी, जबकि उन्होंने संगीत की प्रारंभिक शिक्षा कभी किसी से नही ली थी, जबकि बॉलीवुड में अशोक कुमार की पहचान के कारण उन्हें बतौर अभिनेता काम मिल रहा था। अपनी इच्छा के विपरीत किशोर कुमार ने अभिनय करना जारी रखा,जिन फिल्मो में वह बतौर कलाकार काम किया करते थे उन्हे उस फिल्म में गाने का भी मौका मिल जाया करता था।

अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा का दूसरा गाना श्रीवल्ली रिलीज़

मुंबई (वार्ता)। दक्षिण भारतीय स्टार अल्लू अर्जुन स्टारर फिल्म पुष्पा द राइस का दूसरा गाना श्रीवल्ली रिलीज कर दिया गया है।

फिल्म पुष्पा के पहले गाने जागो जागो बकरे को मिले जबरदस्त व्यूज़ मिलने के बाद फिल्म का दूसरा गाना श्रीवल्ली को आज रिलीज़ किया गया। जावेद अली द्वारा हिंदी में और सिड श्रीराम द्वारा तेलुगु, तमिल, कन्नड़ और मलयालम में गाया गया यह गाना म्यूजिक मेस्ट्रो देवी प्रसाद द्वारा कम्पोज किया गया एक मधुर गीत है। यह गाना रश्मिका मंदाना के किरदार का उल्लेख करता है। मैथ्री मूवी मेकर्स के निर्माता नवीन यरनेनी और वाई. रवि शंकर ने कहा, हम म्यूज़िक मेस्ट्रो देवी श्री प्रसाद के शुक्रगुजार हैं की उन्होंने जावेद अली और सीड श्रीराम के साथ मिलकर एक यादगार गाना बनाया है। यह गाना दर्शाता ही कि श्रीवल्ली किरदार किस तरह सभी किरदार से अलग है इस बात का वर्णन करता है। श्रीवल्ली के मध्यम से श्रोताओं को आमंत्रित कर पुष्पा का इस फिल्म का जश्न मनाना चाहते हैं।

न्यूज गैलरी

विलियम्सन को हैमस्ट्रिंग में हल्की समस्या, लेकिन विश्व कप के लिए तैयार

दुबई (वार्ता)। आईपीएल में मुंबई इंडियंस के ख़िलाफ़ चोट के कारण अंतिम मुक़ाबला नहीं खेलने वाले न्यूज़ीलैंड के कप्तान केन विलियम्सन अब पहले से बेहतर हैं और वह पाकिस्तान के ख़िलाफ़ विश्व कप का पहला मैच खेलने को तैयार हैं।

न्यूज़ीलैंड के कोच गैरी स्टेड ने कहा कि विलियम्सन को हैमस्ट्रिंग की समस्या है, लेकिन वह बेहतर हैं। उन्होंने कहा, ÷उनके हैमस्ट्रिंग में हल्की मोच है, लेकिन वह पहले से बेहतर महसूस कर रहे हैं। सनराइज़र्स पहले ही प्रतियोगिता से बाहर हो गई थी, इसलिए केन ने एहतियातन वह मैच खेलना उचित नहीं समझा।

कार्तिक और सन्नी के दम पर पूसा यंगस्टर फाइनल में

नई दिल्ली (वार्ता)। कार्तिक राणा के 92 गेंदों पर तीन छक्कों व 14 चौकों की मदद से बने शानदार 105 रन व सन्नी शर्मा (5/47) की घातक गेंदबाजी की बदौलत पूसा यंगस्टर क्रिकेट क्लब (232/10) ने शालीमार कप अंडर-16 क्रिकेट टूर्नामेंट में शिवाजी क्रिकेट अकैडमी (212/10) को 20 रनों से हराकर फाइनल में जगह बना ली। सन्नी शर्मा ने हैट्रिक लेकर अपनी टीम की जीत सुनश्चित की । मैच के अंपायर सुनील शर्मा ने मैन ऑफद मैच का पुरस्कार कार्तिक राणा को प्रदान किया । शिवाजी अकैडमी की ओर से हिमांशु राणा (3/44 व 57 नाबाद) के जांबाज प्रदर्शन के बावजूद भी टीम को हार का सामना करना पड़ा।

हम जानते हैं हमें कल क्या करने की जरूरत है : स्टिमैक

माले (वार्ता)। भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम के मुख्य कोच इगोर स्टिमैक ने यहां कल सैफफुटबॉल चैंपियनशिप में भारत और मालदीव के मैच से पहले कहा कि वह और उनकी टीम जानती है कि उन्हें कल के मैच में क्या करने की जरूरत है। स्टिमैक ने मंगलवार को भारत के आखिरी ग्रुप चरण मैच की पूर्व संध्या पर संवाददाता सम्मेलन में कहा, हमारे लिए सबसे महत्वपूर्ण बात हमारे खिलाड़ियों के पैरों को सही रखना और उन्हें आखिरी ग्रुप मैच के लिए तैयारी करना है। मैं पिछले तीन मैचों में हमारे प्रदर्शन से काफी खुश हूं। जिस तरह से हम खेले और जिस तरह से हमने गेंद पर कब्जा रखा, वह शानदार है। हम विरोधी टीमों पर हावी रहे।

भारत एटीएम : हर किराना स्टोर बना बैंक

नई दिल्ली (वार्ता)। भारत एटीएम ऐप ग्रामीण भारत के लिए नए दौर की डिजिटल बैंकिंग सेवाएं लेकर आया है। दिसम्बर 2020 में महाग्राम द्वारा लॉन्च किया गया यह ऐप देश भर में ग्रामीणों को विभिन्न प्रकार की बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध कराता है। उपभोक्ता अपने घर के नज़दीक ही कई तरह की ई-बैंकिंग सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं। महाग्राम के संस्थापक राम श्रीरात ने आज यहां कहा कि यह प्लेटफॉर्म स्थानीय किराना स्टोर को बैंक में बदल देता है, जो ग्रामीणों को बैंकिंग, ऋण और बीमा सेवाएं उपलब्ध कराते हैं। इस फिनटेक स्टार्ट-अप के साथ 4.5 लाख छोटे मर्चेन्ट्स जुड़ चुके हैं, जो 2000 करोड़ रुपये के सकल लेनदेन मूल्य के साथ 14,645 पिन कोड को कवर करते हैं।

उन्होंने कहा कि अब डिजिटल बैंकिंग सेवाएं सिर्फ भारत के शहरी इलाकों तक ही सीमित नहीं हैं बल्कि गांवों के लोग भी अपनी सुविधानुसार बैंकिंग सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं। ऐसा एक अग्रणी एनईओ बैंकिंग ऐप, भारत एटीएम की वजह से ही संभव हो पाया है, जो छोटे मर्चेन्ट्स एवं उपभोक्ताओं को व्यापक सेवाएं प्रदान करता है। वे किराना स्टोर्स के साथ साझेदारी करते हैं, जहां उपभोक्ता बैकिंग सेवाएं पा सकते हैं। श्री राम ने कहा कि इस तरह गांवों में रहने वाले लोगों को नज़दीकी बैंक शाखा तक जाने के लिए लम्बी दूरी तय नहीं करनी पड़ती और उनके समय एवं पैसे दोनों की बचत होती है। बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के, उपभोक्ता इन स्थानीय स्टोर्स पर पैसा जमा कर सकते हैं, नकद निकाल सकते हैं और ऋण के लिए आवेदन कर सकते हैं। वे अपनी स्थानीय भाषा में कई अन्य बैंकिंग सेवाओं का लाभ भी उठा सकते हैं। इस ऐप के ज़रिए रीटेल उपभोक्ता अपने पास के स्टोर में आधार कार्ड और पैन कार्ड की कॉपी (ई-केवाईसी के लिए) देकर बैंक खाता खोल सकता है। इस तरह भारत ऐप के माध्यम से वे पैसा और समय बिना खर्च किए आसान एवं सुविधाजनक बैंकिंग सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं। भारत एटीएम जहां एक ओर ई-बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध कराता है, वहीं दूसरी ओर ग्रामीणों में आत्मविश्वास भी उत्पन्न करता है। वे बेहिचक रीटेल स्टोर जाकर अपना बैंक खाता खोलने के लिए कह सकते हैं, जो पहले कभी इतना आसान नहीं था। उपभोक्ता को सिर्फ ऐप डाउनलोड करना होता है और अकाउन्ट बनाना होता है। उन्होंने कहा कि केवाईसी पूरा होने के बाद यूज़र भारत एटीएम की सेवाओं का लाभ उठा सकता है।

कार्यालय संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-4, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.)
email ID: eocghbzone5@gmail.com

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल द्वारा कामर्शियल काम्पलेक्स सेजबहार, जिला रायपुर में निर्मित दुकान क्रमांक-08 सेक्टर 07 श्री रितेश कश्यप गुप्ता पिता श्री शंभू लाल गुप्ता के नाम पर आफर आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा उक्त दुकान का सेलडीड दिनांक 07.03.2018 को निष्पादित करा लिया गया है। आबंटी रितेश कश्यप गुप्ता पिता श्री शंभूलाल गुप्ता निवासी-एलआईजी-01 हाउसिंग बोर्ड कालोनी सेजबहार रायपुर (छ.ग.) द्वारा मु. आम श्री शैलेष देशमुख पिता श्री कृष्ण राव देशमुख, निवासी एलआईजी-742 हाऊसिंग बोर्ड कालोनी सेजबहार रायपुर (छ.ग.) द्वारा उक्त दुकान को वर्तमान में क्रेता श्री विजय कुमार पांडे पिता श्री अवधेश कुमार पांडे निवासी म.नं. एल-06 गुलशन वाटिका, सेजबहार रायपुर (छ.ग.) के नाम पर विक्रय अनुमति हेतु आबंटी द्वारा पूर्व में जारी विक्रय अनुमति एवं विक्रय इकरारनामा निरस्तीकरण तथा नवीन इकरारनामा आवेदन पत्र तथा आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेज के आधार पर उक्त दुकान को नवीन क्रेता श्री विजय कुमार पांडे पिता श्री अवधेश कुमार पांडे के नाम पर विक्रय हेतु अनुमति प्रदान किया जाना है।

अतः उक्त दुकान को विक्रय करने की अनुमति प्रदान किए जाने पर किसी भी व्यक्ति शासकीय/ अर्धशासकीय संस्था निकाय बैंक अथवा वित्तीय संस्था इत्यादि को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा नियत समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
प्रक्षेत्र-4, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी
(रा.) दुर्ग, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./रजि. नंबर 202110100400165 अ/2

पक्षकार का नाम- श्री मनोज कुमार सिंह

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री मनोज कुमार सिंह आ. श्री नंदकिशोर सिंह निवासी ए.सी.सी.कालोनी जामुल भिलाई तहसील व जिला दुर्ग द्वारा द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन एवं पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा. सं. 1959 की धारा 172/ 59 (2)(5) तहत् प्रस्तुत किया गया हैं। जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण चिचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
कुरूद प.ह.न 19अ तह.व जिला दुर्ग	1574/303	0.020हे. 2400 वर्गफीट	आवासीय

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा-आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 07.10.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया ।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
दुर्ग, जिला-दुर्ग

कार्यालय संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-4, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.)
email ID: eocghbzone5@gmail.com

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल द्वारा कालोनी बेलभाठा (अभनपुर), जिला रायपुर में निर्मित अटल आवास योजनांतर्गत भवन क्र.-72 श्री संतोष कुमार घृतलहरे पिता बुधारूराम घृतलहरे को स्व-वित्तीय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा उक्त भवन का पूर्ण मूल्य जमाकर दिनांक 04.09.2009 को लीजडीड पंजीकृत कराकर आबंटी श्री संतोष कुमार घृतलहरे पिता बुधारू राम घृतलहरे निवासी काशीराम नगर, तेलीबांधा, रविग्राम रायपुर (छ.ग.) द्वारा दिनांक 10.09.2015 को हस्तांतरण विलेख (फ्री-होल्ड) निष्पादित करा लिया गया है। हस्तांतरण विलेख निष्पादन उपरांत उक्त भवन को क्रेता श्रीमती गुरमीत कहार पति श्री रमेश कुमार कहार, पता- अटल आवास बेलभाठा, अभनपुर पो. गिरोला, जिला रायपुर (छ.ग.) के पक्ष में दिनांक 22.07.2021 को विक्रय कर दिया गया है। वर्तमान में क्रेता श्रीमती गुरमीत कहार पति श्री रमेश कुमार कहार पता- अटल आवास बेलभाठा, अभनपुर पो. गिरोला, जिला रायपुर (छ.ग.) द्वारा उक्त भवन को फ्री होल्ड पश्चात अपने नाम पर नामांतरण किए जाने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय/ अर्धशासकीय संस्था निकाय बैंक अथवा वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/ भवन के नामांतरण किए जाने के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा नियत समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
प्रक्षेत्र-4, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, जोन क्र. 5 रायपुर
ईदगाह भाठा, पानी टंकी, रायपुर (छ.ग.)
ph.No. 0771-40455819 Email rmczone5@gmail.com

ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना

नामांतरण प्र.क्र. 248 दिनांक 6.10.21
वार्ड का नाम वार्ड- ठाकुर प्यारेलाल-40

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड-40 स्थित भूमि RPR560B00321 जो कि निगम अभिलेख में श्री नोहर सिंह ध्रुव s/o उदयराम ध्रुव के नाम से दर्ज है जिसको श्री नागेन्द्र सिंह ध्रुव s/o श्री वेदराम ध्रुव ने शपथपत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, वसीयतनामा, रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

जोन कमिश्नर
जोन क्रमांक-5
नगर पालिक निगम, रायपुर

कार्यालय, नगर पालिक निगम, जोन क्र. 5 रायपुर
ईदगाह भाठा, पानी टंकी, रायपुर (छ.ग.)
ph.No. 0771-40455819 Email rmczone5@gmail.com

ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना

नामांतरण प्र.क्र. 247 दिनांक 4.10.21
वार्ड का नाम वार्ड- डा. खूबचंद बघेल-68

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड-68 स्थित भूमि शाप नं. आई-433 जो कि निगम अभिलेख में जागृति गृह निर्माण सहकारी समिति (मर्यादित) द्वारा भागीदार हरिवल्लभ अग्रवाल s/o स्व. श्री रामदयाल अग्रवाल के नाम से दर्ज है जिसको श्रीमती अर्चना सोनी w/o कान्तिकुमार सोनी ने रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

जोन कमिश्नर
जोन क्रमांक-5
नगर पालिक निगम, रायपुर

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-1, सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर
email ID-eocghbzone1@gmail.com

आम सूचना

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल कालोनी हीरापुर रायपुर में निर्मित एलआईजी योजना में से भवन क्र. एलआईजी-1892 में श्री संजय कुमार श्रीवास्तव पिता श्री ओमप्रकाश को आबंटित किया गया है। मूल आबंटी द्वारा दिनांक 19.12.06 को विक्रय विलेख निष्पादित करा लिया गया है।

मूल आबंटी की मृत्यु दिनांक 23.3.19 को हो जाने के कारण श्रीमती नीलाम श्रीवास्तव पति स्व. श्री संजय कुमारी श्रीवास्तव द्वारा उक्त भवन/भूखंड अपने नाम पर नामांतरण करने हेतु आवेदन पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र शपथ पत्र वारिसों (1. अनन्य श्रीवास्तव पिता स्व. संजय कुमार श्रीवास्तव) की सहमति पत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेज के आधार पर उक्त भवन श्रीमती नीलम श्रीवास्तव पति स्व. श्री संजय कुमार श्रीवास्तव के नाम पर नामांतरण किया जाना है।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय/ अर्द्ध शासकीय/ वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/ भवन के नामांतरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशित की तिथि से 15 दिन के अंदर स्वतः उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नहीं की जावेंगी, एवं भवन का नामांतरण आदेश जारी कर दिया जावेगा।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01
कबीर नगर, रायपुर

न्यायालय नजूल अधिकारी, जिला कबीरधाम (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र./ई.पंजी 202110082200008
अ 20 (1)/2020-21

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती गंगोत्री सिंह पति स्व. श्री रमेश जाति क्षत्रीय साकिन कवर्धा द्वारा नजूल नगर कवर्धा स्थित शीट क्र. 15डी, भूखंड क्र. 209, क्षेत्रफल 151.00 वर्गमीटर भूखंड जो नजूल अभिलेख जांच रजिस्टर वर्ष 1975-76 में ईश्वरी प्रसाद आ. विनायक लाल श्रीवास्तव सा. कवर्धा के नाम पर दर्ज है। उक्त भूखंड क्षेत्रफल 151.00 व.मी. में से 90.35 व.मी. को पंजीकृत बयनामा दिनांक 27.07.2015 से क्रय कर भूखंड को क्रेता के नाम पर निर्धारण करवाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है, जिसकी सुनवाई दिनांक 26/10/2021 को नियत की गई है।

अतएव निर्धारण/नामांतरण के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को उजर अथवा आपत्ति हो वे इस न्यायालय में दिनांक 26/10/21 तक स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति मान्य नहीं किया जाएगा। आज दिनांक 12/10/21 को इस न्यायालय के पद मुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया है।

जारी दिनांक 12/10/2021
पेशी दिनांक 26/10/2021

सील

नजूल जांच अधिकारी
कबीरधाम

C/PDCL छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी मर्या.
(छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल की उत्तरवर्ती कम्पनी)

विद्युत अवरोध सूचना

समस्त सम्मानीय विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि 33/11 के.व्ही. निम्नलिखित उपकेन्द्र में दीपावली पूर्व उचित रखरखाव एवं मेंटनेंस कार्य हेतु निम्नानुसार दर्शाए गए क्षेत्र में विद्युत अवरोध रहेगी। जो कि निम्नांकित है :- (सूची संलग्न)

क्र.	दिनांक	33/11 के.व्ही. फीडर का नाम	प्रभावित क्षेत्र का नाम	उपसंभाग/वितरण केन्द्र का नाम
1	14.10.2021	11 के.व्ही. भिंभौरी	भिंभौरी, सिलघट, ढाबा, पिरदा, कुम्ही	सहायक/कनिष्ठ अभियंता, भिंभौरी
2	14.10.2021	11 के.व्ही. बेरला शहर	बेरला शहर	सहायक/कनिष्ठ अभियंता, बेरला
3	18.10.2021	11 के.व्ही. भटगांव ग्रामीण	रानो, जानो, भटगांव, बेन्दरचुवा, सोहागपुर, मुढ़िया, कुरलू, चेचानमेटा, गातापार, पातरझोरी, हाथीडोब	सहायक/कनिष्ठ अभियंता, परपोड़ी
4	18.10.2021	11 के.व्ही. भटगांव ग्रामीण	गाड़ाडीह, लूक, बुन्देली, पेन्ड्रावन, रूसे, गोडमर्रा	सहायक/कनिष्ठ अभियंता, परपोड़ी
5	18.10.2021	11 के.व्ही. लेंजवारा बस्ती	लेंजवारा	सहायक/कनिष्ठ अभियंता, सरदा
6	19.10.2021	11 के.व्ही. सरदा बस्ती	सरदा, भटगांव, भिलौरी, बावनलाख	सहायक/कनिष्ठ अभियंता, सरदा
7	19.10.2021	33 के.व्ही.आउटगोइंग मोहगांव फीडर	01 नम्बर एच.टी. उपभोक्ता	सहायक/कनिष्ठ अभियंता, देवकर
8	20.10.2021	33के.व्ही. एच.टी.कनेक्शन परपोड़ी फीडर टेपिंग लाईन	02 नम्बर एच.टी. उपभोक्ता	सहायक/कनिष्ठ अभियंता, परपोड़ी
9	20.10.2021	11 के.व्ही. खम्हरिया टाउन	खम्हरिया टाउन, कामाख्या राईस मिल, मनीष बिंदल, जय अंबे, अग्रवाल पंप, गोपाल उद्योग एवं संबंधित क्षेत्र आदि।	सहायक/कनिष्ठ अभियंता, थानखम्हरिया
10	20.10.2021	11 के.व्ही. गाड़ामोर बस्ती	गाड़ामोर, खमतराई, उफरा, बोहारडीह, सिंगारडीह, खंगारपाट	सहायक/कनिष्ठ अभियंता, भिंभौरी
11	20.10.2021	11 के.व्ही. परपोड़ी टाउन	धौराभाठा, परपोड़ी, दनिया, पथर्रीकला, पथर्राखुर्द	सहायक/कनिष्ठ अभियंता, परपोड़ी
12	20.10.2021	11 के.व्ही. ग्रामीण देवकर	बचेड़ी, कुम्हीगुड़ा, डेहरी, जामगांव, खुरूसबोड़, नवकेशा, सहसपुर, लालपुर	सहायक/कनिष्ठ अभियंता, देवकर
13	20.10.2021	11के.व्ही. मोहतरा बस्ती फीडर	तेन्दुभाठा, मोहतरा एवं गाड़ाभाठ	सहायक/कनिष्ठ अभियंता, साजा
14	20.10.2021	11के.व्ही.भेंडरवानी बस्ती फीडर	भेंडरवानी, करमतरा, चिल्फी एवं बेंदरची	सहायक/कनिष्ठ अभियंता, साजा
15	20.10.2021	11 के.व्ही. आनंदगांव बस्ती	आनंदगांव, नवागांव, खुड़मुड़ा, तेलगा, मुड़पारकला, भरदा	सहायक/कनिष्ठ अभियंता, बेरला
16	20.10.2021	11 के.व्ही. सांकरा बस्ती	बहेरा, सांकरा, बांसा, देवादा, करेली, चण्डीभाठा	सहायक/कनिष्ठ अभियंता, बेरला
17	21.10.2021	11 के.व्ही. देवरी बस्ती	देवरी, खाल्हे देवरी, जामगांव, बुचिडीह, आंदु अतरगड़ी, बुढ़ाजौंग, सिंगदेही	सहायक/कनिष्ठ अभियंता, सरदा
18	21.10.2021	11के.व्ही. पिरदा बस्ती	हरदी, खुड़मुड़ी, देवसरा, भालेसर, लाटा	सहायक/कनिष्ठ अभियंता, भिंभौरी
19	21.10.2021	11के.व्ही. अकलवारा बस्ती फीडर	मौहाभाठा, अकलवारा, काचरी, भोजेपारा, हरडुवा, मोहगांव एवं बासीन	सहायक/कनिष्ठ अभियंता, साजा
20	21.10.2021	11 के.व्ही.अकलवारा ग्रामीण	चोंगीखपरी, डंगनिया, राखीजोबा, खिसोरा, बुड़ेरा नारधी, साल्हेपुर	सहायक/कनिष्ठ अभियंता, देवकर
21	21.10.2021	11के.व्ही. हांटरांका बस्ती फीडर	हाटरांका, तोरण, करमू, हाड़ाहुली, कोटगांव एवं संबंधित क्षेत्र आदि।	सहायक/कनिष्ठ अभियंता, थानखम्हरिया
22	21.10.2021	11के.व्ही.देवरबीजा टाउन	देवरबीजा, बीजा, तेन्दुवा, नवापारा	सहायक/कनिष्ठ अभियंता, देवरबीजा
23	21.10.2021	11के.व्ही. देवकर टाउन फीडर	देवकर टाउन	सहायक/कनिष्ठ अभियंता, देवकर
24	21.10.2021	11 के.व्ही. बीजा बस्ती	बाजा, सुवरतला, खैरी, कोरवाय, लोलेसरा, पिपरिया	सहायक/कनिष्ठ अभियंता, परपोड़ी
25	21.10.2021	11के.व्ही. हतपान बस्ती	हतपान, करामाल, सिलघट, पतोरा, पथरपूंजी, बोरिया	सहायक/कनिष्ठ अभियंता, बेरला
26	22.10.2021	11के.व्ही. बोरतरा बस्ती	बोरतरा, मुंगलाटोला, भरदालोधी, सोनपुरी, कुटरू, मासुलगोंदी, तुमडीपार, कोंगियाकला, कोंगियाखुर्द, ढाप, चोरभठी, बिरनपुर, केहका, चेचानमेटा	सहायक/कनिष्ठ अभियंता, परपोड़ी
27	22.10.2021	11के.व्ही. बारगांव बस्ती	बारगांव	सहायक/कनिष्ठ अभियंता, सरदा
28	22.10.2021	11 के.व्ही. कंडरका बस्ती	कंडरका	सहायक/कनिष्ठ अभियंता, भिंभौरी
29	22.10.2021	11 के.व्ही. उमरावनगर बस्ती	कुरदा, कोपेडबरी, टिपनी, गोपालपुर, बनरांका, नवागांव मटिया, जेवरा एवं संबंधित क्षेत्र आदि	सहायक/कनिष्ठ अभियंता, थानखम्हरिया
30	22.10.2021	11के.व्ही. ठेलका बस्ती फीडर	ठेलका, बेलतरा एवं बेलगांव	सहायक/कनिष्ठ अभियंता, साजा
31	22.10.2021	11 के.व्ही.अकलवारा बस्ती फी.	सिंघनपुरी, देउरगांव, अतरझोला एवं बुधवारा	सहायक/कनिष्ठ अभियंता, साजा
32	22.10.2021	11के.व्ही. देवरबीजा ग्रामीण	सिरसा, सिंघौरी, भेडनी, रौदा, मोतेसरा, कंदई, कातलबोड़, केशडबरी	सहायक/कनिष्ठ अभियंता, देवरबीजा
33	22.10.2021	11के.व्ही. देवकर ग्रामीण फीडर	डेहरी, बचेड़ी, कुम्हीगुड़ा, लालपुर, नवकेशा, सहसपुर खुरूसबोड़, जामगांव, बुंदेली	सहायक/कनिष्ठ अभियंता, देवकर

कार्यपालन अभियंता
(सं./सं.) संभाग, छ.रा.वि.वित.कं. मर्या., साजा

न्यायालय अति. तहसीलदार दुर्ग 03 (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. अ/6- 2021

उद्घोषणा

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक नवीन कुमार साहू पिता स्व. गुलाबचंद साहू निवासी वार्ड क्र.-58 दुर्ग, थाना मोहन नगर तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) मौजा उरला प.ह.नं. 07 रा.नि.मं. सिकोला तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि ख.नं. 557/5 रकबा 0.016 हे. गणेश पिता चैनसिंग के नाम पर दर्ज है, भूमि स्वामी की मृत्यु दिनांक 26/12/17 को हो जाने के कारण वारिसानों का नाम दर्ज करने आवेदन पेश किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/ आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 22/10/21 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि समाप्त होने पर आपत्ति या दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 07/10/21 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

जारी दिनांक 07/10/2021
पेशी दिनांक 22/10/2021

सील

अति. तहसीलदार
दुर्ग 03 (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग

उद्घोषणा

अ-06/2020-21

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका चंदन जैन पति मिनेश कुमार जैन निवासी एलआईजी-234 पदमनाभपुर तहसील दुर्ग जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम कसारीडीह तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 783/42 रकबा 0.002 हे. भूमि को विक्रेता नारायण जयराम पिता जयराम शिवाजी निवासी ग्राम आदर्श नगर दुर्ग से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 22/09/21 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 18/10/21 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 30/09/21 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

जारी दिनांक 30/09/2021
सुनवाई दिनांक 18/10/2021

सील

तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. अ/6- 2020-21

उद्घोषणा

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिक चन्द्रकुमार सिंह ठाकुर अन्य पिता स्व. शम्भु दयाल ठाकुर निवासी आमापुरा दुर्ग मौजा रिसामा प.ह.नं. 45 रा.नि.मं. अण्डा तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि ख.नं. 969/1 रकबा 0.9600 हे. सुखबती ठाकुर के नाम पर दर्ज है, भूमिस्वामी की मृत्यु दिनांक 01/07/2021 को हो जाने के कारण वारिसानों का नाम दर्ज करने आवेदन पेश किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/ आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 23/10/2021 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि समाप्त होने पर आपत्ति या दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 04/10/2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

जारी दिनांक 04/10/2021
पेशी दिनांक 23/10/2021

सील

नायब तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-4, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.)
email ID: eocghbzone5@gmail.com

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल द्वारा दीनदयाल आवास योजनांतर्गत गातापार, रायपुर में निर्मित एलआईजी भवन क्र.-272 श्रीमती कविता बोरकर पति श्री सुनील बोरकर के नाम पर आवासीय भवन 30 वर्ष के लीज में छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा आबंटित है, उक्त भवन को फ्री-होल्ड के लिए निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जिनका फ्री-होल्ड संपरिवर्तन किया जाना है।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय/ अर्धशासकीय संस्था निकाय बैंक अथवा वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/ भवन का फ्री-होल्ड किए जाने में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा नियत समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
प्रक्षेत्र-4, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.)

शहर की आस्था का केंद्र बिंदु है शीतला मां का दरबार, 251 जोत जगमगा रहे

- **हर तरह के धार्मिक आयोजन से जुड़ा है यह मंदिर, कई लोगों की सुबह की शुरुआत होती है यहीं से**

नवप्रदेश संवाददाता

बालोद। शहर के गंगा सागर तालाब तट पर स्थित शीतला मंदिर शहरवासियों की आस्था का केंद्र बिंदु है। जहां विभिन्न धर्मों के मानने वाले लोग भी पूजा-अर्चना के लिए पहुंचते हैं। हर साल दोनों नवरात्र में यहां पर जोत जलाए जाते हैं। इस बार भी 251 जोत जल रहे हैं। शीतला मंदिर का धार्मिक ऐतिहासिक महत्व भी है। तीन से चार पीढ़ियों से यह मंदिर और उसकी ख्याति शहर में फैली हुई है। जहां पर शहर के विभिन्न समाज के लोग अपने विभिन्न धार्मिक अवसरों पर पूजा करने के लिए पहुंचते हैं। सिर्फ हिंदू ही नहीं विभिन्न धर्मों के आस्था का केंद्र यह शीतला मंदिर है। हिंदू और जैन समाज द्वारा शीतला सप्तमी पूजन पर भी यहां विशेष आराधना होती है। इस पर्व पर रात को 1 बजे यहां पूजा करने के लिए महिलाएं पहुंचते हैं। इस दौरान ठंडा भोजन व प्रसाद का विशेष महत्व होता है। शहरवासियों के लिए शीतला सप्तमी मनाने का यह प्रमुख धार्मिक केंद्र है। बगल में गंगा सागर तालाब है जहां विसर्जन का दौर विभिन्न अवसरों पर होता है। शीतला मंदिर से लोगों की सुबह की शुरुआत होती है। विभिन्न समाज के लोग यहां सुबह और शाम की आरती में इकट्ठा होते हैं और सुबह 5 बजे तो शाम को 6 से 7 बजे के बीच आरती में माता की सेवा गीत गाते हैं। नवरात्रि में इस मंदिर का महत्व और ज्यादा बढ़ जाता है। राह चलते लोग यहां माथा टेकने जरूर रुकते हैं। जिन लोगों की शीतला माता से विशेष आस्था है वह रोज सुबह या तो शाम को यहां दर्शन करने के लिए जरूर आते हैं। माता का दरबार लोगों के लिए हमेशा खुला रहता है। मंदिर समिति द्वारा इसके गेट का निर्माण ऐसे किया गया है कि अगर मंदिर बंद भी हो तो लोग इसका बाहर से दर्शन आसानी से कर सकते हैं। जिस तरह गांव में शीतला मंदिर होती है और जो पूरे गांव वालों की आस्था का केंद्र होता है। उसी तरह बालोद शहर में धार्मिक आस्था का प्रमुख केंद्र शीतला मंदिर है। जहां विविध धर्म व समाज के लोगों की आस्था जुड़ी हुई है। मंदिर समिति द्वारा दानदाताओं के सहयोग से उक्त

मंदिर का विकास किया जा रहा है। समय-समय पर मंदिर का रंगरोगन सजावट व निर्माण भी होता आया है। मंदिर का स्वरूप भी अब काफी बदल चुका है और इसकी सुंदरता भी बदली हुई है। बगल में ही गंगा सागर तालाब की वजह से इसकी खूबसूरती भी और बढ़ जाती है। तो साथ ही इससे लगा हुआ साईं मंदिर भी इस स्थल के धार्मिक महत्व को बढ़ा देता है। साईं मंदिर और शीतला मंदिर दोनों ही समिति बालोद शहर की धार्मिकता व यहां के शांतप्रिय माहौल के प्रोत्साहन में मील का पत्थर साबित होते हैं। हर गुरुवार साईं मंदिर समिति द्वारा भंडारा का आयोजन किया जाता है। हर हफ्ते के लिए एक-एक दानदाता जहां भंडारे का आयोजन करते हैं। तो शीतला मंदिर में भी समय-समय पर दानदाताओं का सहयोग मिलता रहता है। इससे मंदिर का विकास किया जा रहा है। विविध संस्कार और अनुष्ठान भी इस मंदिर परिसर में कराए जाते हैं। जब यहां हवन पूजन होते हैं तो सैकड़ो की भीड़ उमड़ पड़ती है। यहां मनोकामना जोत जलाये जाते हैं। शीतला माता के प्रति विशेष आस्था लोगों को अच्छे कार्यों के लिए प्रेरित करती है। कई परिवार के लोग ऐसे हैं जो दिन की शुरुआत यहां पूजा अर्चना से करते हैं। इसके लिए वे सुबह ही नहा कर तैयार हो जाते हैं और आरती में शामिल होते हैं। सुबह से ही माता के मंदिर की घंटी और धार्मिक गीत लोगों को बिस्तर से उठाने का काम करती है और यहां आस-पास के वार्डों का माहौल शीतलामय हो जाता है।

दशहरा उत्सव की तैयारियां जोरों पर

खरोरा। खरोरा में हर वर्ष की तरह दशहरा के पावन पर्व पर व्यापक रूप में भव्य कार्यक्रम क्रिकेट स्टार ग्रुप, प्रयास युवा मंच व नगरवासियों द्वारा आयोजित किया जा रहा है जिसमें रामलीला का आयोजन किया जा रहा है। विशाल रावण की मूर्ति बनाई जा रही है साथ ही आतिशबाजी की जाएगी। कोरोना गाइडलाइन का पालन करते हुए कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। विगत दो वर्षों से कोरोना के चलते स्थगित दशहरा उत्सव इस बार और भव्य रूप से मनाया जाएगा। इस वर्ष 61 फीट का रावण तैयार किया जा रहा है। यह कार्यक्रम खरोरा नगर के नये बस स्टैंड के सामने मैदान पर रखा गया है खरोरा के सभी जन पूरे उत्साह से कार्यक्रम में अपनी भागीदारी देते है पूरे उत्साह और एकजुट हो कर कार्यक्रम का आंनद लेते है। रावण दहन कार्यक्रम में तिल्दा, आरंग, जैसे बड़े शहरों से खरोरा पहुंचते हैं। कार्यक्रम में इलेक्ट्रॉनिक आतिशबाजी का इस्तेमाल होता है जिसे विशाखापटनम से बुलाया जाता है

ग्राम केसला में भगवान राम की निकली बारात

खरोरा/नवप्रदेश। भगवान राम विवाह का मंचन किया गया। इस अवसर पर विनोद देवांगन सरपंच ग्राम पंचायत के निवास स्थान से प्रभु श्री रामचंद्र जी बारात निकली। जिसका केशला पेट्रोल पंप, तिगड्डा चौक, कृष्णा चौक में भ्रमण करते हुए निलेश गोयल अध्यक्ष श्रमजीवी पत्रकार संघ के निवास स्थान पर वहां पर उनके द्वारा राम जी बरात उसका भव्य स्वागत किया गया। रथ पर भरत शत्रुघ्न सहित राजा दशरथ भी सवार होकर निकले विभिन्न मार्गो का भ्रमण करते हुए श्री रामचंद्र जी की बारात रामलीला मंडली चौक केशला पहुंची। वहां पर उपस्थित जिसका रामलीला मंडली के सदस्यों ने जोरदार आतिशबाजी के साथ स्वागत किया। इसके बाद रामलीला में सीता स्वयंवर का मंचन किया गया ।

ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में आध्यात्मिक ज्ञान वर्षा कार्यक्रम संपन्न

खरोरा। ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में नवरात्रि के अवसर पर आध्यात्मिक ज्ञान वर्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ अग्रवाल समाज अध्यक्ष नरेंद्र अग्रवाल, पूर्व उपाध्यक्ष जिला पंचायत रायपुर नवीन अग्रवाल, उपाध्यक्ष नगर पंचायत खरोरा पन्ना देवांगन, सिख समाज अध्यक्ष सतबीर चावला, चैंबर ऑफ कॉमर्स खरोरा के महामंत्री सूरज सोनी, जोगिंदर सलूजा व वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका ब्रह्माकुमारी गंगा बहन व ब्रम्हाकुमारी भावना बहन ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। अग्रवाल समाज अध्यक्ष नरेंद्र अग्रवाल ने कहा कि सत्यता की राह पर चलना ही सच्ची पूजा है ।

इस अवसर पर प्रवक्ता ब्रम्हाकुमारी बहन गंगा ने कहा कि आज के समय में लोगों के पास सभी चीजों के लिए समय रहता है पर खुद के लिए नहीं लोगों को खुद के लिए समय निकाल खुद की जांच करनी चाहिए कि उन्होंने क्या सही किया है या क्या गलत और दिन में कम से कम 2 मिनट परमात्मा को याद करना चाहिए।

जब भी घर से निकले थैला लेकर निकले : डॉ सुमन

राजनांदगांव। शासकीय कमला देवी राठी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में स्वतंत्रता के 75वें वर्ष के आगमन पर आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत पर सिंगल यूज प्लास्टिक के विरूद्ध जन जागरूकता अभियान के तहत एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुमन सिंह बघेल ने कहा कि भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के निर्देशानुसार, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल क्षेत्रीय कार्यालय दुर्ग के सहयोग से 4 से 10 अक्टूबर तक महाविद्यालय के सभी विभागों में सिंगल यूज प्लास्टिक के विरूद्ध जन जागरूकता अभियान इको क्लब द्वारा चलाया गया। सिंगल यूज प्लास्टिक आज विश्व व्यापी समस्या बन गयी है। इस कारण हमें व्यक्तिगत रूप से सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने का संकल्प लेना है और जब भी बाजार जाये तो कपड़े का थैला लेकर जाये, जिससे सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग स्वतः खत्म हो जायेगा। महाविद्यालय के पर्यावरण संरक्षण समिति के संयोजक डॉ. ओंकार लाल श्रीवास्तव ने बताया कि विश्व में सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग में भारत का योगदान 94 लाख टन प्रतिवर्ष है। जिससे धरती की उर्वरा शक्ति लगातार कम हो रही है तथा जल स्रोतो में उपलब्ध प्लास्टिक के नैनो कण हमारे स्वास्थ्य के लिए खतरा पैदा कर रही है। साथ ही प्लास्टिक खाने से पालतू जानवर मर जाते है और दूध की गुणवता कम हो रही है। इसलिए से नो टू प्लॉस्टिक कहना एवं करना अनिवार्य हो गया है। कार्यक्रम के संचालक एवं इको क्लब के संयोजक सहायक प्राध्यापक आलोक जोशी ने कार्यक्रम में उपस्थित 360 छात्राओं को संकल्प दिलाया कि वे महाविद्यालय परिसर, घर तथा अपने गांव एवं शहर को सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त करने में यथा संभव स्थानीय निकायों का सहयोग करेगें और भारत को पुनः सस्य श्यामला बनाने में सहयोग करें।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

पीएम मोदी ने किया...

शक्ति देने का शुभ कार्य हो रहा है। यह 21वीं सदी के भारत के निर्माण को नई ऊर्जा देगा। विकास के रास्ते की रुकावट को दूर करेगा और भारत के विकास को गति देगा। एक पोर्टल से सभी योजनाओं की जानकारी मिलेगी। देसी हैंडीक्राफ्ट अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दिखेंगे। उन्होंने कहा कि पहले की सरकारों को लगता था कि जैसा चल रहा है, वैसा चलने दो आज का भारत समय पर प्रोजेक्ट को पूरा कर रहा है। सरकारी शब्द का मतलब पहले बिगड़ गया था, लोगों को लगता था कि सरकारी मतलब क्वालिटी खराब है। लेकिन अब भारत 21वीं सदी में पुरानी सोच पीछे छोड़ रहा हैं।

16 विभागों को किया जाएगा शामिल : इस योजना में रेलवे, सड़क व राजमार्ग, पेट्रोलियम और गैस, बिजली, दूरसंचार, नौवहन, विमानन व औद्योगिक पार्क बनाने वाले विभागों समेत केंद्र सरकार के 16 विभागों को शामिल किया जाएगा। केंद्र के सभी 16 विभागों के उच्च अधिकारियों का नेटवर्क प्लानिंग ग्रुप गठित किया जाएगा। इससे देश में विकास को गति देने में मदद मिलेगी।

प्रगति मैदान के नए कॉम्प्लेक्स का उद्घाटन भी किया : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहले प्रगति मैदान के नए कॉम्प्लेक्स का उद्घाटन किया। इसमें 4 हॉल बनकर तैयार हो चुके हैं। इनको पूरी तरह से बदल दिया गया है। इसमें 4800 कार एक साथ पार्क हो सकेगी। फिलहाल कुछ अंडरपास और टनल बन रही हैं, जिससे बाहर की सड़कों का ट्रैफिक कंट्रोल किया जा सकेगा।

तेजी से काम कर...

पाइपलाइन पर काम चल रहा है। जितना काम 27 साल में हुआ, उससे ज्यादा काम हम उसके आधे समय में करने वाले हैं। कहीं पोर्ट होते थे तो उनको कनेक्ट करने वाले रेल-सड़क मार्ग नहीं होते थे। इससे एक्सपोर्ट, लॉजिस्टिक कॉस्ट बढ़ी। ये आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में रुकावट है। एक स्टडी के मुताबिक, भारत में लॉजिस्टिक कॉस्ट जीडीपी का करीब 13त्न है। दुनिया के बड़े देशों में ऐसी स्थिति नहीं है।

सरकार में भावना ...

समय पर या कभी पूरा होगा या नहीं इसको लेकर कोई भरोसा नहीं था। वर्क इन प्रोग्रेस का बोर्ड अविश्वास का प्रतीक बन गया था। लेकिन अब ये सोच बदल रही है। आने वाले 4-5 साल में देश में 200 से ज्यादा नए एयरपोर्ट, हेलीपैड और वाटर एयरडोम बनने जा रहे हैं। देश के किसानों, मछुआरों की आय बढ़ाने पर काम चल रहा है। 1 हजार किलोमीटर लंबे नए मेट्रो रूट पर काम चल रहा है। अब देश को विश्वास है कि भारत तेजी से काम कर सकता है।

गति शक्ति नेशनल ...

को स्पीड देने की कोशिश होगी। इससे उद्योगों की कार्य क्षमता बढ़ाने में मदद मिलेगी और स्थानीय विनिर्माताओं को बढ़ावा मिलेगा। इसके तहत 16 मंत्रालयों और विभागों ने उन सभी परियोजनाओं को जियोग्राफिक इन्फॉर्मेशन सिस्टम मोड में डाल दिया है, जिन्हें 2024-25 तक पूरा किया जाना है। गति शक्ति देश के लिए नेशनल इंफ्रास्ट्रक्चर का मास्टर प्लान होगा। यह इकोनॉमी को इंटीग्रेटेड पाथ-वे देगा। गति शक्ति सभी रोड़ों को और कठिनाइयों को हटाएगी। सामान्य आदमी के ट्रेवल टाइम में कमी होगी, मैन्युफैक्चरर्स को मदद होगी। अमृत काल के इस दशक में गति की शक्ति भारत के कायाकल्प का आधार बनेगी।

लखीमपुर हिंसा की...

कि जिसने भी उनके बेटे की हत्या की उसे सजा मिले और यह भी कहा कि जिस व्यक्ति ने हत्या की उसके पिता देश के गृह राज्य मंत्री हैं। जब तक वह अपने पद पर हैं तब तक न्याय नहीं मिलेगा, ये बात हमने राष्ट्रपति को बताई है। वहीं प्रियंका गांधी ने कहा कि राष्ट्रपति ने हमको आश्वासन दिया है कि वह आज इस मामले पर सरकार के साथ चर्चा करेंगें। उनकी (केंद्रीय गृह राज्य मंत्री) बर्खास्तगी की मांग कांग्रेस की मांग नहीं है, हमारे साथियों की मांग नहीं है, यह जनता की मांग है और पीड़ित किसान परिवारों की मांग है।

21 को आईजी-एसपी...

की उपलब्धता एवं बंटन की स्थिति, सुपोषण अभियान, आश्रम-छात्रावासों के उन्नयन की स्थिति, चिटफंड घोटाले के पीड़ितों को राशि वापसी की स्थिति की समीक्षा भी करेंगे।

बिजली संकट टालने दो...

साव, महिला बाल विकास की पूर्व अध्यक्ष हर्षिता पाण्डेय, विधायक रजनीश सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

सीएम ने आरएसएस...

बघेल के द्वारा संघ की तुलना नक्सलियों से करने पर नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कैशिक ने पलटवार करते हुए कहा कि ये मुख्यमंत्री नहीं उनकी वामपंथी विचारधारा बोल रही है। कांग्रेस अपनी विचारधारा से भटक चुकी है। वामपंथी उस पर हावी हो चुके है। यही वजह है कि देश प्रदेश में वो अंतर्कलह से जूझ रही है। मुख्यमंत्री को संघ के बारे में पहले पढ़ना चाहिए।

22 गांव के ग्रामीण 270 किमी ...

भी नहीं है। पिछले कई वर्षों से वे लोग मांग करते आए हैं कि उनके गांवों को ग्राम पंचायत घोषित कर दिया जाए, लेकिन ऐसा नहीं किया जा रहा है। रामचंद्र बघेल ने कहा, राज्यपाल को पांचवीं अनुसूची क्षेत्र का संरक्षक कहा गया है, ऐसे में हम लोग उनके पास अपनी मांग लेकर आए हैं। हमारी एक ही मांग है कि नगर पंचायत बस्तर का विघटन कर गांवों को पुराना ग्राम पंचायत वाला दर्जा दे दिया जाए। वहां गांवों के मुताबिक बुनियादी सुविधाएं और रोजगार के अवसर प्रदान हों।

असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती...

2023 तक विश्वविद्यालयों के विभाग में सहायक प्रोफेसर के पद पर सीधी भर्ती के लिए पीएचडी डिग्री अनिवार्य योग्यता नहीं होगी. यूजीसी ने आगे कहा, यह संशोधन भारत के राजपत्र के भाग- आईआईआई, खंड-4 में हिंदी और अंग्रेजी में प्रकाशित किया गया है, जिसे आधिकारिक वेबसाइटों से डाउनलोड किया जा सकता है. कोविड-19 महामारी के कारण उत्पन्न समस्याओं को ध्यान में रखते हुए निर्णय लिया गया है. आधिकारिक अधिसूचना केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान द्वारा पीएचडी आवश्यकता पर 1 वर्ष की छूट की घोषणा के बाद जारी की गई है. अधिकांश शीर्ष संस्थानों और विश्वविद्यालयों को शिक्षकों की भारी कमी का सामना करना पड़ रहा है और इस निर्णय से इन भर्तियों में तेजी आ सकेगी.

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट	पक्षकार का नाम	ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं.
202110100400424	अंतराम साहू	अ-22021-22

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक अंतराम साहू आ. स्व. दशरथ साहू निवासी 569/2 सड़क नं- 10 आशीषनगर पूर्व रिसाली भिलाई तहसील व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम रिसाली प.ह.न. 22 तह. व जिला दुर्ग	762/15 762/16	0.030 हें 3000 वर्गफीट	आवासीय

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की कोई दावा/ आपत्ति हो तो प्रकरण उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 30.09.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-74/वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका विभा जैन वगै. पति स्व. रमेश कुमार जैन निवासी ग्राम दीपक नगर तह. व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 1360/1 रकबा 0.061 हे. भूमि जो कि आवेदक/शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक द्वारा मूल ऋण पुस्तिका गुम हो जाने पर डुप्लीकेट ऋणपुस्तिका प्रदाय करने हेतु आवेदन पत्र चालान की मूल प्रति बैंको द्वारा प्रस्तुत अनापत्ति प्रमाण पत्र, थाना की रिपोट व राजस्व अभिलेख सहित इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 22.10.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 06.10.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202110100400032

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक राजेश कुमार कोरी आ. मोतीलाल कोरी निवासी इस्पात नगर रिसाली द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम हनोदा प.ह.न. 39 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 742/75 रकबा 0.0185 हें/ 2000 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 01.10.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम भिलाई

क्रमांक/ 1650/चार/रा.वि./न.पा.नि./183बी

भिलाई, दिनांक 13.10.2021

निविदा संशोधन सूचना

निविदा आमंत्रण सूचना क्रं. 1277/183/रा.वि./न.पा.नि. भिलाई दिनांक 28.09.2021 में संशोधन करते हुए निविदा प्रपत्र जारी करने तिथि 20.10.2021, निविदा प्राप्त करने की तिथि 26.10.2021 एवं निविदा खोलने की तिथि 27.10.2021 किया जाता है।

अधीक्षक (विज्ञापन)

नाम परिवर्तन

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं पुराना नाम शेफाली पाटनी (SHEFAALI PATNI) पति प्रतीक जैन (PRATIK JAIN) अपना पुराना नाम को बदल कर नया नाम शेफाली पाटनी (SHEFALI PATNI) पति प्रतीक जैन (PRATIK JAIN) निवास/पता 13/16 ऋषभ नगर दुर्ग जिला-दुर्ग (छ.ग.) रखा लिया हूँ अतः अब मुझे भविष्य में समस्त शासकीय अर्द्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में नया नाम शेफाली पाटनी (SHEFALI PATNI) पति प्रतीक जैन (PRATIK JAIN) से जाना एवं पहचाना जाये।

शपथकर्ती
शेफाली पाटनी
SHEFALI PATNI

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

मा.क्र.//अ-06/ वर्ष 2021 -22

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक अजय कुमार पिता स्व. सुरज सिंह निवासी ग्राम आदर्श नगर कसारीडीह दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग द्वारा ग्राम कसारीडीह तह. व जिला दुर्ग तह. व जिला दुर्ग स्थिम भूमि खसरा नं. 773/13 रकबा 0.028 हे. भूमि जो कि आवेदक/शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि के भूमिस्वामी के खातेदार स्व. सुरज सिंह की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर विधिक वारिसानों का नाम वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने बाबत् आवेदन इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को इस संबंध में आपत्ति दावा या उजर पेश करना हो तो दिनांक 11.10.2021 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या उजर प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई कार्यवाही नही किया जावेगा।

आज दिनांक 22.09.2021 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

मुहर

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

मा.क्र.//अ-06/ वर्ष 2020 -21

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका भगवती बाई साहू आ. स्व. गिरधर निवासी उमरपोटी तहसील व जिला दुर्ग द्वारा ग्राम मचांदूर तह. व जिला दुर्ग तह. व जिला दुर्ग स्थिम भूमि खसरा नं. 658 रकबा 0.1900 हे. भूमि जो कि कमलबाई ध.प. स्व. गिरधर के नाम पर वर्तमान अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि के भूमिस्वामी के मृत्यु दिनांक 21/05/2021 को हो जाने पर फौती दर्ज कर विधिक वारिसानों का नाम वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने बाबत् आवेदन इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को इस संबंध में आपत्ति दावा या उजर पेश करना हो तो दिनांक 29.10.2021 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या उजर प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई कार्यवाही नही किया जावेगा।

आज दिनांक 08.10.2021 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

नायब तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

मुहर

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

इश्तहार

202110100700053

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण उमेंदी राम यादव पिता मंगलू राम एवं अन्य 10 सभी निवासी आजाद चौक कसारीडीह दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम दुर्ग प.ह.न. 24 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 1082 का टु. रकबा 1 डिसमिल/ 300 वर्गफीट व खसरा नं. 1082/1 का टु. रकबा 1/2 डिसमिल/240 वर्गफीट भूमि को क्रेता दशमत बाई जौजे समारू रावत निवासी पचरीपारा दुर्ग को विक्रेता अंगद बाई जौजे दाउ परमानंद अग्रवाल साकिन बनियापारा दुर्ग को क्रमशः दिनांक 18/06/1959 व दिनांक 18/02/1964 को पंजीकृत बैनामा के माध्यम से क्रय किया गया था। उक्त भूमि की क्रेता द्वारा आवेदित भूमि का भूलवश प्रमाणीकरण नहीं कराया गया था। क्रेता दशमत बाई के द्वारा उक्त क्रय शुदा भूमि का पंजीकृत वसीयतनामा दिनांक 04/10/1985 को किया गया व क्रेमा दशमत बाई की मृत्यु दिनांक 19/01/1989 को हो जाने तथा वसीयत प्राप्तकर्ता शांतिदेवी की मृत्यु दिनांक 08/06/2018 को हो जाने पर व दोनों के द्वारा पंजीकृत बैनामा व वसीयत के आधार पर नामांतरण मूलवश नहीं कराए जाने पर आवेदकगण जो कि वसीयत प्राप्त कर्ता शांति देवी के वारिसान है का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 27.10.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 06.10.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

मा.क्र.//अ-06/ वर्ष 2020 -21

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक राजकुमार साहू आ. द्वारिका प्रसाद निवासी ग्राम व पोस्ट खोपली तहसील व जिला दुर्ग द्वारा ग्राम खोपली43 तह. व जिला दुर्ग तह. व जिला दुर्ग स्थिम भूमि खसरा नं. 120, 126, 129, 1592, 1663, 119 रकबा 0.200, 0.140, 0.130, 0.110, 0.140, 0.160 हे. भूमि जो कि जमुनाबाई साहू पित द्वारिका एवं अन्य एवं जमुनाबाई साहू पति द्वारिका के नाम पर वर्तमान अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि के भूमिस्वामी खातेदार जमुनाबाई साहू की मृत्यु दिनां 24/04/2021 को हो जाने पर फौती दर्ज कर विधिक वारिसानों का नाम वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने बाबत् आवेदन इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को इस संबंध में आपत्ति दावा या उजर पेश करना हो तो दिनांक 13.10.2021 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या उजर प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई कार्यवाही नही किया जावेगा।

आज दिनांक 28.09.2021 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर

नायब तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल राजनांदगांव

:: आवश्यक सूचना ::

सम्माननीय विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि दीपावली पूर्व विद्युत लाईनों एवं उपकरणों के आवश्यक सुधार कार्य हेतु निम्नलिखित क्षेत्रों में प्रातः 9.00 बजे से दोपहर 1.00 बजे तक उनके आगे दर्शाई तिथियों में विद्युत प्रदाय बंद रहेगा :-

क्र.	दिनांक	उपकेन्द्र का नाम/ फीडर का नाम	प्रभावित क्षेत्र
01	17.10.2021 (रविवार)	11 के.व्ही. कंचन बाग एवं सनसिटी फीडर	अटल आवास, बैगा पारा, कन्हारपुरी रोड, राहुल नगर, शांति विजय अपार्टमेंट वीणा नगर, सनसिटी
02	18.10.2021 (सोमवार)	11 के.व्ही. बसंतपुर फीडर	मोहारा रोड, नंदई रोड, नंदई बस्ती एवं आसपास के क्षेत्र, नंदई चौक हाट बाजार, ठाकुर दैया तालाब, नंदई कुआं चौक, कांजी हाउस, दरोगा चाल, पठान पारा, सदर लाईन, जैन बगीचा, मोहता बिल्डिंग
03	20.10.2021 (बुधवार)	11 के.व्ही. मोहड़ फीडर	सिंगदई, धामनपारा, मोहड़
04	21.10.2021 (गुरूवार)	11 के.व्ही. पनेका फीडर	बजरंग नगर, मोहारा, मोहरा रोड के आसपास का क्षेत्र
05	22.10.2021 (शुक्रवार)	11 के.व्ही. हल्दी फीडर	हल्दी, सिंगदई चौक
06	23.10.2021 (शनिवार)	11 के.व्ही. विकास नगर फीडर	विकास नगर, राजीव नगर, संजय नगर, दुर्गा चौक, कोठारा पारा, चक्की पारा, संतोषी नगर, अटल आवास, कन्हारपुरी
07	25.10.2021 (सोमवार)	11 के.व्ही. रामदरबार फीडर	नेहरू नगर, एफ.सी.आई. गोदाम के आसपास, जी.ई. रोड, शंकर नगर, एबीस होटल के आसपास का क्षेत्र, शिवनाथ कालोनी
08	26.10.2021 (मंगलवार)	11 के.व्ही. नेहरू नगर फीडर	नेहरू नगर, भगतसिंग बाड़ी, वृद्धाश्रम
09	27.10.2021 (बुधवार)	11 के.व्ही. टाउन-1 फीडर	पारस डाइगनोस्टिक, गौरीनगर फाटक के आसपास, टाकापारा, वेसलियन स्कूल, अवस्थी चाल, नगर निगम दुकान, मुदलियार चाल, बग्गा रेस्टोरेंट, कीका भाई काम्पलेक्स, पुराना रेस्ट हाउस, टाउन हॉल, स्टेट स्कूल
10	28.10.2021 (गुरूवार)	11 के.व्ही. सनसीटी-1 फीडर	सनसीटी कॉलोनी
11	29.10.2021 (शुक्रवार)	11 के.व्ही. सनसीटी-2 फीडर	सनसीटी कॉलोनी

टीप :- आवश्यकतानुसार समयावधि घटाई/बढ़ाई जा सकती है।
''असुविधा के लिए खेद है ''
''स्वहित एवं राष्ट्रहित में विद्युत की बचत कीजिए ''

कार्यपालन अभियंता (संचा./संधा.) संभाग
छ.ग.स्टे.पॉ.डिस्ट्री.कं.लिमि. राजनांदगांव

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित, प्रबंध संपादक - चन्द्रशेखर धोटे
फोन व फैक्स : 0771-4035602, RNI NO.CHHHIN/2012/41806/ डाक पंजीयन क्रमांक सी.जी./आर.वाई.पी. डीएन/40/2019-2021

न्यूज गैलरी

20 अक्टूबर तक कर सकते है दावा आपत्ति

कवर्धा। कृषि वर्ष 2021-22 मौसम खरीफ के लिए किये गये गिरदावरी के आधार पर प्रत्येक भूमि के संबंध में राजस्व अभिलेख में अंकित भूमिस्वामी का नाम, भूमि का क्षेत्रफल तथा उस पर ली जा रही फसल विवरण की जानकारी राजस्व विभाग के विभागीय बेवसाईट के ग्रामवार प्रतिवेदन के अंतर्गत उपलब्ध विकल्प फसलवार क्षेत्राच्छादन रिपोर्ट भू-स्वामीवार फसल क्षेत्राच्छादन रिपोर्ट, कृषि खातेदार जिनके द्वारा फसल ली गई है के माध्यम से ऑनलाईन उपलब्ध कराया गया है। यदि उक्त प्रविष्टियों के संबंध में किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो आगामी 20 अक्टूबर तक संबंधित तहसील कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। प्राप्त दावा-आपत्ति का निराकरण उपरांत अंतिम प्रकाशन 25 अक्टूबर 2021 तक किया जायेगा।

कबाड़ से जुगाड़ में संदीप पांडे प्रथम

राजनांदगांव। विकासखंड स्तरीय कबाड़ से जुगाड़ प्रतियोगिता करमरी में शासकीय उच्च प्राथमिक शाला मोरकुटुम्ब, संकुल-मोरकुटुम्ब के नवाचारी, कर्मठ शिक्षक संदीप पांडे उच्च प्राथमिक विभाग में प्रथम स्थान पर रहे। इससे पूर्व वे संकुल तथा जोन स्तर में भी प्रथम रहे हैं। 5 अक्टूबर को शासकीय उच्च माध्यमिक शाला करमरी विकासखंड-छुरिया में आयोजित कार्यक्रम में शिक्षक संदीप पांडे ने गणित विषय में संख्या रेखा पर परिमेय संख्या, लघुत्तम समापवर्तक, महत्तम समापवर्तक गुणा व पहाड़ा तथा विज्ञान विषय में पाचन तंत्र, उत्सर्जन तंत्र, श्वसन तंत्र का प्रदर्शन करते हुए विकासखंड में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

सैनिक स्कूल में प्रवेश परीक्षा के लिए अन्तिम तिथि 26

कवर्धा। छत्तीसगढ़ राज्य के एक मात्र सैनिक स्कूल अम्बिकापुर में शिक्षा सत्र 2022-23 में कक्षा छठवीं की 100 सीटों के लिए सैनिक स्कूल जिला अम्बिकापुर में प्रवेश परीक्षा हेतु आवेदन फार्म 27 सितंबर से ऑनलाइन भरना शुरू हो गये है। जिले के पात्र इच्छुक छात्रों के लिए रक्षा अधिकारी की तैयारी के लिए सुनहरा मौका है। इच्छुक पात्र छात्र आगामी 26 अक्टूबर तक आवेदन भर सकते है। निर्धारित कार्यक्रम अनुसार कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु अखिल भारतीय सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा 9 जनवरी 2022 (रविवार) को आयोजित की जाएगी। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए प्राचार्य सैनिक स्कूल अम्बिकापुर मेण्ड्राकलां जिला सरगुजा से या दूरभाष क्रमांक 07774-4261609, 7747-032999 पर सम्पर्क किया जा सका है। सैनिक स्कूल के प्रभारी प्राचार्य कमाण्डर तजिन्दर सिंह गिल ने बताया कि ऑनलाईन फार्म सैनिक स्कूल सोसायटी की अधिकारिक वेबसाइट पर भरे जा सकते है। सामान्य/रक्षा कर्मी वर्ग के बालकों के लिए पंजीयन शुल्क रूपए 550 और अनुसूचित जाति/जनजाति के लिए रूपए 400 है।

नवरात्रि के अवसर पर छात्रों को पाठ्य सामग्री का किया गया वितरण

खरोरा। कुमारी सरिता सेन एवं तोलेंद्र साहू खरोरा द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला खरोरा में कक्षा पहली से पांचवी तक के छात्राओं को नवरात्रि के अवसर पर पेन, कॉपी, पेंसिल, स्कूल बैग एवं अन्य अध्ययन सामग्री वितरण किया गया। साथ ही बच्चों के लिए पानी के लिए विद्यालय को एक स्टील ड्रम भेंट किया गया। इस अवसर पर संकुल समन्वयक देवेंद्र सिंह ठाकुर, संस्था प्रमुख सुरेखा शर्मा एवं शिक्षक गिरीश यादव, मोहित साहू, डोमन लाल साहू, मंदाकिनी चंद्राकर, पत्रकार रोहित वर्मा उपस्थित थे।

फसलों में अब भूरा माहू का प्रकोप

खरोरा। धान की फसलों में अब पेनिकल किट (मकड़ी) के बाद अब भूरा माहू का प्रकोप छाया हुआ है। किसान भूरा माहू के रोकथाम के लिए 2-2 बार किटनाशक का उपयोग कर चुके। बावजूद इसके कोई विशेष प्रभाव नहीं दिखने के कारण अब तीसरा बार कीटनाशक का छिड़काव कर रहे हैं। इस बीमारी से किसानों को छुटकारा नहीं मिलने के कारण उनके माथे पर चिंता की लकीरे दिख रही। आशंका है कि भूरा माहू की वजह से धुरसा न हो जाए।

200 से अधिक नाराज कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने पार्टी से दिया इस्तीफा

गरियाबंद/नवप्रदेश। कोपरा गांव के 200 से अधिक नाराज कांग्रेसी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने इस्तीफा देकर पार्टी को धर्मसंकट में डाल दिया है। एक तरफ गांव के नाराज हजारों ग्रामीण ओर सैकड़ों कांग्रेसी है तो दूसरी तरफ पार्टी की ही महिला सरपंच है। ऐसे में क्या पार्टी नाराज पदाधिकारियों ओर कार्यकर्ताओं का इस्तीफा मंजूर करेगी या फिर अपनी ही पार्टी की महिला सरपंच पर कार्रवाई करवाएगी या फिर बीच का रास्ता निकालकर धर्म संकट से बाहर निकलने की कोशिश करेगी।

अब सभी की निगाहें इसी पर टिकी है। दरअसल मंगलवार को कोपरा के 200 से अधिक कांग्रेसियों ने विधायक अमितेष पर उनका सहयोग नहीं करने और भ्रष्टाचार में संलिप्त गांव की महिला सरपंच को बचाने का आरोप लगाते हुए अपने पदों और पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। हालांकि नाराज कांग्रेसी कल सुबह ही अपने सामूहिक इस्तीफे की घोषणा कर चुके थे और सोशल मीडिया के जरिये अपना इस्तीफा पार्टी संगठन को भेज चुके थे।

उसके बाद देर शाम फिंगेश्वर ब्लॉक अध्यक्ष रूपेश साहू के निवास पहुंचकर सभी नाराज कार्यकर्ताओ ने विधिवत अपना इस्तीफा उनको सौंपा। रूपेश साहू ने बताया कि कोपरा के लगभग 200 कार्यकर्ताओं ने इस्तीफा सौंपा है। जिसे पार्टी संगठन के उच्च पदाधिकारियों तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने कहा कि फिलहाल किसी का इस्तीफा मंजूर नहीं किया गया है। उन्होंने आपस में बैठकर बातचीत से मामले को सुलझाने का भरोसा दिलाया है।

सरपंच की कार्यशैली से ग्रामीण खुश नहीं : कांग्रेस जिला संगठन महामंत्री ओकर सिंह भी नाराज हैं। कार्यकर्ताओं के साथ इस्तीफा देने रूपेश साहू के निवास पहुंचे ओंकार सिंह ने कहा कि सरपंच की कार्यशैली से ग्रामीण खुश नहीं है। उसे हटाना चाहते है, मगर विधायक इस मामले में ग्रामीणों का साथ ना देकर सरपंच का साथ दे रहे है उसे बचाने में लगे है। जिससे कोपरा के ग्रामीण नाराज है। उन्होंने कहा कि वह भी ग्रामीणों के साथ है और पार्टी पद से इस्तीफा दे रहे। कुछ ऐसा ही दुख जिला महामंत्री ठाकुर साहू, मोतीलाल साहू और राजेश यादव ने भी व्यक्त किया है। सभी ने सामूहिक इस्तीफा सौंपते हुए ग्रामीणों के साथ खड़ा होने का ऐलान किया है। विधायक अमितेष शुक्ल की मामले में अब तक कोई प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

जिले का है सबसे बड़ा गांव : कोपरा गरियाबंद जिले का सबसे बड़ा गांव है। राजनीति में इस गांव की दखलंदाजी का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि जिला कार्यकारणी में यहां से 4 महामंत्री बनाये गए है, ब्लॉक कार्यकारणी में 2 महामंत्री शामिल है। इसके अलावा दर्जनों कार्यकर्ता अलग-अलग पदों पर आसीन है। जो अभी नाराज है और सभी अपने पदों से इस्तीफा दे चुके है।

स्वर्णिम विजय मशाल यात्रा का आगमन बेमेतरा में होने पर किया भव्य स्वागत

■ जिलावासियों ने किया स्वर्णिम विजय मशाल यात्रा का स्वागत

बेमेतरा/नवप्रदेश। वर्ष 1971 के भारत पाकिस्तान युद्ध मे भारतीय सेना के वीर एवं जाबाज योद्धाओं जिन्होंने युद्ध में अपने प्राण न्यौछावर किये एवं जो इस युद्ध के साक्षी रहे हैं को समर्पित करते हुए स्वर्णिम विजय वर्ष मनाया जाने का निर्णय शासन द्वारा लिया गया है। स्वर्णिम विजय वर्ष के मशाल यात्रा कबीरधाम जिले से होकर मंगलवार को बेमेतरा में इस विजय मशाल रैली का आगमन हुआ।

यह कार्यक्रम बेमेतरा के टाउन हॉल मे आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि विधायक बेमेतरा आशीष छाबड़ा ने कहा कि युद्ध के 50 साल पूरे होने पर स्वर्णिम मशाल यात्रा निकाली गई है। मां भद्रकाली की पावनधरा बेमेतरा मे मैं स्वागत करता हूं। भारत देश के वीर योद्धा को मैं अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं जिन्होंने अपने प्राणों की आहूति दी। इस युद्ध में भारतीय सेना ने पाकिस्तान सैनिकों को धूल चटाई। विधायक ने 1971 के युद्ध के साक्षी रहे कैप्टन दल्लू प्रसाद अवस्थी एवं कैप्टन मदन मोहन बाजपेयी का शाल श्रीफल भेंट कर एवं 5 हजार रुपए की नकद राशि से सम्मानित किया। नगर पालिका अध्यक्ष शकुंतला साहू ने जिले के भूतपूर्व सैनिक स्व. जीवन लाल सोनी की धर्मपत्नि बबीता सोनी को शाल श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया।

कलेक्टर विलास भोसकर संदीपान ने कहा कि भारत पाक युद्ध के 50 वर्ष पूरे होने पर स्वर्णिम विजय मशाल यात्रा का आगमन हुआ है, जिले में हम इसका स्वागत करते हैं।

एक ही दिन में 17 हजार से अधिक लोगों ने लगवाया कोरोना टीका लगवाया सुरक्षा टीका

■ कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग ने चलाया टीकाकरण महाअभियान

राजनांदगांव/नवप्रदेश। जिंदगी की सुरक्षा के लिए कोविड-19 टीकाकरण कार्यक्रम लगातार जारी है। इसी क्रम में जिले में टीकाकरण महा अभियान भी चलाया गया जिसमें एक ही दिन में 17 हजार से अधिक लाभार्थियों का कोरोना टीकाकरण किया गया। इस दौरान लाभार्थियों ने कतार में खड़े होकर सुरक्षा का टीका लगवाया। टीका लगवा चुके लोग अब अन्य को भी कोविड टीका लगवाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। कोरोना संक्रमण पर नियंत्रण तथा इससे बचाव के लिए नगर निगम राजनांदगांव के साथ ही जिले के विकासखंड अंबागढ़ चौकी, छुईखदान, छुरिया, डोंगरगांव, खैरागढ़, मानपुर, मोहला व घुमका में कोरोना टीकाकरण महा अभियान चलाया गया जिसमें सबसे ज्यादा लोगों का टीकाकरण घुमका विकासखंड में किया गया है। टीकाकरण महा अभियान के दौरान नगर पालिक निगम क्षेत्र राजनांदगांव में 1,101 (प्रथम डोज-510 व द्वितीय डोज-591), अंबागढ़ चौकी में 951 (प्रथम डोज-135 व द्वितीय डोज-816), छुईखदान में 2,499 (प्रथम डोज-1,079 व द्वितीय डोज-1,420), छुरिया में 2,003 (प्रथम डोज-558 व द्वितीय डोज-1,445), डोंगरगांव में 1,698 (प्रथम डोज-699 व द्वितीय डोज-999), डोंगरगढ़ में 1ए927 (प्रथम डोज-686 व द्वितीय डोज-1,241), खैरागढ़ में 2,451 (प्रथम डोज-740 व द्वितीय डोज-1,711), मानपुर में 830 (प्रथम डोज-82 व द्वितीय डोज-748), मोहला में 982 (प्रथम डोज-115 व द्वितीय डोज-867) और घुमका में 3,241 (प्रथम डोज-1,180 व द्वितीय डोज-2,061), समेत जिले में कुल 17,683 लोगों का टीकाकरण किया गया।

जनपद पंचायत सीईओ के पद पर विभागीय अधिकारियों की पदस्थापना करने की मांग

■ विकास विस्तार अधिकारी संघ के प्रतिनिधियों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

गरियाबंद/नवप्रदेश। जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी पद पर पदस्थापना में गैर विभागीय अधिकारियों के स्थान पर पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग में कार्यरत अधिकारियों को प्राथमिकता दिए जाने की मांग लेकर मंगलवार को गरियाबंद जिला विकास विस्तार अधिकारी संघ के प्रतिनिधियों ने कलेक्टर निलेश क्षीरसागर को ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधि मंडल में रामस्वरूप साहू, डीके शांडिल्य, डीएस नागवंशी व जेके गजभिये शामिल रहे।

प्रतिनिधि मंडल ने कलेक्टर के समक्ष अपनी बात रखते हुए कहा कि गरियाबंद जिले में जनपद पंचायतों में मुख्य कार्यपालन अधिकारी के पद पर गैर विभागीय अधिकारी कार्यरत हैं। जिससे वर्षों से विभाग में सेवा दे रहे विकास विस्तार अधिकारियों को मनोबल भी गिरा है। जिले में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के 10 विकास विस्तार अधिकारी/अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी पदस्थ हैं। जो मूल रूप से विभाग के अधिकारी हैं और जिन्हें विभागीय कार्यों के संचालन का वर्षों का लंबा अनुभव है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी की अनुपस्थिति में कार्यालय संचालन के दायित्व निर्वहन भी उनके द्वारा किया जाता रहा है। विकास विस्तार अधिकारी वर्तमान अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत के दायित्वों का संपादन किया जा रहा है इसके साथ ही विकास विस्तार अधिकारियों द्वारा विभिन्न जनपद पंचायतों में प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत एवं जिला पंचायतों में सहायक परियोजना अधिकारी के दायित्वों का निर्वाह किया जा रहा है। अतः इनके कार्य दायित्व एवं अनुभव के आधार पर विकास विस्तार अधिकारी को मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत पर सुचारू संचालन हेतु उचित होगा। कलेक्टर ने प्रतिनिधि मंडल की मांगों को ध्यानपूर्वक सुना और जल्द ही इस पर उचित कार्यवाही का आश्वाशन दिया।

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायगढ़ (छ.ग.)

Phone No. - 07762-222911, Fax No.- 07762-222923
Email : nraigarh@ymail.com, website- www.nagarnigamraigarh.com
क्रमांक 1853/जल वि./न.पा.नि./2021 रायगढ़, दिनांक 12/10/2021

-: ई-प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना :-

नगर पालिक निगम, रायगढ़ जल विभाग में वित्तीय वर्ष 2021-22 तथा आगामी निविदा होने तक के लिए सबमर्सिबल पंप, मोटर व अन्य सामग्री के रिवाईडिंग एवं रिपेयरिंग कार्य, कार्य की लागत राशि 34.00/- लाख रु., अमानत राशि 26,000.00/-रु. निविदा प्रपत्र शुल्क 1500.00/- रु. निगम क्षेत्रांतर्गत (इलेक्ट्रीकल्स संबंधित सामग्री/इलेक्ट्रिशियन संबंधित प्रमाण पत्र) दुकान स्थापना पंजीयन प्रमाण पत्र धारी (GST पंजीयन प्रमाण पत्र होना चाहिए) से निविदा प्रपत्र ''ब'' में देय होगा। उपरोक्त कार्य की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी System Tender No. 85471 ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in से देखी जा सकती है, निविदा प्रपत्र के साथ निर्धारित प्रपत्र शुल्क डी.डी. के माध्यम से एवं अन्य दस्तावेज दिनांक 12/11/2021 अपरान्ह 04.00 बजे तक स्पीड पोस्ट/ पंजीकृत डाक से मुहरबंद पद्धति से आमंत्रित की जाती है।

नोट :- * कार्य का अन्य विवरण एवं नियम शर्तें कार्यालय से कार्यालयीन समय में देखा जा सकता है।

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम
रायगढ़ (छ.ग.)

सैनिक स्कूल में कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित

गरियाबंद/नवप्रदेश। शैक्षणिक सत्र 2022-23 में सैनिक स्कूल अम्बिकापुर में कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु अखिल भारतीय सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा 9 जनवरी 2022 रविवार को आयोजित की जायेगी। सैनिक स्कूल के प्रभारी प्राचार्य कमाण्डर तजिन्दर सिंह गिल ने बताया है कि शैक्षणिक सत्र 2022-23 में सैनिक स्कूल अम्बिकापुर में प्रवेश हेतु आनलाईन आवेदन राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी की आधिकारिक वेबसाइट एआईएसएसईई डॉट एनटीए डॉट एनआईसी डॉट इन पर 26 अक्टूबर 2021 तक भरे जायेंगे।

मुख्यमंत्री पहुंचे महापौर निवास, पार्षदों व पदाधिकारियों से की चर्चा

राजनांदगांव/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल डोगरगढ़ में मां बम्लेश्वरी के दर्शन पश्चात रायपुर लौटते समय राजनांदगांव पहुंचे। मुख्यमंत्री राजनांदगांव प्रवास के दौरान महापौर निवास गए। जहां महापौर हेमा सुदेश देशमुख के नेतृत्व में पार्षदों एवं कांग्रेस पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री का भव्य स्वागत किया। महापौर निवास में 1 घंटा रूके। इस दौरान पार्षदों, पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर चर्चा की। मेयर ने शहर में कराए जा रहे विकास कार्यो के संबंध में जानकारी दी। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अपने स्वागत से अभिभूत होकर महापौर के कार्यो की सराहना करते हुए शहर विकास में सहयोग का आश्वासन दिया।

स्पर्धा के जरिए बालिकाओं के शारीरिक व मानसिक विकास पर जोर

कबीरधाम/नवप्रदेश। अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरुक करने तथा मानसिक समग्र विकास के लिए जिले के सभी विकासखंडों में विभिन्न प्रेरक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

इस दौरान बालिकाओं ने चित्रकला तथा रंगोली के माध्यम से चुनौतियों व अधिकारों के संरक्षण से संबंधित विषयों को रेखांकित किया। साथ ही स्पर्धा के विजेताओं को पुरस्कृत भी किया गया। हर साल 11 अक्टूबर को अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया जाता है, ताकि बालिकाओं के सामने आने वाली चुनौतियों और उनके अधिकारों के संरक्षण के बारे में जागरूकता बढ़ाई जा सके।

इसी क्रम में इस वर्ष भी बालिका दिवस के अवसर पर जिले में विभिन्न प्रेरक कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिले के चारों विकासखंडों में स्कूल, कॉलेज आदि में बालकाओं के लिए रंगोली, चित्रकला, भाषण व प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई। पंडरिया विकासखंड के बीएमओ डॉ. बीएल राज ने बताया, बालिका दिवस के अवसर पर शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में बारहवीं कक्षा की छात्राओं के मध्य बालिकाओं के स्वास्थ्य विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। स्पर्धा में छात्राओं ने एक से बढ़कर एक प्रेरक चित्र बनाकर बालिकाओं के स्वास्थ्य को रेखांकित करते हुए विभिन्न रोगों की रोकथाम के लिए जागरुक करने का प्रयास किया।

कार्यालय जोन क्रमांक-3 नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

:: द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना ::

क्रमांक 53/न.पा.नि./जोन-03/2021-22 रायपुर, दिनांक 11.10.2021
मैनुअल पद्धति निविदा आमंत्रित की जाती है :-

01. निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन तिथि	-	21.10.2021	कार्यालयीन समय 5.00 बजे तक
02. निविदा प्राप्त करने की तिथि	-	22.10.2021	कार्यालयीन समय 5.00 बजे तक
03. निविदा जमा करने की तिथि	-	26.10.2021	कार्यालयीन समय 4.00 बजे तक
04. निविदा खोलने की तिथि	-	26.10.2021	कार्यालयीन समय 5.00 बजे तक

कार्य का विवरण निम्नानुसार है :-

क्र.	कार्य का नाम	आगणित राशि (लाख में)	अमानती राशि	निविदा प्रपत्र मूल्य	ठेकेदार की श्रेणी	प्रपत्र एवं एस.ओ.आर. का विवरण	समयावधि
01	मदर टेरसा वार्ड क्र. 48 अंतर्गत संजय ड्रायक्लीनर्स से लालवानी जी के घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य।	5.00	5000/-	750/-	'डी' एवं इससे ऊपर	प्रपत्र 'अ' (पी.डब्ल्यू.डी. भवन दिनांक 01.01.2015 एस.ओ.आर.)	02 माह
02	मदर टेरसा वार्ड क्र. 48 अंतर्गत लालवानी जी के घर से बलराज मानिकपुरी के घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य।	5.00	5000/-	750/-	'डी' एवं इससे ऊपर	प्रपत्र 'अ' (पी.डब्ल्यू.डी. भवन दिनांक 01.01.2015 (एस.ओ.आर.)	02 माह

1. नगर पालिक निगम, रायपुर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु लोक निर्माण विभाग छ.ग. शासन, रायपुर में एकीकृत पंजीयन प्रणाली से सक्षम श्रेणी में पंजीकृत तथा कार्य के अनुभवी ठेकेदारों से तीन लिफाफा पद्धति जमा करना है।
2. लिफाफा (अ) में अमानती राशि का एफ.डी.आर. व शपथ पत्र एवं चाही समस्त दस्तावेज।
3. लिफाफा (ब) में निविदा प्रपत्र भरकर सीलबंद करना होगा।
4. (अ)+(ब) एक अन्य तीसरे लिफाफा (स) में भरकर ही स्पीड के द्वारा प्राप्त किया जावेगा।
5. सर्वप्रथम लिफाफा (स) खोलने के पश्चात लिफाफा (अ) खोला जावेगा जिसमें अमानती राशि का एफ.डी.आर. एवं अन्य चाही गई दस्तावेज होने पर ही निविदा प्रपत्र की लिफाफा (ब) खोली जावेगा तथा लिफाफे में 'अ' (अमानती राशि, शपथ-पत्र, दस्तावेज) 'ब' (निविदा प्रपत्र) 'स' अंकित होना अनिवार्य है।
6. निविदा जमा करने की तिथि एवं खोलने के तिथि में किसी वजह से अवकाश घोषित होता है तो वह कार्यालयीन दिवस में किया जावेगा।
7. समक्ष ई-रजिस्ट्रेशन, बैंक सालवेंसी, लास्ट तीन साल आईटआर, पेन कार्ड, जीएसटी रजिस्ट्रेशन एवं लास्ट तीन माह क्लीयरेंस डिटेल, अमानती राशि का एफ.डी.आर. के साथ जमा करना अनिवार्य होगा।
8. 100 रुपए के स्टाम्प पेपर पर शपथ पत्र नोटरी द्वारा सत्यापन सहित प्रस्तुत करना होगा।
9. किसी भी निविदा को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अधिकार नगर निगम रायपुर के पास सुरक्षित है।
10. निविदा संबंधी अन्य शर्तें एवं जानकारियों कार्यालय अवधि/दिवस में प्राप्त की जा सकती है।
11. उक्त निविदा नगर पालिक निगम, रायपुर के वेबसाईट nagarnigamraipur.nic.in में देखी जा सकती है।

घरों से निकलने वाले गीला और सूखा कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें

कार्यपालन अभियंता
जोन क्रमांक- 03
नगर पालिक निगम, रायपुर

वस्त्र मंत्रालय
विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) कार्यालय
हस्तशिल्प पुरस्कार-2019

हस्तशिल्प क्षेत्र की वृद्धि और विकास में उत्कृष्ट मास्टर शिल्पकारों के योगदान की मान्यता प्रदान करने के लिए विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) कार्यालय के द्वारा उन्हें हस्तशिल्प क्षेत्र के सर्वोत्तम पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है। जीवन में एक बार दिया जाने वाला यह पुरस्कार शिल्पकारों को हमारी शिल्प परंपराओं और शिल्प कौशल में उत्कृष्ठता को बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित करता है।

निम्नलिखित पुरस्कार श्रेणियों के अनुसार हस्तशिल्प पुरस्कार-2019 के लिए पात्र हस्तशिल्पियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

संख्या	पुरस्कार का नाम	पुरस्कार संख्या
1.	शिल्पगुरू पुरस्कार	कुल : 10 संख्या
2.	राष्ट्रीय पुरस्कार	कुल : 33 संख्या 20 राष्ट्रीय पुरस्कार 19 शिल्प श्रेणियों के लिए 05 राष्ट्रीय पुरस्कार महिला कारीगरों के लिए आरक्षित 05 राष्ट्रीय पुरस्कार लुप्तप्राय शिल्प के लिए आरक्षित 03 डिजाइन नवीनीकरण के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार

ऑनलाइन पोर्टल 16/10/2021 को खुलेगा और 30/11/2021 को बंद होगा।
(http://www.handicrafts.nic.in/)

योग्यता : शिल्प गुरू पुरस्कार के लिए योग्य हस्तशिल्पी 50 वर्ष से अधिक आयु के होने चाहिए। हस्तशिल्पी राष्ट्रीय पुरस्कार (और डिजाइन नवीनीकरण राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए हस्तशिल्पी/डिजाइनर) 30 वर्ष से अधिक आयु के होने चाहिए।

हस्तशिल्प पुरस्कार-2019 के लिए विस्तृत दिशानिर्देश, विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) की वेबसाइट http://www.handicrafts.nic.in/ पर उपलब्ध है। शिल्पकृति जमा करने में किसी भी सहायता के लिए क्षेत्रीय कार्यालयों और हस्तशिल्प सेवा केंद्रों से भी संपर्क किया जा सकता है।

विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) कार्यालय
वेस्ट ब्लॉक 7, आर.के. पुरम, नई दिल्ली 110066
ईमेल : dchejs@nic.in
davp41103/11/0006/2122

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-6/21-22

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका कृष्णा मित्रा पति स्व. मनोज कुमार मित्रा निवासी ग्राम रिसाली, तहसील दुर्ग जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम रिसाली तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 123/20, रकबा 0.0300 हे. भूमि जो कि आवेदक/शामिल सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार मनोज कुमार की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक परिवार के सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्ता को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 26/10/2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 11/10/21 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

जारी दिनांक 11/10/2021
सुनवाई दिनांक 26/10/2021

सील

तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार अहिवारा-2, तहसील धमधा, जिला दुर्ग (छ.ग.)

रा.प्र.क्र./202109104000055/
अ-6/2020-21 मौजा बिरेभाट प.ह.न.47

उद्घोषणा

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका मालती विश्वकर्मा पति अजय विश्वकर्मा साकिन शक्तिनगर दुर्ग तहसील धमधा व जिला दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा संहिता की धारा 109-110 के अंतर्गत आवेदन किया है कि मौजा बिरेभाट प.ह.नं. 47 रा.नि.मं. अहिवारा, तहसील धमधा में स्थित भूमि खसरा नं. 258/1 रकबा 0.012 हे. भूमि को भूधारक/विक्रेता आशीष कुमार सिंह आ. अशोक सिंह साकिन भिलाई तह. व जिला दुर्ग से पंजीकृत विक्रय विलेख क्रमांक 1823 दिनांक 18.06.2019 को क्रय किया गया है। जिसके आधार पर उपरोक्त वादभूमि पर अपना नाम दर्ज करवाने हेतु इस न्यायालय में निवेदन किया गया है।

अतएव इस आवेदन के संबंध में विधिक आपत्तियां/ दावा रखने वाला व्यक्ति/ संस्था, स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 14.10.2021 को स्थान उप तहसील अहिवारा में लिखित आवेदन कर निवेदित कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 22.09.2021 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुहर से जारी किया गया है।

पेशी दिनांक 14/10/2021
जारी दिनांक 22/09/2021

सील

नायब तहसीलदार
अहिवारा-2

न्यायालय तहसीलदार धमधा, जिला दुर्ग (छ.ग.)

रा.प्र.क्र./अ-6/अ 2020-21
ग्राम पेन्ड्रावन प.ह.नं. 02

उद्घोषणा

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मोहनलाल सोनी आत्मज दौवा प्रसाद सोनी निवासी सेक्टर 06 भिलाई तहसील दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.) द्वारा संहिता की धारा 115-116 के तहत आवेदन पेश किया गया है कि ग्राम पेन्ड्रावन प.ह.नं. 02 स्थित भूमि ख.नं. 388, 409/5, 1428/5 रकबा 0.34, 0.09, 0.07 कुल खसरा नं. 03 कुल रकबा 0.50 हे. भू-राजस्व 1.39 रु. की भूमि वर्तमान राजस्व अभिलेख में मोहनलाल पिता दौवाराम के नाम पर दर्ज है। जिसे भूमि स्वामी द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्र के माध्यम से दिनांक 16/05/1974 को क्रय किया गया है। उक्त भूमि पर भूमिस्वामी का नाम मोहन पिता दौवाराम दर्ज है, जिसे सुधार किया जाकर मोहनलाल सोनी आ. स्व. दौवा प्रसाद सोनी राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने हेतु आवेदक द्वारा राजस्व दस्तावेज की छायाप्रति संलग्न करते हुए अन्य दस्तावेज संलग्न कर निवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में यदि जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति/दावा हो तो स्वयं अथवा विधिक अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में पेशी दिनांक 29/10/2021 को लिखित में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 08/10/2021 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुहर से जारी किया गया है।

पेशी दिनांक 29/10/2021
जारी दिनांक 08/10/2021

सील

तहसीलदार
धमधा

सीएम बघेल ने रतनपुर के मां महामाया देवी मंदिर में पूजा अर्चना की

प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज नवरात्रि पर्व की अष्टमी को बिलासपुर जिले के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल रतनपुर पहुंचे। उन्होंने वहां मां महामाया मंदिर में देवी माता की पूजा अर्चना की और प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। उन्होंने नागरिकों को नवरात्रि पर्व की शुभकामनाएं भी दी।

इस अवसर पर संसदीय सचिव एवं विधायक रश्मि सिंह, जिला पंचायत बिलासपुर के अध्यक्ष अरूण सिंह चौहान, नगर निगम बिलासपुर के महापौर रामशरण यादव, छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल के अध्यक्ष अटल श्रीवास्तव, आशीष सिंह ठाकुर, संभागायुक्त डॉ. संजय अलंग, कलेक्टर डॉ. सारांश मित्तर, पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा सहित क्षेत्र के अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक व अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के निर्माणाधीन कार्यों के परीक्षण के लिए राष्ट्रीय गुणवत्ता समीक्षकों का छत्तीसगढ़ दौरा

रायपुर। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के निर्माणाधीन कार्यों में तृतीय स्तर के गुणवत्ता परीक्षण के लिए राष्ट्रीय गुणवत्ता समीक्षक छत्तीसगढ़ आ रहे हैं। वे प्रदेश के दस जिलों का दौरा कर प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत निर्माणाधीन सड़कों का परीक्षण करेंगे। संबंधित जिले के राष्ट्रीय गुणवत्ता समीक्षक से उनके मोबाइल नंबर पर संपर्क कर प्रगतिरत सड़कों की गुणवत्ता के संबंध में शिकायत साझा की जा सकती है।

राष्ट्रीय गुणवत्ता समीक्षक दिलीप कुमार (मोबाइल नम्बर 9918857356) 17 अक्टूबर से नारायणपुर जिले में और 23 अक्टूबर से बीजापुर जिले में सड़कों की गुणवत्ता का परीक्षण करेंगे। अनिल कुमार बिहार (मोबाइल नम्बर 7903753767) 18 अक्टूबर से रायगढ़ में और 25 अक्टूबर से जशपुर में सड़कों की गुणवत्ता जांचेंगे। राम प्रकाश सिंह (मोबाइल नम्बर 9415258582) 19 अक्टूबर से बस्तर में और 26 अक्टूबर से दंतेवाड़ा में सड़कों की गुणवत्ता की समीक्षा करेंगे। पीआर साजी कुमार (मोबाइल नम्बर 9447333751) 19 अक्टूबर से बिलासपुर में और 25 अक्टूबर से जांजगीर-चांपा में सड़कों की गुणवत्ता जांचेंगे। ललित कुमार (मोबाइल नम्बर 9818690824) 18 अक्टूबर से दुर्ग में और 25 अक्टूबर से धमतरी जिले में सड़कों की गुणवत्ता की समीक्षा करेंगे।

छत्तीसगढ़ में की जाएगी अत्याधुनिक तकनीक से मैपिंग

GEOSPATIAL

- **जियो - स्पेशियल तकनीक पर एक दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला संपन्न**

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। छग इंफोटेक प्रमोशन सोसायटी, चिप्स और जियो-स्पेशियल वर्ल्ड नई दिल्ली के संयुक्त तत्वाधान में रायपुर के निजी होटल में सेमीनार का आयोजन किया गया। जियो-स्पेशियल तकनीक विषय पर आयोजित इस सेमीनार में राजस्व, वन, अदिम जाति विकास, जल संसाधन, ग्रामीण विकास प्राधिकरण, सीएसआईडीसी, नगरीय विकास आदि विभागों के 60 से अधिक प्रशासनिक अधिकारियों ने भाग लिया। चिप्स के सीईओ समीर विश्नोई ने बताया कि देश में जीआईएस क्षेत्र में उपयोग की जा रही नवीन तकनीकों से राज्य के विभिन्न विभागों को अवगत करवाने के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया है। उन्होंने बताया कि आधुनिक काल में डिजिटल सशक्तिकरण और मजबूत अर्थव्यवस्था, स्मार्ट शहरों, जल सिंचाई, स्वास्थ्य, स्वच्छता, सुरक्षा प्रबंधन आदि क्षेत्रों में भौगोलिक सूचना प्रणाली को महत्वपूर्ण साधन माना जा रहा है। इसलिए उभरती प्रौधोगिकी जैसे - आईओटी अर्टिफिशियल इंटेलिजेंसी, रोबोटिक्स, क्लाउड, ब्लॉकचेन, एआर आदि में भौगोलिक सूचना प्रणाली का प्रयोग निरंतर बढ़ रहा है।

ओबीसी तथा आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों का सर्वेक्षण अब 30 अक्टूबर तक

- **क्वांटिफायबल डाटा आयोग ने सर्वेक्षण की तिथि बढ़ाई**

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। छग क्वांटिफायबल डाटा आयोग द्वारा प्रदेश की जनसंख्या में अन्य पिछड़ा वर्ग तथा आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के सर्वेक्षण हेतु निर्धारित तिथि अब बढ़ाकर 30 अक्टूबर कर दी गई है। अब आवेदक सीजीक्यूडीसी मोबाइल एप पर ऑनलाइन पंजीकरण तथा अपने से संबंधित जानकारियां 30 अक्टूबर तक अपलोड कर सकेंगे। पूर्व में सर्वेक्षण के लिए 12 अक्टूबर की तिथि निर्धारित की गई थी। आयोग द्वारा संशोधित तिथि के निर्धारण के बाद सर्वेक्षण हेतु संशोधित विस्तृत कार्यक्रम जारी कर दिया है। सीजीक्यूडीसी मोबाइल एप गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है। छग क्वांटिफायबल डाटा आयोग के सचिव ने बताया कि संशोधित कार्यक्रम अनुसार ऑनलाईन पंजीकरण एवं डाटा संग्रहण व सत्यापन का कार्य 30 अक्टूबर तक किया जाएगा। डाटा संग्रहण पश्चात ग्राम पंचायत वार एवं वार्ड वार सूची का प्रारंभिक प्रकाशन, ग्राम पंचायत कार्यालय, जनपद कार्यालय, तहसील कार्यालय एवं जोन कार्यालय में 27 नवम्बर तक किया जाएगा। प्रारंभिक प्रकाशन पर दावा एवं आपत्ति 15 दिसम्बर तक प्राप्त की जाएगी। प्राप्त दावा एवं आपत्ति का निराकरण 30 दिसम्बर तक किया जाएगा। ग्राम पंचायत क्षेत्र में ग्राम सभा द्वारा नगरीय निकाय क्षेत्र में पीआईसी एवं एमआईसी द्वारा 20 जनवरी 2022 तक अनुमोदन किया जाएगा। ग्रामीण क्षेत्र में जनपद स्तर पर एवं नगरीय क्षेत्रों में निकाय स्तर पर डाटा संकलन का कार्य 05 फरवरी तक किया जाएगा। जनपद एवं निकाय स्तर से जिला स्तर पर डाटा संप्रेषण 18 फरवरी 2022 तक किया जाएगा। राज्य स्तर से नोडल अधिकारियों द्वारा डाटा आयोग को डाटा प्रेषण का कार्य 15 मार्च 2022 तक किया जाएगा।

प्ले स्टोर से करें डाउनलोड

सर्वेक्षण के लिए चिप्स द्वारा सीजीक्यूडीसी नाम से एप तैयार किया गया है जिसे गूगल प्ले स्टोर से इंस्टाल किया जा सकता है। इस एप को इंस्टाल करने के बाद आवेदक को पंजीयन करना होगा। पंजीयन लॉगिन के लिए चार विकल्प हैं। जिनमें आधार कार्ड, राशन कार्ड, राशन कार्ड में मुखिया के दर्ज मोबाईल नंबर के आधार पर लॉगिन अथवा उपरोक्त में से कोई भी प्रमाण उपलब्ध नहीं होने की दशा में वर्तमान में स्वयं के मोबाईल नंबर के आधार पर लॉगिन कर सकते हैं। लॉगिन उपरांत एप्प में एक प्रपत्र उपलब्ध होगा, जिसमें आवेदक से संबंधित जानकारी नाम, पिता/पति का नाम, वार्षिक आय परिवार के सदस्यों के नाम, वार्ड/ग्राम पंचायत, जनपद, जिला आदि की जानकारी भर कर अपलोड करना है। आवेदक के द्वारा अपलोड की गई जानकारी संबंधित आवेदक के ग्राम पंचायत/नगर पंचायत/नगरीय निकाय के वार्ड के लिए नियुक्त किये गये सुपरवाईजर के पास स्वतः फारवर्ड हो जायेगी। आवेदक के क्षेत्र में अधिकृत सुपरवाईजर के पास जैसे ही आवेदक की जानकारी प्राप्त होगी, वह उसका सत्यापन करेगा।

चलेगा सर्वे अभियान

अब सर्वेक्षण का कार्य सुपरवाईजारों द्वारा 30 अक्टूबर तक किया जाएगा। सर्वे का कार्य मोबाइल एप वेब पोर्टल के माध्यम से पूरे प्रदेश के नगरीय निकाय विभाग के नगर पंचायत, नगर निगम, नगर पालिका एवं ग्रामीण एवं पंचायत विभाग के ग्राम पंचायत जनपद पंचायत में नियुक्त किए गए सुपरवाइजर के माध्यम से किया जाएगा। सर्वे का कार्य 30 अक्टूबर तक चलेगा।

नगरीय प्रशासन मंत्री ने करोड़ों के विकास कार्यों का किया भूमिपूजन

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। नगरीय प्रशासन एवं विकास तथा श्रम मंत्री डॉ. शिव डहरिया ने आरंग विकासखंड के ग्राम पंचायत अछोली, सेजा, कुलीपोटा एवं ग्राम परसवानी (पण्डा) ग्राम पंचायत देवरतिल्दा में लगभग 1.50 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। मंत्री डॉ. डहरिया ने आदर्श ग्राम के अंतर्गत नाली निर्माण, कुदान निर्माण एवं सीसी रोड निर्माण कार्य हेतु आरंग विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों के अंतर्गत ग्राम पंचायत अछोली में 40 लाख, ग्राम कुलीपोटा, ग्राम पंचायत भैसमुड़ी में 40 लाख एवं ग्राम-परसवानी (पण्डा) ग्राम पंचायत देवरतिल्दा में 40 लाख के अलावा सेजा में सामुदायिक भवन हेतु 6.50 लाख, रंगमंच हेतु 1.28 लाख ग्राम कुलीपोटा में अतिरिक्त कक्ष 4.71 लाख तथा देवरतिल्दा में वर्मा समाज मुहल्ला में सामुदायिक भवन हेतु 6.50 लाख और देवरतिल्दा में 6.50 लाख रुपए की लागत से बनने वाले समुदायिक भवन का भूमि पूजन किया। मंत्री डहरिया ने कहा कि क्षेत्रीय लोगों को आवश्यकतानुसार पक्की और चौड़ी सड़कें, गलियों में सीसी रोड, सामुदायिक भवन, शासकीय भवन से मुख्य मार्ग तक सड़क, स्कूल और आंगनबाड़ी भवन, सामुदायिक शौचालय, रंगमंच, पीने का शुद्ध पानी, स्वच्छ और पचरी युक्त तालाब और उपस्वास्थ्य केंद्र भवन सहित पानी निकासी के लिए नालियां बन जाने से उन्हें मूलभूत सुविधाएं मिलेंगी। डॉ डहरिया ने कहा कि छत्तीसगढ़ की सरकार किसान हितैषी गांव, गरीब और मजदूरों की सरकार है।

अंतरर्राज्यीय गांजा तस्कर गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी के पण्डरी बस स्टैण्ड में पुलिस ने एक अंतरर्राज्यीय गांजा तस्कर को गिरफ्तार कर 10 किलों ग्राम मादक पदार्थ गांजा जब्त की है। मिली जानकारी के मुताबिक देवेन्द्र नगर थाना पुलिस को 12अक्टूबर को मुखबीर से सूचना मिली की एक व्यक्ति उम्र करीबन 34-35 वर्ष का गुलाबी रंग का फुल शर्ट व नीला रंग का जींस पैट पहना हुआ अपने पास लाल रंग के रेगजीन बैग में अवैध रूप से गांजा रखकर परिवहन करने के लिए बस में खड़ा है। जिसके बाद मौके पर पहुंचकर आरोपी के कब्जे से रेगजीन बैग के अंदर 10 पैकेटो में रखा कुल वजन 10 किलोग्राम गांजा भरा हुआ एवं कब्जे से एक नग मोबाईल जब्त की है। जब्त गांजा की कीमत 80 हजार रुपये आंकी गई है।

सूने घर का ताला तोड़कर नगदी व गहने चोरी

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर के आरंग थाना क्षेत्र एक सूने घर का ताला तोड़कर नगदी रुपये व चांदी के गहने चोरी कर लेने की रिपोर्ट थाने में दर्ज करायी गई है। मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम पारागांव आरंग निवासी नंदकुमार निषाद 39वर्ष ने थाने में शिकायत दर्ज करायी है कि प्रार्थी परिवार सहित घर में ताला लगाकर देवी दर्शन के लिए खल्लारी मंदिर गए थे। साहू का लड़का 10 वर्ष आगंन में खेल रहा था इस लिए मेन गेट खुला छोड़ दिया था। जब वापस आया तो घर में लगा ताला टुटा हुआ मिला। अंदर जाकर देखने पर आलमारी खुला मिला उसमें रखा चांदी का ऐठी व पायल 35 तोला एवं नगदी 5500 रुपये कुल 19500 रुपये नही था।

अनीता, श्यामबती, केदार ओर विवेक का काम पर जाना हुआ अब और आसान

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। नगरीय प्रशासन विकास एवं श्रम मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया ने रायपुर जिले के आरंग विकासखंड मुख्यालय में अपने जनसंपर्क भ्रमण के दौरान क्षेत्र के हितग्राहियों को बैटरीयुक्त ट्रायसायकल प्रदान किया। दिव्यांग हितग्राही मेहनत-मजदूरी करते हैं। अब इनको कार्य-स्थल पर जाना और आसान हो जायेगा। समाज कल्याण विभाग की कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण प्रदाय योजना के तहत मंत्री डॉ. डहरिया ने दिव्यांग अनिता बेल्दार पिता फागूलाल बेल्दार भण्डारपुरी, श्यामबती ध्रुव पिता फूलसिंह ध्रुव गुमा, अमेठी से केदार यादव पिता भगेलू यादव, अनिता चंद्राकर पिता कृष्णा चंद्राकर तथा विवेक पिता राज कुमार मिरी ग्राम डूमहा को ट्रायसायकल प्रदान किया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रशेखर चंद्राकर, कोमल सिंह साहू, भारती देवांगन, खिलेश देवांगन आदि की उपस्थिति रही।

नवरात्रि पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं
आकांक्षा टॉवर
दुर्ग रोड, बालोद
मो : 8511602087

नवरात्रि पर्व की की हार्दिक शुभकामनाएं...
अन्नपूर्णा पैलेस
रेस्टॉरेंट, रूम, मीटिंग हॉल एवं पार्टी लोन उपलब्ध है
परशुराम चौक, बालोद
प्रो. आशीष शर्मा
मो : 9479944440

नवरात्रि पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं
जमीन से प्रकट हुए गणेश भगवान सुख समृद्धि का देते वरदान
प्रत्येक बुधवार संध्या 7:30 बजे महाआरती की जाती है
स्थान : मरार पारा वार्ड नं. 08, बालोद
विनीत- मौर्या मंडल परिवार बालोद
9893777389, 9755136182

नवरात्रि पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं
विजय प्रिंटिंग प्रेस
मधु चौक, बालोद
प्रो. ओम जाजू
मो : 9425562347
8109446272

सतर्क रहें सुरक्षित रहें
कोरोना से सावधान रहें क्योंकि सावधानी ही बचाव है।
मास्क पहने
हाथ धोते रहें
SOCIAL DISTANCING
दूरी है जरूरी
कोरोना की सबसे बड़ी दवाई है सकारात्मकता
सहज रहें, सतर्क रहें
दैनिक नवप्रदेश
समाचार पत्र समूह द्वारा जनहित में जारी